


# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर,शुक्रवार 5 जुलाई 2024 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-098 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 6 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112





# मौत के कुएं में 5 का घुंटा दम

**जांजगीर, 5 जून।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा के बिर्रा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम किकिरदा में 5 लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। गांव के पुराने कुएं में जहरीली गैस की चपेट में आने से पांच लोगों की मौत की आशंका है। अभी तक डेडबॉडी कुएं के अंदर ही है। पुलिस प्रशासन की टीम गांव पहुंच गई है। कुएं के आसपास जमा हुए लोगों की भीड़ को पुलिस ने दूर हटाया। एसडीआरएफ के पहुंचने के बाद रेस्क्यू शुरू करने की बात बताई जा रही है। दर्दनाक घटना थाना बिर्रा क्षेत्र के किकिरदा गांव में हुई. जानकारी के मुताबिक गांव में एक पुराना कुआं है. जिसे काफी समय से उपयोग में नहीं लाया जा रहा था. गांव के ही लोगों ने पुरानी लकड़ियों का छप्पर बनाकर कुएं को ढक दिया था. बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में बारिश और तेज हवा चलने के कारण कुएं के ऊपर बना लकड़ी का छप्पर कुएं के अंदर गिर गया था. जिसे निकालने गांव का एक आदमी कुएं के अंदर गया, जो काफी देर तक वापस नहीं आया. इसके बाद एक एक कर 4 लोग और कुएं में उतरे और वापस बाहर नहीं आ सके. आशंका जताई जा रही है कि काफी दिनों से बंद रहने के कारण कुएं में जहरीली गैस निकलने लगी है, जिसकी चपेट में आने से 5 लोगों की मौत हो गई। गांव में हुई घटना की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दी गई. टीम गांव पहुंच चुकी हैं. कुएं के पास लगी भीड़ को दूर हटाया गया. बताया जा रहा है कि शवों को अब तक बाहर नहीं निकाला गया गया है. कुएं से लगातार जहरीली गैस निकल रही है।

### इनकी हुई मौत

जांजगीर चाँपा ज़िले के बिर्रा थाना अंतर्गत किकिरदा गाँव में सुबह हुए हादसे में जिन पाँच लोगों की मौत हुई है,उनमें रामचंद्र जायसवाल ( 60 वर्ष ),रमेश पटेल (50 वर्ष),जितेंद्र पटेल (25 वर्ष),राजेंद्र पटेल (20 वर्ष) और टिकेश्वर चंद्रा (25 वर्ष) शामिल है।

### एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत

हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हुई है। इनमें पिता और उसके दो पुत्र शामिल हैं। इनकी पहचान रमेश पटेल,राजेंद्र पटेल और जितेंद्र पटेल के रुप में की गई है।

### हादसे पर सीएम साय ने जताया शोक

जांजगीर चाँपा ज़िले के किकरदा गाँव में हुए हादसे पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शोक जताया है। सीएम साय ने कहा है -जांजगीर के ग्राम किकिरदा में कुएं में हुए हादसे से 5 ग्रामीणों की मौत की खबर अत्यंत ही दुःखद है।ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस असीम दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

## रेल मंत्री से डिप्टी सीएम साव -शर्मा ने रेल परियोजनाओं पर की चर्चा



**रायपुर,5 जुलाई।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा ने दिल्ली प्रवास के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने प्रदेश में चल रही रेल परियोजनाओं पर चर्चा की. वहीं उपमुख्यमंत्री साव और शर्मा ने रेल मंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया और राजकीय गमछा पहनाया. रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस मुलाकात की तस्वीर अपने एक्स पोस्ट पर शेयर की है. अश्विनी वैष्णव ने पोस्ट शेयर कर लिखा, छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा से मुलाकात की और प्रदेश में चल रही विभिन्न रेल परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की.

# हम सनातनी गाय को मानते हैं माता : साय

**रायपुर,5 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने गृह जिले जशपुर के दौरे पर रवाना हुए. सीएम साय बगिया में आयोजित राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में शामिल होंगे. रवानगी से पहले रायपुर पुलिस ग्राउंड में सीएम साय से पत्रकारों से बातचीत की. इस दौरान उन्होंने मुस्लिम समाज के गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने की मांग पर कहा कि हम सनातनी लोग हैं, गाय को माता मानते हैं. मुख्यमंत्री ने दौरे की जानकारी देते हुए कहा कि बगिया में शाला प्रवेशोत्सव 18 जून को होना था. लेकिन गर्मी ज्यादा थी इस वजह से इसे आगे बढ़ा दिया गया. प्रदेश में 26 जून से स्कूल का शुभारंभ हुआ है. आज जशपुर में शाला प्रवेश उत्सव है, कार्यक्रम में शामिल होने जशपुर के प्रभारी और वित्त मंत्री ओपी चौधरी और विधायक खुशवंत साहेब भी जा रहे हैं. रायपुर में गुरुवार को मुस्लिम महासभा सम्मेलन का आयोजन हुआ. जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से मुस्लिम समाज के वरिष्ठ लोग शामिल हुए. सम्मेलन में मुस्लिम समाज ने गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देने और केंद्र सरकार से सभी स्लाटर हाउस को बंद करने की मांग की.



## संक्षेप

### आरटीआई एक्टिविस्ट कुणाल शुक्ला को अरेस्ट करने पहुंची राजस्थान पुलिस

**रायपुर,5 जुलाई।** लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ टिप्पणी करना आरटीआइ एक्टिविस्ट और कांग्रेस नेता कुणाल शुक्ला को अब भारी पड़ गया है। बता दें कि आज सुबह अचानक राजस्थान से पुलिस रायपुर उनके निवास पहुंची। दरअसल राजस्थान में कोटा जिले के किशोरपुरा थाना पुलिस रायपुर पहुंची हुई है। आरटीआई एक्टिविस्ट और कांग्रेस नेता कुणाल शुक्ला के खिलाफ दर्ज एफआईआर के संबंध में पुलिस यहां पहुंची है। कुणाल शुक्ला के शैलेंद्र नगर स्थित आवास में लोकल पुलिस के साथ राजस्थान पुलिस भी मौजूद थी। पूरा मामला लोकसभा स्पीकर पर टिपण्णी से जुड़ा हुआ है। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के खिलाफ टिप्पणी करने के बाद कोटा के किशोरपुरा थाना में धारा 419,500,66(D),67 समेत 120B की धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। बताया जाता है कि पुलिस ने शुक्ला को नोटिस देकर एक सप्ताह के भीतर पेश होने को कहा है।

**लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ की थी टिप्पणी**

### दूषित पानी से एक ही गांव के 32 लोग बीमार

**कवर्धा,5जुलाई।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले के गोपालभावना गांव में ग्रामीण डायरिया का शिकार हो रहे हैं. गांव मे दूषित पानी पीने के चलते तेजी से मरीजों की संख्या बढ़ रही है. गांव के कुल 32 लोग डायरिया से संक्रमित हैं. लगातार आ रहे डायरिया की शिकायत को देखते हुए पीएचपी विभाग ने पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा है. स्वास्थ्य विभाग ने मरीजों के इलाज के लिए गोपालभावना गांव में ही स्वास्थ्य कैंप लगाया है. मरीजों को कैंप में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है, कुछ मरीजों को पिपरिया ष्टाष्ट में भर्ती कराया गया है. वहीं एक मरीज को जिला अस्पताल रिफर किया गया है. बता दें स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते गांव में पीने के लिए साफ पानी की समस्या है. ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर हैं. 2 महीने के अंतराल में अलग-अलग गांव में डायरिया (उल्टी दस्त) फैलने की यह चौथी घटना है.

### अनुभव शर्मा बने राज्यपाल के अवर सचिव

**रायपुर,5 जुलाई।** राज्य शासन द्वारा प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अनुभव शर्मा को राज्यपाल के अवर सचिव के पद पर पदस्थ किया गया। राज्य शासन द्वारा प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री अनुभव शर्मा को राज्यपाल के अवर सचिव के पद पर पदस्थ किया गया।

### मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख

**रायपुर,5 जुलाई।** जांजगीर-चांपा के बिर्रा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम किकिरदा में 5 लोगों की दम घुटने से हुई मौत के मामले में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मृतक के परिजनों को पांच - पांच लाख रुपए आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है।

### अमरनाथ यात्रा खत्म होते ही जम्मू-कश्मीर में हो सकते हैं चुनाव

**नई दिल्ली,5 जुलाई।** जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 30 की समाप्ति के बाद से ही लोगों को वहां विधानसभा चुनाव का इंतजार है। इसके साथ ही नई सरकार का इंतजार भी खत्म हो जाएगा। अब जो खबर सामने आ रही है उसके मुताबिक, अमरनाथ यात्रा 19 अगस्त को समाप्त हो रही है। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा के चुनाव कराए जा सकते हैं। सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बीजेपी नेताओं को चुनाव की तैयारी करने के निर्देश भी दिए हैं।

# अरुण साव की खट्टर से 20 हजार पीएम आवास पर चर्चा

रायपुर। दिल्ली दौरे से लौटे उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर से मुलाकात को लेकर कहा कि प्रदेश के विभिन्न योजनाओं के बारे में चर्चा हुई. 20 हजार प्रधानमंत्री आवास के डीपीआर पर बात हुई. स्वच्छता के साथ पेयजल आपूर्ति से संबंधित योजनाओं पर चर्चा हुई. मंत्री ने गंभीरता से बातों को सुनने के बाद अधिकारियों को निर्देशित किया है.

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने दिल्ली से लौटने के बाद मीडिया से चर्चा में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात का हवाला देते हुए कहा कि आजादी के बाद छत्तीसगढ़ में जैसी रेल कनेक्टिविटी होनी चाहिए, वैसी नहीं है. कई योजनाएँ तैयार हो रही हैं. जल्द ही रेल कनेक्टिविटी का छत्तीसगढ़ में विस्तार करेंगे. वहीं छत्तीसगढ़ में ट्रेनों का रद्द होने के सिलसिले पर कहा कि देश की तुलना में प्रदेश में रेल कनेक्टिविटी कम है. कई परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं, जिसके कारण व्यवधान आ रहे हैं. विकास का काम हो जाने पर लोगों को अच्छी सुविधा मिलेगी. धान संग्रहण केंद्रों में अनियमितताओं पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि उसका वेरिफिकेशन हो रहा है. परमीसिबल लिमिट से अधिक शॉर्टेज पाया गया तो प्रशासन कार्रवाई करेगा.

### सुनक ने स्वीकार कर ली हार

**लंदन,5 जुलाई।** ब्रिटेन के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक ने लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर से हार स्वीकार कर ली। कंजर्वेटिव चुनाव में ऐतिहासिक हार की ओर बढ़ रहे थे। स्टार्मर ब्रिटेन के अगले प्रधानमंत्री बनने की राह पर हैं। रुझानों से पता चला है कि लेबर पार्टी हाउस ऑफ कॉमन्स में बहुमत का आंकड़ा पार कर रही है। ऋषि सुनक ने कहा कि ब्रिटिश लोगों ने एक ÷गंभीर फैसला÷ सुनाया है और सीखने और विचार करने के लिए बहुत कुछ है। ब्रिटेन के पहले अश्वेत प्रधानमंत्री सुनक ने कहा कि ब्रिटिश लोगों ने आज रात एक गंभीर फैसला सुनाया है और मैं नुकसान की जिम्मेदारी लेता हूं। उन्होंने आगे कहा कि लेबर पार्टी ने यह आम चुनाव जीता है.

# चौथी मंजिल से कूदे सटोरिया सुजीत साव की मौत



**भिलाई, 5 जुलाई।** हैदराबाद में दुर्ग पुलिस की छापामार कार्रवाई के दौरान एक अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से कूदने वाले ऑनलाइन सट्टा चलाने का आरोपी युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। दुर्ग पुलिस की टीम ने बीते 28 जून को हैदराबाद के सोई ऐमू रेसीडेंसी गोलीडोडी के मकान नंबर 303 में छापामार कार्रवाई कर आनलाइन सट्टा एप लोटस का पैनल पकड़ा था। पुलिस - को देखकर सट्टा खेलाने वाला एक युवक सुजीत साव निवासी कैंप-एक ने अपार्टमेंट की चौथी मंजिल से छलांग लगा दी थी। घायल अवस्था में इसके बाद उसे हैदराबाद के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां गुरुवार की संध्या उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रूआबांधा निवासी विनय यादव उर्फ सुपर स्टार को आनलाइन सट्टा खेलाते गिरफ्तार किया था। उसकी जानकारी पर हैदराबाद में कार्रवाई की गई थी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि बिगत दोनों हैदराबाद में रेड के दौरान एक युवक चार मंजिला इमारत से गिर गया था घटना के बाद से उसका इलाज चल रहा था इलाज के दौरान उसके मौत होने की जानकारी मिली है।

### पर्यावास भवन की चौथी मंजिल से कूदकर कर्मचारी ने की खुदकुशी

**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित सरकारी भवन के चौथे माले से युवक ने छलांग लगाकर खुदकुशी कर ली है। मृतक युवक की शिनाख्त नरेश साहू (35) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है जो उसी कार्यालय में पर्यावास भवन के अकाउंट शाखा में पदस्थ था। राखी पुलिस थाना इलाके का पूरा मामला है। नवा रायपुर स्थित पर्यावास भवन के चौथे मंजिल से युवक ने कूदकर आत्महत्या कर ली है। इस घटना के बाद पर्यावास भवन परिसर में हड़कंप मच गया। घटना के बाद तत्काल राखी थाना की पुलिस घटना स्थल पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि युवक के आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। इस मामले में दफ्तर के साथ परिजनों से पुलिस पूछताछ कर रही है।।



# हिस्ट्रीशीटर के ढाबे पर चला बुलडोजर

■ तरुण छत्तीसगढ़

**भिलाई,5 जुलाई।** नेवई थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर पिंकी राय उर्फ विजेन्द्र राय के अवैध ढाबे को आज बुलडोजर चलवाकर नेस्तनाबूद कर दिया गया। दुर्ग से उतई रोड पर मरोदा में बीएसपी की लगभग 10 हजार वर्ग फीट जमीन पर पिंकी राय का अवैध कब्जा था। इस कब्जे वाली जमीन पर छत्तीसगढ़ फैमिली ढाबा का संचालन किया जा रहा था। मारपीट और अपहरण के मामले में जेल में बंद पिंकी राय पर 25 से भी ज्यादा अपराध कायम है ग्लोब चौक पर पिछले दिनों हुए गोली कांड के बाद बीएसपी प्रवर्तन विभाग की आक्रामकता देखते बन रही है इसका ताजा उदाहरण आज फिर एक बार देखने को मिला है। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में बीएसपी प्रवर्तन विभाग की टीम ने आज उतई रोड पर मरोदा में स्थित छत्तीसगढ़ फैमिली ढाबा पर बुलडोजर चलवा दिया। इस ढाबे का संचालन बीएसपी की जमीन पर अवैध निर्माण कर हिस्ट्रीशीटर पिंकी राय उर्फ विजेन्द्र राय के द्वारा किया जा रहा था। इस वक्त पिंकी राय जेल में बंद है। उसके खिलाफ नेवई सहित अलग-अलग थानों में हत्या का प्रयास, बलवा, मारपीट जैसे 25 से भी ज्यादा अपराध कायम है यहां पर यह बताना लाजिमी होगा कि जुलाई 2021 को हिस्ट्रीशीटर पिंकी राय की कार पर दूसरे प्रतिद्वंद्वी गैंग ने मरोदा टंकी क्षेत्र में गोली चला दी थी। वहीं 23 मई 2024 को विपिन सिरसाम का नगर निगम रिसाली के तामेश दुकान के पास रात 10 बजे अपहरण किया। पहले उससे मारपीट की और उसके बाद पिंकी राय, शैलेष निर्मलकर एवं ओम चौधरी ने अपनी नीले रंग की एक्सयुवी 700 कार में बैठाकर अपनी दुकान राय ट्रेडर्स आफिस में ले गए। दुकान का शटर बंद कर तीनों ने विपिन के साथ मारपीट की। इस मामले में प्रार्थी की रिपोर्ट पर उपरोक्त धारा



# सुप्रीम कोर्ट ने योगी सरकार को लगाई फटकार

**नई दिल्ली,5 जुलाई।** यौन उत्पीड़न के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने योगी सरकार को फटकार लगाई है। उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाते हुए और तल्ख टिप्पणी करते हुए सुप्रीम न्यायाधीश ने कहा कि हमारा आदेश मनोरंजन के लिए नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी यौन उत्पीड़न की नाबालिग पीड़िता के बयान दर्ज करने के अपने आदेश का पालन नहीं करने के संबंध में सुनवाई के दौरान कही। अभियोजन के अनुसार, आरोपित के विरुद्ध 19 सितंबर, 2023 को मामला दर्ज किया गया था। इससे पहले शीर्ष अदालत ने इस तथ्य पर संज्ञान लेते हुए पीड़िता के 30 जून तक बयान दर्ज करने का आदेश दिया था कि मामले के कई गवाहों की गवाही नहीं हुई है। आरोपित ने दावा किया था कि मामले में किसी भी महत्वपूर्ण गवाह की गवाही नहीं की गई और उसने जमानत की मांग की थी। जस्टिस सुधांशु धूलिया एवं जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की अवकाशकालीन पीठ यौन अपराधों से बच्चों को संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के एक मामले की सुनवाई कर रही थी। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता गरिमा प्रसाद से जस्टिस अमानुल्लाह ने कहा, 'हमारा आदेश अनिवार्य था, इसका अक्षरशः पालन किया जाना था। हम सिर्फ मनोरंजन के लिए आदेश पारित नहीं कर रहे हैं।' शीर्ष अदालत एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के आरोपित की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रही थी। चिंतित पीठ ने कहा, 'हम दिन-प्रतिदिन ऐसा होते देख रहे हैं.. हर राज्य का वकील हमारे आदेशों को लापरवाह तरीके से ले रहा है। यदि यह एक सप्ताह में नहीं किया गया, तो हम आपके गृह सचिव को यहां बुलाएंगे। इन चीजों को होने देने के लिए हम दोषी हैं.. गलती हमारी ओर से है। संदेश (बाहर) जाना चाहिए।'शुरुआत में प्रसाद ने यह कहते हुए स्थगन की मांग की कि पीड़िता के साक्ष्य दर्ज नहीं किए जा सके क्योंकि ट्रायल कोर्ट में शोकसभा थी। पीठ ने कहा कि राज्य की वकील का रुख बेहद लापरवाह है। चूंकि यह अनिवार्य आदेश था, लिहाजा अभियोजन को समय विस्तार के लिए याचिका दाखिल करनी चाहिए।

## टी-20 विश्व कप क्रिकेट विजेता टीम की भव्य विजय रैली

jasclaudius@gmail.com

# हार्दिक स्वागत है, भारतीयों के दिल पर राज करने वालों का

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

भारतीय क्रिकेट टीम के कोच राहुल द्रविड और कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई में संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में संयुक्त रूप से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के तत्वावधान में आयोजित 9वें टी-20 विश्वकप क्रिकेट स्पर्धा की चैंपियनशिप जीत ली। इससे पहले फिर सुपर 8 फिर नाकआउट स्तर की,सेमीफायनल व फायनल मुकाबले में भारतीय क्रिकेट सितारों ने आपसी सामंजस्य और टीम वर्क का बेजोड़ प्रदर्शन करते हुए 2007 के बाद दूसरी बार विश्व विजेता बनने का अवसर पाया। टी-20 विश्वकप चैंपियनशिप में 17 वर्षों के अंतराल के पश्चात मिली सफलता से भारतवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। देश की जनता अपने जाबाज खिलाड़ियों के देश लौटने का बेसब्री से इंतजार कर रही थी। ताकि उनका दिल से स्वागत किया जा सके। आखिरकार वह दिन भी गुरुवार चार जुलाई को आया जब चक्रवाती तूफान की वजह से बारबाडोस में लगे लाकडाउन में चार दिन तक फंसे हुए विजेता टीम का दिल्ली पहुंचने पर सबसे पहले भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने निवास पर स्वागत और विश्व विजेता बनने पर बधाई दी। इसके पश्चात भारतीय टीम के खिलाड़ी मुंबई पहुंचे वहां पर मुंबई की जनता ने उनका अत्यंत भव्य स्वागत किया। लाखों की संख्या में खेलप्रेमी,क्रिकेट खिलाड़ियों के इस विलक्षण सफलता पर जश्न मनाने मुंबई के मेरीन ड्राइव का रुख किया। वहां का माहौल देखकर सचमुच भारत की जनता का दिल खुशी से झूम उठा। मरीन ड्राइव में उमड़ी भीड़ का दृश्य टेलीविजन के माध्यम से देखने पर ऐसा लग रहा था मानों समुद्र खुद अपना बाहें फैलाये क्रिकेट के इन उस्तादों से मिलने उनके वाहन तक चला आया है। यह दृश्य देखकर शायद कुछ लोगों के मन में यह प्रश्न उठ सकता है कि क्रिकेट के खिलाड़ियों का स्वागत ऐसा क्यों हो रहा है अन्य खेलों के बाकी खिलाड़ियों का क्यों नहीं होता? दरअसल कुछ लोग आज भी क्रिकेट को दुनिया के 10-12 देशों में खेले जाने वाला खेल मानते हैं लेकिन ऐसा नहीं है। क्रिकेट के तीन प्रारूप हैं उसमें से क्रमशः एक पांच दिवसीय टेस्ट मैच, दूसरा सीमित ओवर का एक दिवसीय मैच जबकि तीसरा टी-20 याने 20-20 ओवर वाला क्रिकेट मुकाबला। हम आपको बतला दें कि अधिकृत रूप से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद द्वारा टेस्ट खेलने के लिए संसार के 12 देशों को मान्यता प्राप्त है जिसमें भारत की वरीयता दूसरी है। इसी प्रकार एक दिवसीय स्पर्धा के लिए दुनिया के 20 देशों को मान्यता दी गई है जिसमें भारत को पहली वरीयता मिली हुई है। तीसरे प्रारूप टी-20 के लिए आईसीसी द्वारा 89 देशों को मान्यता दी गई है जिसमें भारत की वरीयता एक नंबर है। आज की परिस्थिति में किसी अन्य खेल में हमारे देश की उपलब्धि इस तरह नहीं है। लेकिन हमें यह भी ध्यान रखना होगा जब हमारे किसी अन्य खेल के खिलाड़ी विश्व स्तर पर किसी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक से कांस्य पदक तक जीतते हैं तो उनका भी सम्मान होता है। 1975 में विश्वकप विजेता हाकी टीम जब भारत लौटी तब उनका सम्मान उस समय के परंपरा अनुसार शानदार ढंग से किया गया। हॉकी टीम को भारत के विभिन्न शहरों में ले जाया गया था। आज मीडिया मेनेजमेंट का जमाना है इस दृष्टि से क्रिकेट को या उसके खिलाड़ियों को किस तरह लोकप्रिय करना है इसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से अच्छा अन्य किसी भी खेल की संस्था नहीं जानती है। ओलंपिक खेलों में भारत की तरफ से अब तक सिर्फ दो खिलाड़ियों निशानेबाजी में अभिनव बिंद्रा तथा भालाफेंक में नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण पदक जीता है। शतरंज में विश्वनाथन आनंद पांच बार विश्व चैंपियन बने लेकिन उनको सिर्फ उनके ही क्षेत्र में सम्मानित किया गया। अतः इस बात का ध्यान रखना भी जरूरी है कि कौन से खेल ने लोगों के दिलों जगह बनाई है इसमें क्रिकेट का नाम सर्वोपरि है। क्रिकेट आज भारत के युवाओं के दिल की धड़कन है। इस खेल में पुरुषों के साथ महिलाएं भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है इसलिए पहले विश्व चैंपियन बनिए फिर स्वागत के लिए तैयार रहिए



# ग्रामीणों ने की पुल निर्माण की मांग,किया चक्काजाम

■ तरुण छत्तीसगढ़

**गरियाबंद,5 जुलाई।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के मैनपुर मुख्यालय से मैनपुर कला पंडरीपनी जाने वाले मुख्य मार्ग पर आज फिर सुबह ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया. 90 के दशक में परियोजना मद से बनाया गया छोटा पुल 7 साल पहले टूट गया था. इसके बाद से ग्रामीण हर साल यहां पुल निर्माण के लिए सड़क जाम कर पुल निर्माण की मांग उठाते आ रहे हैं. बता दें, ग्रामीणों ने पहले से ही आज होने वाले आंदोलन को लेकर चेतावनी दी थी. आज सुबह 9 बजे से जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम के नेतृत्व में 500 से ज्यादा ग्रामीणों ने नेशनल हाइवे को जाम कर दिया था. जाम के कारण हाइवे में दोनों तरफ घंटों गाड़ियों की आवाजाही बाधित रही. सूचना के बाद मौके पर एसडीएम,एसडीओपी के अलवा पीडब्लूडी सेतु विभाग के एसडीओ एस के पंडोले मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाइश देकर रास्ता खुलवाया.एसडीओ ने बताया कि इस स्थान पर 100 मीटर लंबे हाई लेबल पुल के लिए 2024 में रुपए की मंजूरी मिल गई है. कागजी कार्रवाई जारी है. टेंडर की प्रक्रिया पूरी होते ही काम शुरू कर दिया जायेगा. वहीं अफसरों के इस आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने आंदोलन समाप्त किया और वापिस रास्ता खुला.



## एक नजर

### चाकू से जानलेवा हमला

**भिलाई, 5 जुलाई।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र अपनी गर्लफ्रेंड के साथ घूमने निकले एक युवक ने रात को कुरुद के प्रापर्टी डीलर पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया इसका कारण ये था कि पीड़ित के कार से सड़क पर पड़ा बारिश का पानी छिटककर आरोपित व उसकी -गर्लफ्रेंड पर पड़ गया था इसी बात से नाराज होकर आरोपित ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया पीड़ित ने अपने बचाव में चीख पुकार मचाई तो वहां खड़े एक 15 साल के बच्चे ने आरोपित पर पत्थर बरसाना शुरू कर दिया इसके बाद आरोपित गर्लफ्रेंड को लेकर वहां से फरार हो गया पीड़ित व्यक्ति को उसके परिवार वालों ने अस्पताल में भर्ती कराया है जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है शिकायत पर जामुल पुलिस ने आरोपित के खिलाफ हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्राथमिकी की है ग्राम कुरुद निवासी किशोर सहारे (29) प्रापर्टी डीलिंग का काम करता है। वह बुधवार की रात को करीब 10 बजे घर जाने के पहले कुरुद बाजार गया था वहां से लौटते समय उसकी कार से सड़क का पानी छिटककर स्कूटी सवार आरोपित सेवा सिंह और उसकी गर्लफ्रेंड पर पड़ गया इसी बात से नाराज होकर आरोपित ने पीड़ित की कार का पीछा किया और कार रुकवाकर उसे नीचे उतरवाया इसके बाद उस पर चाकू से हमला शुरू कर दिया पीड़ित के भाई योगेश सहारे की शिकायत दर्ज कराई है

### एटीएम कार्ड बदलकर पैसे निकले

**भिलाई,5 जुलाई।** भिलाई एक शातिर ने पदुम नगर भिलाई-तीन निवासी सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मी का एटीएम कार्ड बदलकर उसके खाते से एक लाख 12 हजार 800 रुपये निकाल लिए पीड़ित दो जुलाई को रुपये निकालने के लिए पुलिस पेट्रोल पंप के पास भिलाई- तीन स्थित एसबीआइ के एटीएम गया था वहां पर आरोपित ने मदद करने के बहाने से कार्ड बदलकर इस घटना को अंजाम दिया शिकायत पर पुरानी भिलाई पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ चोरी की धारा के तहत प्राथमिकी कर उसकी पतासाजी शुरू की है पीड़ित आत्माराम (68 साल ) दो जुलाई को रुपये निकालने के लिए एटीएम गया था। वहां पर उसने रुपये निकालने की प्रक्रिया की, लेकिन एटीएम से रुपये नहीं निकले इसी दौरान उसके पीछे एक व्यक्ति खड़ा था उसने कहा कि एटीएम का चिप साफ करनाँ पड़ेगा आरोपित ने एटीएम का चिप साफ करने के बहाने से कार्ड लिया और उसके स्थान पर दूसरा कार्ड दे दिया दोबारा प्रयास करने पर भी जब रुपये नहीं निकले तो आरोपित ने कहा कि एटीएम का साफ्टवेयर अभी काम नहीं कर रहा है। इसके बाद आरोपित वहां से चला गया और पीड़ित भी अपने घर लौट आया। उसके घर लौटने के बाद पीड़ित के मोबाइल पर मैसेज आया कि अज्ञात व्यक्ति ने अलग-अलग एटीएम का इस्तेमाल कर उसके खाते से एक लाख 12 हजार 800 रुपये निकाल लिए हैं।

### करंट महिला की मौत

**भिलाई, 5 जुलाई।** भिलाई करंट लगने से एक महिला की मौत हो गई दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है पुलिस ने बताया कि मृतका की पहचान ग्राम बघेरा निवासी गायत्री बाई निषाद (41 साल ) के रूप में की गई है वह अपने घर के पीछे की बाड़ी में गई थी बाड़ी में बोर का तार बिछा हुआ था तार कटा हुआ था और महिला का पैर उस पर पड़ गया काफी देर बाद भी उसके वापस न लौटने पर परिवार वालों ने जाकर देखा तो महिला बाड़ी में बेसुध पड़ी हुई थी परिवार वालों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया ।

### युवक को पर हमला करने वाले गिरफ्तार



**भिलाई, 5 जुलाई।** भिलाई सुपेला थाना अंतर्गत एक युवक पर प्राणघातक हमला करने वाले आरोपी को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है पुलिस मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है सुपेला पुलिस ने बताया कि मोहित वैद्य निवासी कोसानाला सुपेला ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि शाम 6 बजे पड़ोस का रहने वाला बबलू निषाद पुरानी बातों को लेकर गाली- गलौज करने पर हत्या करने की नीयत से हाथ में रखे धारदार चाकू से गले के पास कर मारा इससे प्रार्थी द्वारा पीछे हटने पर बांये हाथ के हथेली एवं अंगुली में काफी चोट लगी है आरोपी प्रार्थी को घायल कर मौके से फरार हो गया प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया इसी दौरान मुखबीर की इस सूचना पर कि बबलू निषाद सुपेला मैं घूम रहा है। उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया।

### रिसाली में नहीं खुलेगा आज नल

**रिसाली।** नगर पालिक निगम के 34 वार्डो में शुक्रवार को जल आपूर्ति बाधित रहेगी। जल कार्य विभाग के सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता ने बताया कि भिलाई निगम के फिल्टर प्लांट में लगे इलेक्ट्रिक पैनल में खराबी आ गई है।इस वजह से शुक्रवार की सुबह नेवई, रूआबांधा, रिसाली, मरोदा की ओवर हेड टैंक से होने वाली पानी की सप्लाई बाधित रहेगी। निगम आवश्यकता अनुसार टैंकर से नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराएगा।

### रायगढ़ लाईवलीहुड कॉलेज में विभिन्न कोर्स में निःशुल्क गैर आवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ

**रायगढ़, 5 जुलाई।** प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रायगढ़ जिले के शासकीय प्रशिक्षण केन्द्र लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण में इलेक्ट्रिशियन (10वीं), सिलाई मशीन (5वी), प्लंबर (5वीं), इलेक्ट्रिशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन(8वीं) एवं रिटेल सेल्स एसोसिएट (10वीं) कोर्स में निःशुल्क गैर अवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं, जिसमें बचे हुए सीटों की पूर्ति के लिए प्रवेश लिया जा रहा है। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण उपरांत सफल प्रशिणार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

# एक पेड़ मां के नाम ते तहत खेमिन खेमलाल साहू ने स्वामी आत्मानंद स्कूल सेलूद में मौलश्री के पौधे लगाए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 5 जुलाई।** ग्राम पंचायत सेलूद के सरपंच श्रीमति खेमिन साहू और भाजपा मध्यमण्डल पाटन के अध्यक्ष खेमलाल साहू ने अपने अपने माँ के नाम पर पौधा रोपण किया । शासन के मंशा के अनुरूप हर व्यक्ति को अपने माँ के नाम से एक पेड़ जरूर लगाएं इस बात को ध्यान रखते हुए पौधा रोपण किया गया । देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का शुभारंभ किया। श्री मोदी ने दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में एक पीपल का पेड़ लगाया।उन्होंने सभी देशवासियों से हमारे ग्रह को बेहतर बनाने में योगदान देने का भी अनुरोध किया है और कहा कि पिछले दशक में भारत ने कई सामूहिक प्रयास किए हैं, जिनसे पूरे देश के वन क्षेत्र में वृद्धि हुई है। मोदी ने कहा कि सतत विकास की दिशा में हमारे प्रयासों के लिए यह बहुत अच्छा है।पौधा रोपण के समय इस बात की भी चिंता प्रगट किया कि क्षेत्र में जितना पेड़ लगाए नही जा रहे उससे कही ज्यादा पेड़ों की अंधाधुंध कटाई हो रही है जिसके कारण प्रकृति का संतुलन भी बिगड़ रहा है । पेड़ कटाई पर अंकुश लगाने के लिए सामूहिक



प्रयास होना चाहिए । क्योकि हर प्राणी को ऑक्सीजन की आवश्यकता है । लेकिन पेड़ कटाई की वजह से जलवायु में भी परिवर्तन दिखाई दे रहा है । शासन ने अभियान चलाया है कि अपने माँ के नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं और उस पेड़ की रक्षा सुरक्षा स्वयं करे और हम वचन करे कि अपने द्वारा पेड़ो की कटाई नही करेंगे । तभी अपनी मां और मातृभूमि की सच्ची सेवा कर पाएगे । पर्यावरण मित्र श्री बालू राम वर्मा के सौजन्य से प्राप्त मौलश्री के छायादार वृक्ष को एक वृक्ष माता के नाम पर सेलुद के स्वामी आत्मानंद शाला में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर श्रीमति खेमिन साहू सरपंच सेलूद, खेमलाल साहू पूर्व सरपंच, नरेंद्र देशकर प्रचार्य स्वामी आत्मानंद, शकीला देवदास, अशोक सिन्हा, एन पी साहू, हुपेंद्र साहू व राहुल साहू सचिव द्वय सेलूद पंचायत सहित स्वामी आत्मानंद शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सेलूद के बच्चे उपस्थित रहे ।

## पर्यावरण बचाने माध्य. शाला पांगरी में पौधे लगाए गए



**उतई, 5 जुलाई।** पांगरी मां के नाम एक पेड़ उत्सव के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पांगरी में पर्यावरण संरक्षण हेतु संस्था प्रमुख प्रधान पाठक श्री युवराज सिंह साहू के आह्वान पर शाला परिवार की ओर से शाला परिसर बाउंड्री वॉल के अंदर भाग में आंवला, करौंदा,नीम,करन, कटहल जैसे फलदार, छायादार पेड़ लगाकर पर्यावरण सुधार हेतु महत्त्वपूर्ण कार्य में भाग लेकर अपनी महती भूमिका सब ने मिलकर निभाई है साथ ही लगाये गए पेड़ों के देख भाल करने संरक्षण एवं सुरक्षा व्यवस्था में कड़ी निगरानी रखने हेतु संस्था के समस्त शिक्षक बालक पालक आदि ने मिलकर संकल्प लिया। प्रधान पाठक ने कहा पर्यावरण सुरक्षित है तो मानव मात्र ही नही संसार के समस्त प्राणी सुखी एवं सुरक्षित रहेंगे।उक्त कार्य में शाला के संस्था प्रमुख प्रधान पाठक युवराज सिंह साहू, शिक्षक घनश्याम साहू शिक्षिका - सुप्रिया चंद्राकर, दिनेश यादव, सावित्रीबाई मोर्य, कुलेश्वरी निषाद, पालक,शाला के सभी बच्चे उपस्थित रहे।

## भारत-सोवियत मैत्री स्तंभ चौराहे का किया जा रहा उन्नयन

**भिलाई, 5 जुलाई ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मेन गेट के सामने चौराहे, जिसमें भारत और सोवियत संघ की मित्रता और सहयोग के स्मारक-स्तंभ स्थापित है का सौंदर्यीकरण एवं चौराहे का उन्नयन बीएसपी प्रबंधन द्वारा किया जा रहा है। इस चौराहे के घेरे को सभी तरफ से 1.5 मीटर घटाई जायेगी, इससे आवागमन सुगम होने के साथ-साथ दुर्घटना की आशंकाएं भी न्यूनतम हो जायेगी। इस स्मारक-स्तंभ के चारों तरफ चौराहे की चौड़ाई को कुल 3 मीटर कम की जायेगी। संयंत्र के मुख्य गेट के सामने होने के कारण इसका अनुरक्षण और सौंदर्यीकरण किया जाना प्रस्तावित था, जिसका कार्य प्रारंभ हो चुका है। इस स्मारक-स्तंभ के चारों तरफ लगे लोहे की रेलिंग को हटाया जायेगा और फूलों की लगी क्यारियों का भी सौंदर्यीकरण किया जायेगा। इनकी सुंदरता बढ़ाने के लिए आवश्यक रंग-रोगन किया जायेगा। इस कायाकल्प के अंतर्गत सड़क सुरक्षा हेतु चौराहे के आसपास की डैमेज हो चुकी सड़कों की मरम्मत और रिकारपेटिंग के कार्य किया जायेगा। इसके चारों ओर फेन्सिंग के अंदर आकर्षक पौधे रोपे जायेंगे एवं फूलों की क्यारियों को भी सजाया जायेगा। इस कायाकल्प से इसे और भी आकर्षक स्वरूप दिया जा रहा है। भिलाई इस्पात संयंत्र, इस्पात नगरी के सौंदर्यीकरण के लिए इन दिनों कई परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है। इन परियोजनाओं के तहत, सड़कों की मरम्मत एवं चौकों के



जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र शहर के सौंदर्यीकरण और अपनी टाउनशिप को साफ, स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए निरन्तर प्रयास करता रहता है। वैसे तो भिलाई स्वयं अपने आप में भारत- सोवियत संघ की मित्रता का प्रतीक है लेकिन यहां कई ऐसे स्मारक हैं, जिन्हें दोनों देशों की दोस्ती की यादगार के तौर पर बनाया गया था। ऐसे स्मारकों में सबसे पहले और एकमात्र प्रतीक स्तंभ (ओबेलिस्क) की आधारशिला 26 फरवरी 1961 को भिलाई दौरे पर आए सोवियत संघ मंत्रिपरिषद के उपाध्यक्ष श्री अलेक्सेई निकोलाई कोसिजिन ने रखी थी। कोसिजिन ने भिलाई इस्पात संयंत्र के मेनगेट के सामने, भारत-रूस मैत्री के प्रतीक स्तंभ (ओबेलिस्क) की आधारशिला रखी थी। इस दौरान, सोवियत संघ के विदेश आर्थिक मामलों की समिति के अध्यक्ष एस ए स्कचकोव, भारत में सोवियत संघ के राजदूत एस दत्त, भिलाई इस्पात संयंत्र के चीफ इंजीनियर पुरतेज सिंह और एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ताराचंद हेमचंद वाच्छानी सहित कई प्रमुख लोग मौजूद थे। यह स्मारक साल भर में बन कर तैयार हुआ और इसका लोकार्पण 23 फरवरी 1962 को भारत में सोवियत संघ के राजदूत इवान अलेक्सांद्रोविच बेनेडिक्टोव ने किया था। इस अवसर को रेखांकित करते हुए बेनेडिक्टोव ने भारत-सोवियत मैत्री के 10 साल पूर्ण होने के अवसर पर प्रकाशित, स्मारिका में अपने संदेश में कहा 'भारतीय और सोवियत संघ की जनता का जीवंत प्रतीक है भिलाई। मुझे भिलाई में भारत-रूस मैत्री के प्रतीक स्तंभ (ओबेलिस्क) का लोकार्पण करते हुए बेहद गर्व का अनुभव हुआ'। स्तंभ के एक तरफ सोवियत संघ के तत्कालीन प्रधानमंत्री खुश्चेव की पंक्ति उद्धृत है 'भारत-रूस की मैत्री भिलाई के इस्पात की तरह मजबूत हो'। तो दूसरी तरफ तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पंक्ति उद्धृत है 'भिलाई भारत के भविष्य का शुभ सकून व प्रतीक है'। यह स्मारक-स्तंभ रूस और भारत के बीच इस्पात उद्योग के निर्माण कार्य में आर्थिक और तकनीकी सहयोग का प्रतीक है। भिलाई में यह स्मारक-स्तंभ, भारत और सोवियत संघ के लोगों के बीच लंबे समय से चली आ रही मित्रता के मजबूत कदम और दो देशों के संयुक्त प्रयासों का सूचक है। आज इसी मित्रता और सौहार्दपूर्ण सहयोग की वजह से भिलाई इस्पात संयंत्र न केवल भारत का बल्कि पूरे एशिया का सबसे बड़ा इस्पात संयंत्र बन चुका है। यूएसएसआर (पूर्व सोवियत संघ) के सहयोग से भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना हेतु 1955 में एग्रीमेंट साइन किया गया था। इस्पात संयंत्र के लिए भिलाई को चुनने का मुख्य कारण स्टील निर्माण के लिए लगने वाले रॉ मटेरियल्स का आस-पास के क्षेत्रों में आसानी से मिलना था। भिलाई, एक छोटा सा गाँव, जिसे जिले की सीमा से परे शायद ही कोई जानता रहा हो, 14 मार्च, 1956 को अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य पर उभर कर आया, जब इसे अंततः एक एकीकृत लौह और इस्पात संयंत्र के लिए स्थल के रूप में चुना गया। अपनी तकनीकी और वित्तीय सहायता से यह भिलाई देश में आज पहले स्थान पर स्थापित हो चुका है और अपने नित नए कीर्तिमान से देश के विकास में सहायक है।

## गरीब नि :शक्त बच्चों को प्रधान पाठक ने दिये कापी पेन बस्ता बेग



**उतई, 5 जुलाई।** ग्राम पांगरी -1जुलाई 2024को शिक्षा का नया सत्र प्रारंभ होते ही शाला के बच्चों को पढ़ाई लिखाई के क्षेत्र में किसी भी तरह से गरीबी के कारण कठिनाइयों का सामना न करना पड़े इन बातों को ध्यान में रखकर संस्था प्रमुख प्रधान पाठक श्री युवराज सिंह साहू ने अपने स्वयं के वेतन से पढ़ाई लिखाई से संबंधित सामग्री कापी,पेन, बस्ता बेग आदि खरीद कर गरीब नि- सशक्त बच्चों को बांटे।ताकि शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण पहलूओं पर गरीबी को कोई कारण मानते हुए रिस्क लेने पर मजबूर होकर पालक द्वारा किसी भी प्रकार से समझौता न करें। बच्चों को पढ़ाई लिखाई के उपयोगी सामग्री उपलब्ध नहीं होने से उनके सर्वांगीण विकास शिक्षा गुणवत्ता में गहरा असर हो सकता है ऐसा अवसर भविष्य में कभी न आए। पालक द्वारा शिक्षकों के ऐसे कार्यों की सराहना की गई।उक्त अवसर पर संस्था प्रमुख प्रधान पाठक श्री युवराज सिंह साहू, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री अवधेश यादव जी, उपाध्यक्ष श्री चुरामणी नागेश जी शिक्षक घनश्याम साहू, शिक्षिका -सुप्रिया चंद्राकर दिनेश यादव सावित्रीबाई मोर्य कुलेश्वरी निषाद पालक शाला के बच्चे उपस्थित रहे।

## विधानसभा स्तरीय मतदाता अभिनंदन सम्मेलन का आयोजन 6 को

**जामुल।** अहिवारा विधानसभा स्तरीय मतदाता अभिनंदन सम्मेलन का आयोजन 6 जुलाई शनिवार को सामुदायिक भवन चरौदा में आयोजित किया गया है। मतदाताओं के अभिनंदन के लिए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल, दुर्ग लोकसभा प्रभारी चंदूलाल साहू, दुर्ग लोकसभा सह प्रभारी राजीव अग्रवाल, विधायक अहिवारा डोमनलाल कोर्सेवाड़ा , दुर्ग लोकसभा संयोजक अवधेश चंदेल, सहसंयोजक प्रीतपाल बेलचंदन, भाजपा दुर्ग जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, भाजपा भिलाई जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, अहिवारा विधानसभा प्रभारी रामकुमार साहू, अहिवारा विधानसभा संयोजक रविशंकर सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित होंगे। उक्त अवसर पर विधानसभा स्तर के समस्त पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त जानकारी अहिवारा विधानसभा के सहसंयोजक रेखराम बंछोर ने दी।

## जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र के कार्मिक कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित



**भिलाई, 5 जुलाई ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सेक्टर-9 में विगत दिनों कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्मिकों को कार्यस्थल पर उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्रमशः श्रीमती राजेश्वरी, डिप्टी नर्सिंग सुपरिटेन्डेन्ट, बर्न एंव प्लास्टिक विभाग जे.मूर्ति, स्टाफ नर्स (सुपरवाईजर) केज्वलटी श्रीमती एम.विजया राज एवं मास्टर ओ.सी.टी, मेन्टेन्स एंव सर्विसेस विभाग मोहिंदर कुमार को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेन्द्र ठाकुर, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मीनाक्षी दवे, महाप्रबंधक शाहिद अहमद, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिरुद्ध मेने, उप प्रबंधक सुश्री शैला, उप प्रबंधक एस.अब्राहम, महाप्रबंधक सुश्री आर. रंजनी, एवं कनिष्ठ अधिकारी सुश्री शिबा थॉमस एवं एच-आर विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर राजहरा में विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन

**भिलाई, 5 जुलाई ।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर 1 जुलाई को भिलाई इस्पात संयंत्र के लौह अयस्क समूह के राजहरा माइंस हॉस्पिटल में विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संयंत्र के मुख्य चिकित्सालय पं जवाहरलाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र सेक्टर 9 के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेंद्र ठाकुर के नेतृत्व में अस्पताल के 10 विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने लौह अयस्क समूह राजहरा के कार्मिकों को विशेष चिकित्सा सुविधा प्रदान की। प्रातः 8 से दोपहर 3 बजे तक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यपालक निदेशक बी के गिरी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविंद्रनाथ के मार्गदर्शन में 4 जून को मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार की अध्यक्षता में एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ कौशलेंद्र ठाकुर की उपस्थिति में राजहरा माइंस के समस्त वरिष्ठ यूनियन पदाधिकारी के साथ बैठक हुई थी। इस बैठक में राजहरा माइंस हॉस्पिटल में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के विषय पर चर्चा की गई। इसी तारतम्य में कार्यपालक निदेशक बीके गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पी विनायके और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनिता द्विवेदी के नेतृत्व में जेएलएन हॉस्पिटल प्रबंधन के त्वरित निर्णय पर चिकित्सक दिवस के अवसर पर राजहरा में 1 जुलाई को चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

## कबीरधाम जिलें में 6 जुलाई से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा का होगा आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,5 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप कबीरधाम जिले में आगामी 6 जुलाई शनिवार से 20 जुलाई 2024 तक राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस राजस्व पखवाड़ा में कबीरधाम जिले में सभी 8 तहसीलों अंतर्गत पटवारी हल्के एवं उनके अधीन आने वाले 90 ग्राम पंचायतां में राजस्व शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें तहसील मुख्यालय भी शामिल है। कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिले के सभी तहसील के अतंर्गत राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत राजस्व शिविर के लिए 90 ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन कर लिया गया है। उन्होंने सभी एसडीएम को राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविरों से लभांन्वित ग्रामों के किसानों को राजस्व शिविर की जानकारी देने और संबंधित कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने के भी निर्देश दिए है।कलेक्टर ने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार और नायब तहसीलदार को राजस्व शिविर के आयोजन की तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए। राजस्व पखवाड़ा आयोजन के संबंध में कलेक्टर श्री महोबे 5 जुलाई शुक्रवार सुबह 11 बजे जिला कार्यालय के सभा कक्ष में सभी



एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार और राजस्व निरीक्षकों की बैठक भी लेंगें।कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि राज्य शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार 6 जुलाई से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अतर्गत तहसील मुख्यालय सहित पटवारी हल्के एवं 90 ग्राम पंचायत मुख्यालयों का चयन राजस्व शिविर के आयोजन के लिए किया गया है। इस राजस्व पखवाड़ा में राजस्व संबंधित समस्याओं का आवेदन लिए जाएंगे। शिविर में राजस्व से जुड़े प्रकरणों का निराकरण यथा विवादित नामांतरण, बंटवारा, विवादित नामातंरण, बंटवारा, सीमांकन, ऋण पुस्तिका प्रदान करना, नक्शा, अद्यतन, बटांकन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, डिजिटल हस्ताक्षर करना, आधार नंबर एकत्र करना, मोबाईल नम्बर एकत्र करना, अभिलेख शुद्धता, त्रृटि सुधार के आवेदन, व्यपवर्तन, स्वामित्व योजना से संबंधित कार्य, कोटवारी भूमि के विक्रय की जानकारी, सहित समस्त राजस्व संबंधी प्रकरणों का आवेदन प्राप्त करना एवं निराकरण किया जाएगा। कवर्धा तहसील अंतर्गत 06 जुलाई से 16 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा। पिपरिया तहसील अंतर्गत 06 जुलाई से 19 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा। सहसपुर लोहारा तहसील अंतर्गत 06 जुलाई से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा। कुण्डा तहसील अंतर्गत 06 जुलाई से 18 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा। कुकदूर तहसील अंतर्गत 06 जुलाई से 10 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा। पंडरिया तहसील अंतर्गत 06 जुलाई से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा। बोड़ला तहसील अंतर्गत 06 जुलाई से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा। रेंगाखारकला तहसील अंतर्गत 06 जुलाई से 13 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा।

### खाद्य नागरिक आपूर्ति सहित जल कार्य विभाग की समीक्षा बैठक में महापौर ने दिये निर्देश

**भिलाई-चरौदा।** मंगलवार को भिलाई-चरौदा निगम कार्यालय में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं जल कार्य विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुयी। महापौर निर्मल कोसरे की अध्यक्षता में विभाग से संबंधित अधिकारी कर्मचारी तथा विभाग प्रभारी एमआईसी सदस्यों की भी बैठक में उपस्थित रही। जल कार्य विभाग से बैठक में उपस्थित सहायक अभियंता हेमंत साहू ने महापौर कोसरे को विभागीय जानकारी से अवगत कराया साथ ही पेयजल-वाटर सप्लाई कार्य के दौरान उत्पन्न समस्याओं तथा वांछित आवश्यकता का ब्यौरा प्रस्तुत किया। वर्तमान में निगम में उपलब्ध वाहनों, वाहनों के संधारण, टैंकर तथा वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की जानकारी सहायक अभियंता से प्राप्त करते हुए कोसरे ने कहा कि नये वाहन वाटर सप्लाई कार्य हेतु क्रय किये जाने के प्रस्ताव तैयार कर महापौर परिषद के पटल पर प्रस्तुत किये जाये। जिससे निगम क्षेत्र में जनता को कही किसी वार्ड में पानी की समस्या का सामना ना कराना पढे।

## भिलाई-चरौदा महापौर कोसरे ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

**भिलाई-चरौदा।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा कार्यालय के महापौर कक्ष में सोमवार को राजस्व बाजार सहित शिक्षा महिला बाल कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिसमें संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारी-कर्मचारी एवं प्रभारी एमआईसी सदस्य शामिल रहे। महापौर निर्मल कोसरे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में होर्डिंग, राजस्व टैक्स वसूली सहित महिला बाल विकास विभाग के कार्यो की एक-एक कर समीक्षा की गयी। सहायक राजस्व अधिकारी द्वारा महापौर के समक्ष विभाग की जानकारी का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। महापौर निर्मल कोसरे को सहायक राजस्व अधिकारी ने अवगत कराते हुये बताया कि 31 जुलाई 2024 के बाद होर्डिंग विज्ञापन बोर्ड के लिए नयी निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की जायेगी। जिस पर कोसरे द्वारा अवैध होर्डिंग पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को प्रदान किये गये साथ ही प्रत्येक वार्ड में वसूल किये जाने वाले संपत्तिकर, समेकित कर, जलकर, भू-भाटक एवं शिक्षा उपकर की जानकारी समस्त सहायक राजस्व निरीक्षक से ली गई। कोसरे द्वारा कमर्शियल और आवासीय कर दाताओं की जानकारी के पृथक कर अगली बैठक में उपस्थित रहने कर्मचारियों को निर्देशित किया। बैठक में राजस्व प्रभारी एमआईसी सदस्य मोहनं साहू, शिक्षा महिला बाल कल्याण प्रभारी एमआईसी सदस्य श्रीमती दिप्ती आशीष वर्मा, खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग प्रभारी एमआईसी सदस्य मनोज कुमार पूर्व पार्षद उमदा आशीष वर्मा, वार्ड क्रमांक-04 जरवाय के पार्षद भूपेन्द्र वर्मा बैठक में शामिल हुए। निगम राजस्व विभाग की ओर से सहायक राजस्व अधिकारी श्रीमती अरूणिमा दुबे, सहायक राजस्व निरीक्षक शत्रुहन सिन्हा, सहायक राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र चन्द्राकर, सहायक राजस्व निरीक्षक श्रीमती सरोजनी यदु, सहायक राजस्व निरीक्षक रामअवतार साहू, सहायक राजस्व निरीक्षक कन्हैया सोनी, सहायक राजस्व निरीक्षक दिलीप देवांगन, सहायक राजस्व निरीक्षक रामचन्द्र निषाद, सहायक राजस्व निरीक्षक दुष्यंत चतुर्वेदी, सहायक राजस्व निरीक्षक अशोक शर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक बलराम चेलक, सहायक राजस्व निरीक्षक अनिल सिंह, सहायक राजस्व निरीक्षक अर्जुन पाल, सुश्री श्रृष्टि चंद्राकर, पुरानिक साहू, दीपक निषाद जानकारी सहित उपस्थित रहे।

### परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग की संयुक्त जांच प्रारंभ

**दुर्ग 5 जुलाई।** दुर्ग जिले के अंतर्गत संचालित स्कूलों में स्कूली बच्चों को सुरक्षित यातायात को ध्यान रखते हुए स्कूली बच्चों को लाने ले जाने हेतु संचालित आटो रिक्शा, वेन आदि की परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से जांच 04 जुलाई से प्रारंभ किया गया, जिसमें क्षमता से अधिक व असुरक्षित बच्चों को बिठाते हुए पाया गया है। अवैधानिक रूप से संचालित 21 वाहनों पर चालानी कार्यवाही करते हुए 75 हजार रूपए शमन शुल्क वसूल की गई है। विद्यालयों में आटो-रिक्शा का संचालन को तत्काल बंद करने स्कूल प्रबंधनों को नोटिस जारी किया गया है। इस संबंध में पालकों से अपील की गई है कि सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अपने बच्चों को आटो-रिक्शा व वेन से स्कूल न भेजें। आगामी दिनों में भी सतत् रूप से बिना परमिट, फिटनेश व बीमा के चलने वाले ऑटो रिक्शा, स्कूली वेन एवं स्कूल बसों आदि पर कार्यवाही किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री के जनदर्शन में नागरिकों में उत्साह

## आग्रह-अनुरोध लेकर प्रदेशभर से बड़ी संख्या में पहुंचे थे लोग



**रायपुर, 5 जुलाई ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के निवास कार्यालय में आज दूसरे सप्ताह के जनदर्शन कार्यक्रम में नागरिकों में जबरदस्त उत्साह रहा। मुख्यमंत्री श्री साय से मुलाकात करने और अपने आग्रह-अनुरोध उन्हें प्रत्यक्ष सौंपने के लिए प्रदेशभर से बड़ी संख्या में लोग आए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने श्रमवीरों के मेधावी बच्चों को दो-दो लाख रूपए के चेक भी प्रदान किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपने निवास कार्यालय परिसर में अपनी मां के नाम दहीमन का पौधा लगाया। जनदर्शन स्थल के पास स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया था, जिसका नागरिकों ने लाभ उठाया। आज के कार्यक्रम में अनेक ऐसे लोग मुख्यमंत्री को धन्यवाद कहने आए थे, जो पिछले जनदर्शन में आए थे और उनके आवेदनों का निराकरण भी हो गया था।

आज आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नोनी-बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत 13 बच्चों को दो-दो लाख रूपए के चेक दिए गए। इसमें से एक लाख रूपए प्रोत्साहन के रूप में और एक लाख रूपए स्कूटी खरीदने के लिए दिए गए। पंजीकृत निर्माणी श्रमिक परिवारों के पुरस्कृत बच्चों ने दसवीं और बारहवीं में 2023-24 के टॉप-10 सूची में स्थान बनाया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने अपनी मां के नाम दहीमन का, जो पौधा लगाया है, वह औषधीय गुणों से युक्त है। यह पौधा सरगुजा अंचल में पाया जाता है। मुख्यमंत्री ने लोगों से भी मां के नाम अपने-अपने निवास या गांव में पौधा लगाने की अपील की। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में लोगों से एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की थी। इस बार के जनदर्शन में बड़ी संख्या में ऐसे भी लोग शामिल हुए, जो पिछले बार के जनदर्शन में भी आए थे, तब उनके आवेदनों का निराकरण मुख्यमंत्री के निर्देश पर तत्काल कर दिया गया था। इन लोगों ने त्वरित कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। इनमें दिव्यांग भी शामिल थे, जिन्हें श्री साय के निर्देश पर ट्रायसाइकिल और अन्य सहायक उपकरण तत्काल उपलब्ध कराए गए थे। स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। खून जांच, बीपी की जांच, शुगर और अन्य आम बीमारियों की जांच की सुविधा शिविर में उपलब्ध कराई गई थी। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार सदियों तक लोगों को प्रेरित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजनों के पास पहुंचकर उनसे मुलाकात की। उनसे आवेदन लिए और मौके पर ही ट्राईसायकल सहित अन्य सहायक उपकरण प्रदान किए। बागबाहरा वन क्षेत्र में निवासरत कमार परिवारों के बेदखली की नोटिस की जांच के निर्देश वन अधिकारियों को दिए। रायपुर के अशोका रतन कॉलोनी के समीप की सड़क की मरम्मत कराने तथा आरक्षक श्री भरत लाल बरेठ के किडनी प्रत्यारोपण एवं इलाज के बकाया देयक के भुगतान के संबंध में उचित कार्यवाही के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने श्री मोती लाल पटेल की पांच साल की बेटी डॉली जो थैलेसीमिया से पीड़ित है, उसके इलाज की व्यवस्था के निर्देश दिए।

# नेहरू महाविद्यालय में चल रही प्रवेश प्रक्रिया विद्यार्थियों को मिल रही अनेक सुविधाएं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 5 जुलाई।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सत्र 2024-25 हेतु प्रवेश प्रक्रिया जारी है। उच्च शिक्षा विभाग एवं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के निर्देशानुसार महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर में प्रवीण्यता के आधार पर निर्धारित स्वीकृत सीट का 50 प्रतिशत सीट के लिए स्नातक कक्षाओं हेतु 29 जुलाई एवं स्नाकोत्तर कक्षाओं हेतु प्रथम मेरिट सूची 1 जुलाई को जारी कर दी गई है जिसमें प्रवेश हेतु अंतिम तिथि क्रमशः 4 जुलाई एवं 8 जुलाई निर्धारित है। द्वितीय मेरिट सूची इसके बाद जारी की जायेगी। महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती ने बताया कि सत्र 2024-25 से महाविद्यालय में नई शिक्षा नीति 2020 के अध्ययन-अध्यापन की प्रक्रिया संचालित की जायेगी। साथ ही महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र-छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निरंतर कार्य किये जा रहे है। छात्रों की संख्या को ध्यान में रखते हुए वर्तमान में महाविद्यालय दो भवनों में संचालित किया जा रहा है। महाविद्यालय के दोनो भवनो में पर्याप्त बैठक व्यवस्था है। बी.ए. एवं एम.ए.समस्त विषयों तथा योगा एवं क्रीड़ा विभाग महाविद्यालय के पुराने भवन एवं बी.कॉम., एम.कॉम. एवं बी.एस.सी एवं एम.एस.सी. तथा डीसीए व पीजीडीसीए की कक्षायें महाविद्यालय के नये भवन में संचालित की जा रही है। दोनो भवनों मे आधुनिक स्मार्ट बोर्ड, प्रोजेक्टर युक्त स्मार्ट क्लास रूम भी उपलब्ध है। महाविद्यालय के दोनो भवनों में छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ हेतु शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध है। दोनो भवनों में ठंडे पानी की व्यवस्था हेतु दो-दो वॉटर कूलर लगाये गये है। महाविद्यालय में 70 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रो के छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है। ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं के रहने हेतु छात्रावास की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु शासन से प्रस्ताव पास हो चुका है। पीडब्ल्यूडी से छात्रावास भवन निर्माण की औपचारिक प्रशासनिक प्रक्रिया प्रगतिशील है। ग्रामीण क्षेत्रों सहित अन्य छात्र-छात्राओं की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु जनभागीदारी के सहयोग से महाविद्यालय के दोनो भवनों में सायकल स्टेण्ड निर्माण कराया गया है। साथ ही सुरक्षा हेतु सीसी टीवी कैमरे लगाये गये है। विद्यार्थियों हेतु निःशुल्क वाइ-फाई इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है।

## एक नजर

### दिव्यांगता कमजोरी नही, मन के हौसले से जीवन की उड़ान

**रायपुर, 5 जुलाई।** दिव्यांगता को कमजोरी नही मान कर हौसले से जीवन को सहज और सरल तरीके से जीने की कला कोई श्री भागवत से सीखे। जन्म से ही दोनों पैरों से विकलांग श्री भागवत आरंग विकासखंड के ग्राम केशला के रहने वाले है। शिक्षा समाप्ति के बाद बिजली विभाग में कॉल अटेंडर के रूप में कार्य करना शुरू किया। श्री भागवत की दिव्यांगता के चलते विवाह में दिक्कतें हुई। ऐसे में उन्होंने दिव्यांग लड़की से विवाह करने का फैसला लेकर दिव्यांग वीणा निषाद से विवाह किया। बिजली विभाग फोन अटेंडर के रूप में कार्य करने से होने वाली आय से घर परिवार चलाने में दिक्कते खड़ी होना प्रारम्भ हो गया। वैसे भी उन्हें कार्यस्थल तक आने जाने के लिए दूसरों की मदद लेनी होती थी। किसी पर आश्रित नही होने की महत्वाकांक्षा उसे अंदर ही अंदर खाये जा रही थी। कही भी आने जाने की सुविधा के लिए श्री भागवत ने निःशुल्क बैटरी चलित ट्रायसाइकल के लिए समाज कल्याण और सम्बन्धित विभागों में आवेदन देने के बाद भी पिछले 2 सालों से उन्हें सहायता नही मिल पा रहा था। ऐसे में उन्हें मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा आमजनों की शिकायतों और मांगो को पूरा करने के लिए जनदर्शन के बारे में पता चला। श्री भागवत मुख्यमंत्री के सहृदयता के बारे में विभिन्न माध्यमो से अवगत थे। उन्हें पूरे विश्वास था कि जनदर्शन में जाने से निश्चित रूप से मदद मिलेगी। जनदर्शन कार्यक्रम में श्री भागवत अपनी दिव्यांग पत्नी के साथ उपस्थित होकर बैटरी चलित ट्रायसाइकल हेतु मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को आवेदन प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने उनके आवेदन पर संवेदनशीलता से विचार कर दोनों को तत्काल बैटरी चलित ट्रायसाइकल प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर अमल करते हुए दिव्यांग पति-पत्नी को बैटरी चलित ट्रायसाइकल प्रदान की गई। ट्रायसाइकल मिलने पर दिव्यांग पति पत्नी के खुशी का ठिकाना न रहा। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का दिल से आभार व्यक्त किया।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनदर्शन भाजपा के कुशासन का आईनाः कांग्रेस

**रायपुर 5 जुलाई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जनदर्शन भाजपा के कुशासन का आईना है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि किस प्रकार प्रदेश के लोग समस्या से जुझ रहे है यह मुख्यमंत्री निवास में जनदर्शन में देखने को मिल जाता है। मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र से लेकर सभी मंत्रियों के विधानसभा क्षेत्र तक लोग परेशान है, लोगों का काम नहीं हो रहा है। लोग अपनी समस्याओं के लिये सीएम हाउस पहुंच रहे है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री के जनदर्शन को देखकर लग रहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले 6 महीने में सरकार नाम की कोई चीज नहीं बची है। यदि सरकार की पहुंच आम आदमी तक होती, आम आदमी की समस्याओं का निराकरण होता तो इतनी बड़ी संख्या में लोग सीएम हाउस नहीं आते। मुख्यमंत्री के जनदर्शन में जो लोग आ रहे है, कोई विधायक की शिकायत लेकर आ रहे, कोई मंत्री और अधिकारियों की शिकायत लेकर आ रहे है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नामांतरण की समस्या, फौती उठाने की समस्या से लेकर विधायकों की मनमानी की शिकायतें जनदर्शन में मुख्यमंत्री निवास पहुंच रही है। अवैध रेत उत्खनन की शिकायतें लेकर गांव वाले मुख्यमंत्री निवास आ रहे इसका मतलब है सरकार अब नवा रायपुर के मंत्रालय तक ही सीमित हो गयी है। पटवारी कार्यालय, तहसील कार्यालय, ब्लॉक ऑफिस के कामों के लिये भी लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

### शासी परिषद की बैठक में हुआ विभिन्न कार्यों का अनुमोदन

**धमतरी 5 जुलाई।** जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक आज दोपहर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न कार्यों का अनुमोदन किया गया। बैठक में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी और कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री भोजराज नाग सहित कुरूद विधायक श्री अजय चन्द्राकर, सिहावा श्रीमती अंबिका मरकाम, धमतरी विधायक श्री ओंकार साहू सहित जिले के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में शासी परिषद की प्रत्याशा में स्वीकृत कार्यों की जानकारी दी, साथ ही वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति और वर्तमान में कार्यों की स्थिति की जानकारी बैठक में उपस्थित जनप्रतिनधियों को दी। इसके अलावा चालू वित्तीय वर्ष के लिए प्रबंधकारिणी समिति के द्वारा अनुमोदित कार्यों के बारे में बताया गया।

### प्लेसमेंट कैम्प 8 जुलाई को

**धमतरी 5 जुलाई।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र धमतरी द्वारा आगामी 8 जुलाई को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। सुबह 11 से शाम 4 बजे तक कम्पोजिट भवन के कक्ष क्रमांक 45 में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 440 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। इनमें एसबीआई लाईफ इंश्योरेंस लाईफ मित्र, सेक्यूरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाईजर और लेबर के पद शामिल हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता पांचवीं, आठवीं, दसवीं, बारहवीं और स्नातक हो, वे इस प्लेसमेंट कैम्प में हिस्सा ले सकते हैं। इसके लिए आवेदक को सभी शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, निवास, जाति, रोजगार कार्यालय का पंजीयन और दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ नियत तिथि को उपस्थित होना होगा।

### विद्यार्थियों को दी गई मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी

**धमतरी 5 जुलाई।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर आज राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल कुरूद में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। साथ ही शासकीय कन्या शाला कुरूद, उच्चतर माध्यमिक शाला नारी, दरबा, कचना, कोर्रा, सिवनीकला, चरमुड़िया, सिलौटी, अंवरी एवं स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल भखारा के शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं को कार्यशाला में सम्मिलित किया गया।

# कलेक्टर उमेश कुमार पटेल अवर सचिव के पद पर मंत्रालय में पदस्थ



**डोंगरगढ 5 जुलाई।** एसडीएम के पद पर पदस्थ संयुक्त कलेक्टर उमेश कुमार पटेल को मुख्यमंत्री ने नई जिम्मेदारियों के साथ अवर सचिव के पद पर मंत्रालय में पदस्थ किया। डोंगरगढ़ के धर्म नगरी में लोकसभा चुनाव के पूर्व संयुक्त कलेक्टर उमेश कुमार पटेल को डोंगरगढ़ एसडीएम के पद पर पदस्थ किया गया था जिसमें उनके द्वारा अपने इस पद को पूरी ईमानदारी के साथ निभाते हुए अपने क्षेत्र में सराहनी कार्य करते रहे हैं ।कांग्रेस के शासनकाल में अवर सचिव के पद पर मंत्रालय में पदस्थ किया गया था इनके अपने ट्रेनिग के समय से राजस्व अनुविभागीय अधिकारी के पद पर रहते हुए अच्छे इनके द्वारा किए गए कार्यों को देखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा इन्हें कुछ विशेष जिम्मेदारियो के साथ मंत्रालय में अवर सचिव के पद पर पदस्थ किया गया था जिसमें इनके द्वारा उन जिम्मेदारियां को कर्तव्य निष्ठा से पूर्ण करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य को एक नई ऊचांइयों की ओर ले जाने का कार्य किये थे ।।

मंत्रालय में अवर सचिव के पद पर पदस्थ रहते हुए इनके द्वारा अंग्रेजो के समय से चले आ रहे कानूनों में लगभग एक सौ पचास संसोधन किया गया जिससे गरीब जनता पढ़े लिखे छात्र छात्राओं को फायदा हो सके संसोधन के साथ ही इनके द्वारा आम जनता की समझ में आ सके ऐसी सरल भाषा में राजस्व नियमो से भरी राजस्व परिपत्र नामक पुस्तक लिखकर उसको विमोचन कर छत्तीसगढ़ राज्य की जनता के लिए बढ़िया कार्य किया गया ।। छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव सहाय को जब उनके विषय में जानकारी प्राप्त हुई तो इन्हें डोंगरगढ़ एचडीएम के पद से प्रमोशन कर मंत्रालय अवर सचिव के पद पर नई जिम्मेदारियां के साथ पदस्थ किया जा रहा है उनकी योग्यता के आधार पर छत्तीसगढ़ में इनके समतुल्य अधिकारियों में अन्य विभागों की जानकारी के हिसाब से तीसरा नंबर इनका आता है इनकी पढ़ाई के हिसाब से देखें तो पीएससी में इनका रिकॉर्ड अभी तक छत्तीसगढ़ के किसी अधिकारी ने नहीं तोड़ पाया है जनता के लिए कैसे अधिकारी अपने आप में छत्तीसगढ़ की जनता के लिए सौभाग्य की बात है ।।

डोंगरगढ़ धर्म नगरी से इनके जाने के बाद हो सकता है कुछ राजनेता खुश हो परन्तु उनकी जानकारी के हिसाब से ऐसे अधिकारी ही डोंगरगढ़ को नई ऊंचाइयों की ओर ले जाकर आम जनता के लिए नये उधोग , व्यापार के नए आयाम की संरचना कर बेरोजगारी दूर कर धर्मनगरी की दिशा और दशा को बदलने की काबलियत रखते है ।

# पढ़-लिखकर तरक्की करें सफल आदमी बनें: मुख्यमंत्री

**रायपुर, 5 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज आयोजित जनदर्शन में दिव्यांगों की समस्याओं और मांगों से अवगत हुए। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने संवेदनशीलता से केवल की बातों को सुनकर उन्हें तत्काल व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिस पर तत्काल निराकरण करते हुए व्हीलचेयर उपलब्ध कराई गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केवल को स्कूल जाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पढ़-लिखकर तरक्की करों और जीवन में एक सफल इंसान बनो। मुख्यमंत्री से दिव्यांगजनों ने आर्थिक सहायता, इलाज के लिए सहायता संबंधी आवेदन देकर समाधान का निवेदन किया। इस दौरान जिला रायपुर के आरंग विकासखंड के दिव्यांग केवल साहू ने आर्थिक सहायता हेतु मदद मांगी। केवल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि उसके कमर से नीचे का हिस्सा काम नही करता है, जिससे उसे चलने-फिरने में दिक्कत आती है। इन दिक्कतों के कारण उसकी पढ़ाई भी छूट गयी है।



## समाचार संक्षेप

### गुरुजी कि समाधी स्थल पर बैठने से संयम और त्याग का भाव आयेगा



**डोंगरगढ़ 5 जुलाई।** आप लोग जो यहाँ प्रतिदिन चन्द्रगिरी में भगवान के अभिषेक, पूजन, आरती के पश्चात आचार्य श्री जी कि समाधी स्थल (निसिद्धिका) पर संगीतमय, भावपूर्ण उनकी पूजन और आरती करते हैं। जिसके लिये यहाँ कि कमेटी को भरपूर आशीर्वाद प्रदान करते हैं। अपनी प्रज्ञा का उपयोग करके जो काम शुरू किया है। यहाँ आने वाले भक्तों के लिये वरदान का काम करेगा। हमने स्वयं गुरु जी के चरणों में रहकर देखा है कि जो भी मनोकामनायें मन में हो सब पूर्ण हो जाती है । इसी प्रकार यहाँ समाधी स्थल (निसिद्धिका) पर आकर वंदना करने से भी सभी कि मनोकामनायें पूर्ण होंगी और पुण्य लाभ भी होगा। गुरु जी ने संलेखना लेकर उत्कृष्ट समाधी मरण किया है ।त्यागी, तपस्वी भी यहाँ आकर अपना जीवन सफल करेंगे 7 शास्त्रों में आता है कि तीर्थंकरों के निर्वाण स्थल को निसिद्धिका कहते हैं उसी प्रकार गुरु जी कि यह समाधि स्थल भी निसिद्धिका ही है । संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने आरम्भ, परिग्रह, उपाधि आदि छोड़कर अपने अंतिम लक्ष्य को साधा है 7 वैसे ही हम भी रत्नत्रय धारण कर अपनी आत्मा को ऊंचाई प्रदान करें। यहाँ पर बैठकर निश्चित ही संयम और त्याग का भाव आयेगा। श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी अतिशय तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन ने बताया कि महाराज जी द्वारा 8 से 16 वर्ष के बच्चों का उपनयन संस्कार श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी अतिशय तीर्थ क्षेत्र में दिनांक 11/07/2024 को होगा। जिसमे आप सभी सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ लेवें। बच्चों का ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन चालू है 7उक्त जानकारी निशांत जैन (निशु) द्वारा दी गयी है ।

### अधिवक्ता भवन निर्माण के लिए संघ ने विधायक को सौंपा 15 लाख का मांग पत्र



**चारामा 5 जुलाई ।** जिला अधिवक्ता संघ कांकेर के अध्यक्ष नरेंद्र दवे एवं चारामा के अधिवक्ताओं ने चारामा में भानुप्रतापपुर के क्षेत्रीय विधायक श्रीमती सावित्री मडावी से मुलाकात कर चारामा तहसील एवं अनुभागीय अधिकारी राजस्व के न्यायालय परिसर में अधिवक्ता कक्ष भवन के लिए विधायक निधि से राशि आवंटित करने की मांग की है। यहां उल्लेखनीय है कि भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चारामा विकासखंड में तहसील एवं अनुभागीय अधिकारी राजस्व न्यायालय संचालित है जिसका भवन छोटा एवं पर्याप्त नहीं होने के कारण विधि व्यवसारत अधिवक्ताओं एवं पक्षकारो के लिए बैठक व्यवस्था नहीं होने के कारण कार्य करने में काफी सुविधा हो रही है। चारामा के इस कार्यालय एवं न्यायालय में विधि व्यवसाय हेतु कांकेर भानुप्रतापपुरए धमतरीए बालोद सहित अन्य स्थानों से अधिवक्ता गणों का आना होता है। यहां पर बैठक व्यवस्था पर्याप्त नहीं होने के कारण अधिवक्ताओंए पक्षकारों एवं दस्तावेज लेखकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अतः तहसील परिसर से पृथक एक अधिवक्ता कक्ष के निर्माण की अत्यंत आवश्यकता है । आवंटित भूमि में अधिवक्ता कक्ष के लिए विधायक निधि से 15 लाख रुपए आवंटन करने की मांग जिला अधिवक्ता संघ उत्तर बस्तर अध्यक्ष श्री नरेंद्र दवे एवं चारामा के अधिवक्ता गणों ने की है। क्षेत्रीय विधायक श्रीमती सावित्री मडावी से मुलाकात के समय अधिवक्ता गण नवीन चतुर्वेदी अशोक मिश्रा मनोज मरकाम रेवती रमण तिवारी हीराचंद निषाद अनुपम शर्मा तेज कुमार जैन मुकेश यादव गिरवर मंडावी चंद्रशेखर सिंन्हा प्रेमलाल साहू एवं गायत्री साहू अधिवक्ता उपस्थित थे विधायिका श्रीमती सावित्री मंडावी ने आश्वासन दिया है कि वह अपने विधायक निधि से अधिवक्ताओं की माग को पूरा करेंगे ।

### मुख्यमंत्री ने स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**रायपुर, 5 जुलाई।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में युग प्रवर्तक और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन किया। श्री साय ने कहा है कि स्वामी जी ने भारतीय दर्शन और आध्यात्म से पूरी दुनिया का परिचय कराया और मानवता के कल्याण का मार्ग दिखाया। छत्तीसगढ़ ने स्वामी जी के उदार, व्यवहारिक और सुधारवादी सिद्धांतों को अपनाया है। स्वामी जी के बचपन का कुछ समय रायपुर में बीता, यह छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का विषय है।

# भाजपा नेता ने जन्मदिन नक्सल प्रभावित क्षेत्र के स्कूल में मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**मोहला 5 जुलाई।** जन्मदिन हर व्यक्ति के लिए खास होता है इस दिन को यादगार बनाने आज कई लोग बड़े बड़े होटल रेस्टोरेंट या पिकनिक स्पॉट तक पहुंचकर का सेलिब्रेट करते है वही मानपुर मोहला जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश चांडक ने अपने जन्मदिन को मनाने एक ऐसे जगह को चुना जहां तक जाने के लिए लोग एक बार सोचते है । दरअसल मानपुर मोहला के भाजपा जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश चांडक अपने जन्मदिन पर जिले के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र स्थित गांव बुकमरका पहुंचे जहां पर स्कूल प्रबंधन द्वारा शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए और साथ ही इस स्कूल के बच्चो के साथ अपने जन्मदिन को मनाते हुए न्योता भोज कार्यक्रम भी आयोजित किए और स्कूली बच्चो सहित स्कूल के शिक्षक तथा स्थानीय लोगो के साथ भोजन किए । दूरस्थ अंचल स्थित गांव में ऐसे आयोजन को देख बच्चो के साथ स्थानीय लोगो ने अपनी खुशी जाहिर करते नजर आए तथा भाजपा नेता को उनके जन्मदिन को ऐसे गांव तक आकर मनाने किए धन्यवाद ज्ञापित किए किए वही इस दौरान भाजपा नेता ओमप्रकाश चांडक अपने इस जन्मदिन को यादगार बनाने ग्रामीणों तथा स्कूली छात्र छात्राओं सहित स्कूल प्रबंधन का भी आभार व्यक्त करते दिखे.। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान पटेल अंतूराम दुगा,मंगतराम हरसिंग नेताम भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गणपत चांडक कुमारी बाई सरम बाई आंगनवाड़ी कार्यकर्ता प्रमिला जाड़े प्रधान पाठक प्राथमिक शाला तिलकराम सलामे शिवेंद्र यादव भारतीय जनता पार्टी के महिला मोर्चा से भारतीय मोहर किरण रामटेक युवा मोर्चा के प्रकाश सोनी सहित स्कूल के शिक्षकगण स्कूली छात्र छात्राए ग्रामीणों के अलावा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# केंद्रीय विद्यालय, सीआईएसएफ, भिलाई में पौधारोपण किया गया



**रायपुर 5 जुलाई।** केंद्रीय विद्यालय , सीआई एस एफ, भिलाई में सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन तृतीय आरक्षित वाहिनी ,भिलाई एवं केंद्रीय विद्यालय, सीआई एस एफ के युवा पर्यटन क्लब, भारत स्काउट एंड गाइड एवं इको क्लब के संयुक्त तत्वाधान में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि सम्मानीय श्री सनी कुमार भट्ट ,वरिष्ठ कमांडेंट तृतीय आरक्षित वाहिनी सीआईएसफ भिलाई एवं सम्मानीया श्रीमती ,श्रीमती भुवनेश्वरी प्राचार्य ,केंद्रीय विद्यालय , सीआई एस एफ, भिलाई थे। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने पुष्प कुछ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि महोदय,एवं विद्यालय के प्राचार्य महोदया श्रीमती भुवनेश्वरी व विभिन्न क्लबों के छात्र-छात्राओं , शिक्षक शिक्षिकाओं ने विभिन्न प्रकार के पौधों का सघन वृक्षारोपण किए। इस अवसर पर इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि तृतीय आरक्षित वाहिनी सीआईएसफ भिलाई का लक्ष्य 4000 वर्षो का रोपण करना है। उन्होंने वृक्षारोपण के विषय पर कहा कि पेड़ों की तेजी से हो रही कटाई को रोकने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाना होगा। लेकिन ऐसा लगता है कि हममें से लोग वास्तव में यह नहीं समझते कि यह कितना महत्त्वपूर्ण है। वनों की कटाई, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और लोगों का सावधान न रहना पर्यावरण के लिए बहुत बड़ी समस्या पैदा कर रहा है। यह एक बड़े बदलाव का समय है। खाली, बंजर भूमि को सुंदर जंगल में बदलने के लिए लोगों को मिलकर काम करने की जरूरत है।वृक्षारोपण महत्वपूर्ण है क्योंकि पेड़ ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं, जैव विविधता का समर्थन करते हैं, मिट्टी के कटाव को रोकते हैं, लकड़ी और भोजन जैसे विभिन्न संसाधन प्रदान करते हैं और जलवायु परिवर्तन से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राचार्य महोदया ने इस अवसर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि- अब समय आ गया है कि हम इसके बारे में कुछ करें। हमें पृथ्वी की देखभाल करने की ज़रूरत है, जैसे वह हमारी देखभाल करती रही है। ऐसा करने का एक तरीका यह है कि हम अपने ग्रह को फिर से हरा-भरा और सुंदर बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। पेड़ों को पृथ्वी के फेफड़े÷ कहते हैं और ऐसा इसलिए है, क्योंकि वे जीवन के लिए महत्त्वपूर्ण हैं। पेड़ों के बिना, पृथ्वी पर जीवन नहीं होता। पेड़-पौधे कई तरह से पर्यावरण को स्वस्थ रखने में बहुत योगदान देते हैं।

पेड़ पृथ्वी पर जीवन की रीढ़ की हड्डी की तरह हैंद्य ग्लोबल वार्मिंग के खिलाफ पेड़ सुपरहीरो की तरह हैं क्योंकि वे हवा से कार्बन लेते हैं। एक कहावत है, ÷अगर हम पेड़ों की देखभाल नहीं करेंगे, तो हम अपनी देखभाल नहीं कर पाएंगे।÷ पेड़ों के बिना एक ऐसी दुनिया की कल्पना करें ङ्क यह सूखे, बेजान रेगिस्तान की तरह होगी। पृथ्वी पर हर चीज़ जीवित रहने के लिए एक-दूसरे पर निर्भर करती है, इसलिए हमें सब कुछ संतुलन में रखने के लिए अपने पेड़ों की देखभाल करनी होगी। उन्होंने विद्यार्थियों से संकल्प लेने के लिए कहा कि वे अपने प्रत्येक जन्म दिवस पर एक पौधा अवश्य लगाएंगे और अपने मित्रों, परिवार वालों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के हिंदी शिक्षक अनिल कुमार शर्मा ने किया इस अवसर पर विद्यालय के क्रीड़ा शिक्षक डॉ पंकज शुक्ला, श्रीमती सोमा सील गुहा , श्रीमती सुनीता गावंडे , श्रीमती रीना साहू, श्री डी ए गिरिया, श्रीमती पूनम टोप्पो, श्रीमती माधुरी व विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थे।

संपादकीय

# दूसरे को बोलने न देना संसद-संविधान का अपमान है...

अभिव्यक्ति की आजादी से लोकतंत्र मजबूत होता है। इसका मतलब होता है कि हर किसी को बराबर बोलने की आजादी है। इसका मतलब यह नहीं होता है कि आप को बोलने का मौका मिला तो आपने जो जी चाहा बोल दिया और दूसरे की बोलने की पारी आई तो आप उसके बोलने के दौरान निरंतर हल्ला करें। यह तो किसी के बोलने का खुला विरोध है। अगर आपको संसद में बोलने का अधिकार है तो इसी के साथ ही आपको दूसरों की बातें धैर्य से सुनना भी आपकी जिम्मेदारी है। हर अधिकार के साथ जिम्मेदारी जुड़ी होती है। आप अधिकार का उपयोग करना चाहते हैं और जिममेदारी नहीं निभा नहीं रहे है तो आप लोकतंत्र को कमजोर कर रहे हैं। आप संसद-संविधान का अपमान कर रहे हैं। जनता ने आपको लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए नहीं चुना है, जनता ने आपको संसद-संविधान का अपमान करने के लिए नहीं चुना है। अगर आप जय संविधान कहते है तो आपको मालूम होना चाहिए कि संविदान की जय सिर्फ संविधान की प्रति लहताने से नहीं होती है। संविधान की जय तो तब होती है जब आप दूसरों के बोलने के अधिकार की भी सम्मा्न करें। बात जब संसद की हो तो बोलने के आधिकार का सम्मान सबको अनिवार्य रूप से करना चाहिए। अगर कोई संसद में किसी के बोलने के दौरान निरंतर शोर कर रहा है तो इसका मतलब तो यही होता है कि आप दूसरों को बोलने नहीं देना चाहते हैं। किसी बोलने न देन तो तानाशाही है, संविधान का घोर अपमान है। संसद में किसी बात पर अपना विरोध दर्ज कराने का अधिकार है। इस अधिकार का उपोयग पीएम मोदी से लोकर अमित शाह व राजनाथ सिंह किया। राहुल गांधी सहित कांग्रेस व विपक्ष के नेताओं को सीखना चाहिए कि संसद के भीतर विरोध कैसे किया जाना चाहिए। संसद में राहुल गांधी ने जब डेढ़ घंटे बोला तो भाजपा नेताओं ने सुना। जहां विरोध दर्ज करा था, वहां नियम के मुताबिक विरोध दर्ज भी कराया। राहुल गांधी व विपक्ष के नेता चाहते तो वह भी ऐसा कर सकते थे लेकिन उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में तो निरंतर पीएम मोदी के बोलने के दौरान हल्ला कर बता दिया कि वह न तो लोकतांत्रिक हैं और न ही संविधान का सम्मान करते हैं। ऐसे में तो देश में यही माना जाएगा कि राहुल गाधी व विपक्ष के नेता तो तानाशाह है, वह खुद बोलने के अधिकार का उपयोग करना चाहते हैं और दूसरे के बोलने के अधिकार का सम्मान नहीं करते हैं। लोकसभा की तहह राज्यसभा में भी पीएम मोदी के बोलने के दौरान हल्ला किया गया और बाद में पीएम मोदी की कोई बात पसंद नहीं आई तो उठकर चले गए। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि कांग्रेस नेता अपना पक्ष रखने के बाद दूसरे के पभ को नहीं सुनते हैं। पिछली बार भी यही हुआ था। इससे कांग्रेस व विपक्ष की साथ मिरती है। माना जाता है कि उनके पास कहने को, बहस करने को कोई तर्क नहीं होता है, कोई प्रमाण नहीं होता है तो वह सिर्फ हल्ला करते हैं। लोकतंत्रम में पक्ष व विपक्ष दोनों से अपेभा की जाती है कि वह एक दूसरे के बोलने के अधिकार का सम्मान करें। अपनी बात करहने के बाद दूसरे की बात सुनने की जिम्मेदारी भी निभाएं।



समसामयिक

ललित गर्ग

# हाथरस हादसे में मौतों की जवाबदेही तय हो



उत्तर प्रदेश के हाथरस में मंगलवार को एक सत्संग के समापन के बाद मची भगदड़ में एक सौ इक्कीस लोगों के मरने एवं सैकड़ों लोगों के घायल होने की हृदयविदारक, दुःखद एवं दर्दनाक घटना ने पूरे देश को विचलित किया है। ऐसी घटनाएं न केवल प्रशासन की लापरवाही एवं गैर जिम्मेदारी को उजागर कर रही है बल्कि धर्म के नाम पर पनप रहे आडम्बर, अंधविश्वास एवं पाखण्ड को भी उजागर कर रही है। ऐसी त्रासदियां एवं दिल को दहलाने देने वाली घटनाओं से जुड़े पाखण्डी बाबाओं की कारगुजारियों से हिन्दू धर्म भी बदनाम हो रहा है, जबकि सैकड़ों लोगों की जान लेने वाले बाबा को हिंदू धर्म से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। यह हादसा अनेक सवालों को खड़ा करता है, बड़ा सवाल है कि ऐसे बड़े आयोजन में सुरक्षा उपायों की अनदेखी क्यों होती है? सवाल उठता है कि इतना बड़ा आयोजन बिना पुख्ता इंतजाम के किसकी अनुमति से किया जा रहा था? क्या सुरक्षा मानकों का पालन किया गया? क्या इतने बड़े आयोजन की सुरक्षा का जिम्मा पुलिस-प्रशासन का नहीं होता? क्या आयोजन-स्थल पर निकास द्वार, पानी, हवा, वैकल्पित चिकित्सा एवं चिकित्सक, गर्मी से बचने के पुख्ता इंजताम जरूरी नहीं थे? जवाबदेही तय हो भगदड़ में गयी जानों की। जाहिर है मौतों के बढ़ते आंकड़ों के साथ ही घटना पर लीपापोती की कोशिश भी जमकर होगी, राजनीतिक दल एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराते हुए जमकर राजनीति भी करेंगे। यह तय है कि ऐसे बाबाओं की दुकान बिना राजनेताओं के वरदहस्त के चलनी संभव नहीं है। हाथरस के सिकंदराराऊ के निकट फुलरई के एक खेत में कथित हरि बाबा के एक दिवसीय सत्संग के दौरान यह हादसा हुआ। इस बाबा से जुड़ी बातें विसंगतियों से भरी है। सफेद कोट-पेंट, टाई पहनने वाला यह बाबा कोई पंडित नही है न साधु संत है, यह जूता पहनकर प्रवचन देता था। इस बाबा को कितने वेद पुराण का ज्ञान है? यह किस परंपरा से है? इसके गुरु कौन हैं? ऐसे अनेक प्रश्न है जो बाबा को शक एवं संदेह के घेरे में लेते हैं। इन्हें हिन्दू बाबा कैसे कहा जा सकता है? हिंदू धर्म में ऐसा कहां होता है? यह बाबा पहले पुलिस सेवा में थे और जिनका मैनपुरी में भव्य एवं महलनुमा आश्रम है। घटना के बाद बाबा फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। भारत में भोली-भाली जनता को ठगने एवं गुमराह करने वाले ऐसे पाखण्डी बाबाओं की बाढ़ आई हुई है। इस तरह की घटनाएं केवल जनहानि का कारण ही नहीं बनतीं, बल्कि देश एवं धर्म की बदनामी भी कराती हैं। इन घटनाओं पर पीड़ितों के प्रति संवेदना व्यक्त करने के बजाए राजनीति करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और निंदनीय भी।

हाथरस की घटना कितनी अधिक गंभीर एवं चिन्ताजनक हैं, इसका अनुमान इससे लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा में अपने संबोधन के बीच इस हादसे की जानकारी दी एवं शोक-संवेदना व्यक्त की। दुनिया भर में इस घटना को लेकर दुःख जताया जा रहा है। यह तय है कि हाथरस में इतनी अधिक संख्या में लोगों के मारे जाने पर शोक संवेदनाओं का तांता लगेगा, लेकिन क्या ऐसे हादसों को नियंत्रित करने वाले ऐसे कोई उपाय भी सुनिश्चित कर सकेंगे, जिससे भविष्य में देश को शर्मिंदा करने वाली ऐसी घटना न हो सके? प्रश्न यह भी है कि आखिर धार्मिक आयोजनों में धर्म-कर्म का उपदेश देने वाले लोगों को संयम और अनुशासन की सीख क्यों नहीं दे पाते? कब तक ऐसे आयोजन धन कमाने के माध्यम बनते रहेंगे, जब जब धर्म



का ऐसे पाखण्ड एवं पाखण्डियों से गठबंधन हुआ है, तब तक धर्म अपने विशुद्ध स्थान से खिसका है। यह प्रश्न इसलिए, क्योंकि कई बार ऐसे आयोजनों में भगदड़ का कारण लोगों का असंयमित व्यवहार भी बनता है। ऐसा लगता है कि अपने देश में धार्मिक-सामाजिक आयोजनों में कोई इसकी परवाह नहीं करता कि यदि भारी भीड़ के चलते अव्यवस्था फैल गई तो उसे कैसे संभाला जाएगा? क्या इसलिए कि प्रायः मारे जाने वाले लोग निर्धन एवं गरीब वर्ग के होते हैं? एक डरावनी एवं संवेदनहीन हकीकत है कि हम ऐसे धर्म एवं धार्मिकता से जुड़े पिछले हादसों से कोई सबक नहीं सीखते। हाल के दिनों में भीड़भाड़ वाले धार्मिक आयोजनों में भगदड़ में लोगों के मरने के मामले लगातार बढ़े हैं। सवाल उठना स्वाभाविक है कि भीड़ के बीच होने वाले हादसों को कैसे रोका जाए। दो साल पहले माता वैष्णो देवी परिसर में भगदड़ में बारह श्रद्धालुओं की मौत हुई थी। अप्रैल 23 में बनारस की भगदड़ में 24 लोग मरे थे। खाटू श्याम में भी भीड़ में दब कर 4 लोगों की मौत हुई। इंदौर में पिछले साल रामनवमी के दिन बावड़ी की छत गिरने से पैंतीस लोग मर गये थे। इसी तरह 2016 में केरल के कोल्लम के एक मंदिर में आग लगने से 108 लोगों की मौत हुई और दौ से अधिक घायल हुए थे। पंजाब के अमृतसर में दशहरे के मौके पर रावण दहन देख रहे साठ लोगों के ट्रेन से कुचलकर मरने की घटना को नहीं भूले हैं। देश में भीड़ की भगदड़ से होने वाले 70 फीसदी हादसे धार्मिक आयोजनों के दौरान ही होते हैं। हाल में दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक स्थल से जुड़ा हादसा मुसलमानों के पवित्र स्थल मक्का में हुआ, जहां हज यात्रियों पर गर्मी का सितम इस कदर कहर बना कि 900 से ज्यादा मौतें हुई, जिनमें 90 भारतीय ने भी जाने गंवाई।

विडम्बना है कि इन बड़े-बड़े हादसों से न तो जनता कुछ सीख लेती और न ही प्रशासन। यह हैरानी की बात है कि किसी ने यह देखने-समझने की कोई कोशिश नहीं की कि भारी भीड़ को संभालने की पर्याप्त व्यवस्था है या नहीं? यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि इस आयोजन की अनुमति देने वाले अधिकारियों ने भी कागजी खानापूर्त्ति करके कर्तव्य की इतिश्री कर ली। यदि ऐसा नहीं होता तो किसी ने इस पर अवश्य ध्यान दिया होता कि आयोजन स्थल के पास का गड्ढा लोगों की जान जोखिम में डाल सकता है। जैसे-जैसे जीवन में धर्म का पाखण्ड फैलता जा रहा है, सुरक्षा उतनी ही कम हो रही है, जैसे-जैसे प्रशासनिक सर्तकता की बात सुनाई देती है, वैसे-वैसे प्रशासनिक कोताही के सबूत सामने आते हैं, ऐसे आयोजनों में मरने वालों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन हर बड़ी दुर्घटना कुछ शोर-शराबें के बाद एक और नई दुर्घटना की बाट जोहने लगती है। सरकार और सरकारी विभाग जितनी तत्परता मुआवजा देने में और जांच समिति बनाने में दिखाते हैं, अगर सुरक्षा प्रबंधों में इतनी तत्परता दिखाएं तो ऐसे जघन्य हादसों की संख्या घट सकती है।

बहरहाल आने वाले दिनों में जांच के बाद किसी के सिर पर लापरवाही का ठीकरा फोड़ा जाएगा। मगर इन मौतों का कसूरवार कौन है? जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उनकी कमी कैसे पूरी होगी? कहा जा रहा है कि यह एक निजी कार्यक्रम था, कानून व्यवस्था के लिये प्रशासन की ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन आयोजन स्थल पर भीतरी व्यवस्था आयोजकों के द्वारा की जानी थी। अब बड़े अधिकारियों का घटना स्थल पर जाने का सिलसिला शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। उनके तीन मंत्री पहले से वहां पहुंचे हुए है। इस एवं इससे जुड़ी कार्रवाइयों से संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि उत्तर प्रदेश सरकार ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं और दोषी लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है, क्योंकि आमतौर पर यही देखने में आता है कि इस तरह के मामलों में कार्रवाई के नाम पर कुछ अधिक नहीं होता। इसी कारण रह-रहकर ऐसी घटनाएं होती रहती हैं और उनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपनी जान गंवाते हैं। इसके बावजूद कोई सबक सीखने को तैयार नहीं दिखता है। धार्मिक आयोजनों में अव्यवस्था और अनदेखी के चलते लोगों की जान जाने के सिलसिले पर इसलिए विराम नहीं लग पा रहा है, क्योंकि दोषी लोगों के खिलाफ कभी ऐसी कार्रवाई नहीं की जाती, जो नजीर बन सके।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज जिन कार्यों में रुकवाटे आ रही थी आज वह समाप्त हो जाएगी। आज स्वभाव में नेगेटिविटी लाने की बजाय अपने काम पर ध्यान देने की जरूरत है। आज पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। आज आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आज अपने खास दोस्त से मिलने उनके घर जायेंगे, आपको खुशी होगी। आज आपकी अच्छी छवि निखर कर लोगों के सामने आयेगी। आज आप जीवनसाथी के साथ समय व्यतीत करेंगे, जिससे आपके रिश्ते मजबूत और मधुर बनेंगे।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अगर कोई कोर्ट संबंधी मामला रुका हुआ है तो आज आपको समाधान मिल सकता है। आज ऑफिस में बॉस को इम्प्रेस करने के लिए आपको थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। सहकर्मियों का सहयोग भी आज आपको मिलता रहेगा। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। काम पूरा होने पर टीचर से शाबाशी मिलेगी। लवमेट आज एक दूसरे के भावनाओं की कद्र करेंगे, जिससे रिश्ते में और मधुरता आएगी।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके कठिन परिश्रम का अच्छा फल आपको मिलेगा इससे आपका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। आज अपने काम को गंभीरता से करें। लोग आज आपके व्यक्तित्व से खुश हो सकते हैं। आज किसी काम को लेकर आप थोड़ी उलझन में रहेंगे। आज वाहन चलाते समय थोड़ी सावधानी बरतें। इस राशि की कन्याओं के लिए विवाह के अच्छे प्रस्ताव आ सकते हैं। आज किसी बुजुर्ग की मदद करने का मौका मिलेगा। आज अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आप अपने लिए लक्ष्य तय करते समय वर्तमान स्थिति पर जरूर ध्यान दें। ऑफिस में सीनियर्स अधूरे कार्यों को जल्दी पूरा करने के लिए कहेंगे। बेहतर होगा कि अपना काम समय से पूरा कर लें। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहने वाला है। आज घर पर किसी धार्मिक आयोजन का अनुष्ठान करवा सकते है। जिससे लोगों का आना जाना लगा रहेगा।

सिंह राशि-आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे पुराने काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। साइंस से जुड़े बच्चों को अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है। बिजनेस के सिलसिले में ऑफिस के कलीग्स के साथ बाहर जा सकते हैं। व्यापार के मामलों में आज आपको पॉजिटिव सोच रखने की आवश्यकता है। लवमेट का आज रिश्ता तय हो सकता है जिससे घर में खुशियों का माहौल बना रहेगा। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स पर काम करते हैं, उनकी जान-पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे उन्हें काफी लाभ मिलेगा।

कन्या राशि-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आप परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे। घर में खुशी का महौल बना रहेगा। इस राशि के एग्रोकेमिकल व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा फायदा हो सकता है। डॉक्टर्स के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। पूराना रूका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। जिससे आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य फिट रखने के लिए ताजे फल खायें, फायदा मिलेगा। धार्मिक कामों में मन लगाने से आपको मानसिक शांति मिलेगी। घर के बड़ो का सहयोग आपको मिलता रहेगा।

तुला राशि-आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के टेक्सटाइल व्यापारी वर्ग को आज अचानक कोई बड़ा ऑर्डर मिलेगा। कुछ विरोधी आपके बारे मे अफवाहें फ़ैलाने के लिए तैयार बैठे हैं... ऐसा कोई मौका ही न दें। स्वास्थ्य फिट रखने के लिए डेली रूटीन में मैडिटेशन व योगा अपनाएं। बिना वजह घर के किसी सदस्य पर गुस्सा न करें। आज भाई-बहन के साथ गेम्स खेलने का प्लान करेंगे...बड़ों का आर्शिवाद आपके साथ बना रहेगा। अविवाहित लोगों के लिए आज कोई अच्छा रिश्ता आ सकता है।

वृश्चिक राशि-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही कोई बिजनेस करने की सोच रही है उनके लिए आज का दिन अच्छा है। सिंगर्स का कोई गाना लोगों को काफी पसंद आएगा। किसी भी काम को करने में जल्दबाजी न करें, अन्यथा वह काम दोबारा करना पड़ सकता है। अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा समय ईश्वर की आराधना के लिए निकालें मन शांत रहेगा। किसी दोस्त से कामकाज के मामले में आपको कुछ नए आइडिया मिल सकते हैं। आप उन पर जल्द ही काम भी शुरू कर सकते हैं।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरे निश्चय के साथ पूरे कर लेंगे। विदेश जाने के लिए प्रयास कर रहे लोगों के लिए आज कोई खुशखबरी इंतज़ार कर रही है। आज कोई महत्वपूर्ण काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। आज कुछ नया सीखने को मिल सकता है। आज आप परिवार वालों के साथ अधिक-से-अधिक समय बिताएंगे। आज किसी रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है।

मकर राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज किसी विशेष निर्णय लेने से पहले उससे सम्बंधित सभी पहलुओं पर उचित सोंच-विचार करेंगे। आज बिजनेस में सभी गतिविधियों पर ध्यान रखें। आज कोई नया एग्रीमेंट हो सकता है। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आज आपका मन आध्यात्म में अधिक लग सकता है। आज किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जा सकते हैं। आज हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे। आज किसी से मदद मांगने में संकोच न करें, मदद से आपको लाभ हो सकता है।

कुंभ राशि-आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। लम्बे समय से सोचा हुआ काम आज पूरा हो जाएगा जिससे आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। माता के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगाने से शांती मिलेगी। शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी ताल मेल बना रहेगा। अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा आपको मिलेगी। इस राशि के मंत्रियों की विदेशी यात्रायें हो सकती है। किसी बात को लेकर भाई-बहन से विचार विमार्श करेंगे। आज अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

मीन राशि-आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ हो सकती है। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती हैं। आज परिवार में स्थिति ठीक रहेगी। स्वास्थ्य आज पहले से काफी अच्छा रहेगा। आर्किटेक्चर से जुड़े लोगों को अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है।

व्यंग्य

# जमाने की सच्चाई: हार्ड वर्क से स्मार्ट वर्क की ओर

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

शहर के एक छोटे से मोहल्ले में रमेश नाम का एक व्यक्ति रहता था, जिसने बचपन से ही सिखा था कि सीधे रास्ते पर चलना चाहिए। उसकी मेहनत और ईमानदारी की मिसाल दी जाती थी, लेकिन वह हर बार जीवन की दौड़ में पिछड़ जाता था। एक दिन उसके दोस्त रवि ने उसे समझाया, रमेश भाई, ये जमाना हार्ड वर्क का नहीं, स्मार्ट वर्क का है। रमेश बोला, मेरे तो टी-20 से पुराना नाता है। बचपन में मैं 20-20 रुपये में टी बेचता था। रवि हँसते हुए बोला, अब टी बेचने का जमाना नहीं रहा, अब स्मार्टनेस दिखाने का है। रमेश को अचानक याद आया कि वह हमेशा सादगी और मेहनत को ही अपनी सफलता की कुंजी मानता था। एक दिन उसने देखा कि पुल और सड़कें गायब हो गई हैं। पूछने पर पता चला कि भ्रष्टाचारी नेताओं की भूख इतनी गजब की थी कि पुल और सड़क भी खा गए। रमेश ने सोचा, एक दुनिया भूख से लड़ती है और दूसरी भूखों से। रमेश ने अपनी बेटी को पढ़ाना शुरू किया। उसने 'अ' से अनार लिखा तो सबने तारीफ की, 'आ' से आम लिखा तो उसके गुण बताने लगे, लेकिन जब उसने 'अ' से अधिकार लिखा तो सब भड़क गए। वह कभी चेहरे की रँगत नहीं बदलता और हमेशा 'गाइड' की तरह जीने का हौंसला बनाए रखता। जिन्दगी भले ही जख्मों से भर गई हो, लेकिन वक्त ने उसे मरहम दिया और जिन्दगी सम्भली। एक दिन उसकी पत्नी ने शिकायत की, अब तुम मुझे प्यार नहीं करते। रमेश ने पूछा, ऐसा क्यों कहती हो? पत्नी बोली, नई शादी के समय तुम मामा की दुकान से चॉकलेट, कोल्ड ड्रिंक, क्रीम बिस्किट, आइसक्रीम और बहुत कुछ लाते थे। अब कुछ नहीं लाते। रमेश ने हँसते हुए जवाब दिया, अब मेरे मामा ने दुकान पर सीसीटीवी कैमरे लगवा लिए हैं। रमेश को इस बात का घमंड था कि सैटिंग न होने के बावजूद वह हमेशा ऑनलाइन रहता है। एक दिन, रमेश ने अपनी पत्नी से कहा, बतर्न मंज गए, झाड़ू लग गई, पोंछा भी, आलू भी छिल गए। पत्नी, टीवी देखते हुए बोली, वाह जानू! आय लव यू! थक गए होंगे, दो चाय बना लो, एक अपने लिए और एक मेरे लिए। इंतजार करते-करते मैं भी थक गई। रमेश के दोस्त ने पहली बार उसके घर आकर कहा, तेरा बेटा बिल्कुल तेरे जैसा दिखता है। रमेश बोला, कमीने, धीरे बोल, बाजूवाली का बेटा है, खेलने के लिए आया है। रमेश ने सोचा, कितने भी अच्छे कर्म कर लो, मरने के बाद लोग उसी को याद रखते हैं, जो उधार लेकर मरा हो। एक दिन, रमेश का बेटा अपने भाई के बारे में बात कर रहा था। उसने कहा, हमारा दूर का रिश्ता है। अंकल ने पूछा, तुम दोनों का क्या रिश्ता है? तो बेटा बोला, सगा भाई है। अंकल ने हैरान होकर कहा, तुम इसे दूर का रिश्ता बता रहे हो? बेटा बोला, क्योंकि हमारे बीच में 6 भाई और हैं। रमेश ने संघर्ष पिता से और संस्कार माँ से सीखे। बाकी कपड़े और बर्तन धोना, रोटी बनाना उसकी पत्नी ने सिखा दिया। कुछ लोगों के शौक इतने ऊँचे होते हैं कि वे बड़े-बड़े स्टेटस डालते हैं, लेकिन बीड़ी भी माँग कर पीते हैं। रमेश को गुस्सा करना भी नहीं आता था। तीन बार पूछने पर भी वह कन्फर्म करता था, नाराज हो क्या? रमेश के दोस्त चोरी-छुपे अपने बॉयफ्रेंड या गर्लफ्रेंड से बात करते थे। थोड़ी सी खटपट होने पर वे मोबाइल को तकिये के नीचे ठूँसकर ऐसे सो जाते थे कि क्राइम ब्रांच वाले भी उन्हें मरा समझकर आगे बढ़ जाते थे। रमेश ने देखा कि एक दिन पड़ोसी पड़ोसन के काम आ रहा था। उसने सोचा, पड़ोसी पड़ोसी के काम आए, अच्छी बात है, लेकिन बवाल तब होता है जब पड़ोसी पड़ोसन के काम आए। रमेश के सपनों में हमेशा कुछ अजीब होता था। कभी वह मर जाता, कभी गिर जाता, कभी भूत उठा के ले जाते। उसने सोचा, पता नहीं वे कौन लोग हैं जिनके सपनों में राजकुमारी या हसीनाएं आती हैं। एक दिन स्कूल के सामने बम रख जाने पर टीचर ने पूछा, तुम क्या करोगे? छात्र बोला, डेढ़ दो घंटे देखेंगे, अगर कोई ले गया तो ठीक वरना स्टाफ रूम में रख देंगे। रमेश ने सोचा, भगवान सबका भला करे, लेकिन शुरूआत मुझसे करे। वेश्यावृत्ति किसी व्यक्ति की नैतिकता को खतरे में डालती है, लेकिन भ्रष्टाचार निर्विवाद रूप से पूरे देश की नैतिकता को खतरे में डालता है। रमेश ने अपनी तहजीब की कमीज को हमेशा संभालकर रखा, क्योंकि संस्कारों की अच्छाई से वह खरीदी जा सकती थी। और ऐसे ही रमेश ने अपने जीवन की सच्चाइयों को हँसी-हँसी में बयां किया, जहाँ सादगी और मेहनत का मेल था, लेकिन स्मार्टनेस और व्यंग्य ने उसे समझदार बना दिया।

गंभीर समस्या

तनवीर जाफरी

# मंडराने लगे हैं जल संकट के बादल



इसी वर्ष मई माह के मध्य में दक्षिण अफ़्रीका से आई इस खबर ने पूरे विश्व को हिला कर रख दिया कि राजधानी केपटाउन को विश्व का पहला जलविहीन शहर घोषित किया गया है। 2018 की शुरूआत में ही कैपटाउन के लोगों को इस आशय की चेतावनी दे दी गयी थी। दरअसल यहां तीन वर्षों से लगातार पड़ने वाला सूखा इस खतरनाक स्तर तक पहुंच गया था कि फरवरी 2018 में ही डे -जीरो के तहत सारे नलों से पानी की आपूर्ति बंद कर दी गई थी । उसी समय हालात ऐसे हो गए थे कि नागरिकों को सप्ताह में केवल दो बार नहाने का आदेश दिया गया था साथ ही शौचालय में फ़्लश के लिए टंकी के पानी का उपयोग करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। आखिरकार मई 2024 में इसी कैपटाउन को विश्व का पहला जलविहीन शहर घोषित कर दिया गया । अब यहाँ पुलिस व सेना की सुरक्षा में संचालित 200 जल आपूर्ति केंद्रों से केवल 25 लीटर पानी प्रति परिवार को दिया जा रहा है। भीषण जल संकट और इससे उपजी अराजकता के कारण सरकार ने यहां पानी के निजी इस्तेमाल की सीमा 87 से घटाकर 50 लीटर प्रतिदिन कर दी है। अब डे-जीरो के तहत कैपटाउन में 75 फीसदी घरों की पानी सप्लाई काट दी गयी है। यानी 10 लाख से ज्यादा घरों को पानी मिलना बंद हो चुका है। यहां सिंचाई में भी पानी का उपयोग नाममात्र कर दिया गया है। इसी संकट के बीच समुद्र के पानी को साफ करने की कोशिशें भी की जा रही हैं और अब यहां नालों व नालियों के गंदे पानी को भी रिसाइकल किया जाना शुरू हो गया है। तो क्या पूरा विश्व कैपटाउन जैसे जलसंकट का सामना करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है ? यदि कुछ दिन पहले जारी की गयी संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी पर नजर डालें तो संयुक्त राष्ट्र ने आगाह कर दिया था कि 2025 तक दुनिया के लगभग 1.20 अरब लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। और इस संकट की शुरूआत हो चुकी है। कुछ समय पूर्व सिलिकॉन वैली के नाम से मशहूर बेंगलुरु में जल संकट का समाचार मिला। 1 करोड़ 30 लाख आबादी वाले बेंगलुरु में अमीरों गरीबों को एक साथ हाथों में बाल्टियां लिये सूखे पड़े नलों व टैंकर्स के पास लम्बी कतार लगाये देखा गया। यहाँ तक कि सरकारी अस्पतालों में हवा से पानी बनाने की मशीन लगानी पड़ी। परन्तु ऐसा लगता है कि यदि पृथ्वी वासी हम आम जनों ने पानी की बबार्दी करने वाली अपनी दिनचर्या न तो बदली और न ही जलसंरक्षण पर



ध्यान न दिया। नतीजतन संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी यह चेतावनी कि 2025 तक दुनिया के लगभग 1.20 अरब लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा, यह सही साबित होने में अब ज्यादा वक़्त लगता नजर नहीं आता। जल संकट मंडराने का दृश्य मैंने अपनी आँखों से पिछले दिनों अपनी सांगला ( हिमाचल प्रदेश ) की यात्रा के दौरान स्वयं महसूस किया। मैंने केवल बरसात के मौसम में ही नहीं बल्कि पूरे वर्ष पहाड़ों पर तेज धार से बहने वाले शीतल जल के अनगिनत झरने / चश्मे बहते देखे हैं। उन झरनों पर लगने वाली भीड़,लोगों को वहां खड़े होकर अपने वाहनों की धुलाई करते,नहाते,कपड़े धोते, मस्ती करते,फोटो सेशन कराते और कहीं कहीं तो फिल्में शूट होते भी देखा है। इन्हीं जगहों पर कुछ गरीबों को मक्के की छल्ली बेचते,चिप्स,चाय कोल्डड्रिंक्स गोली टॉफी बेचते भी देखा है। परन्तु अत्यंत दुखद है कि गत दो दशकों से झरनों के सूखने का यह सिलसिला आज यहाँ तक आ पहुंचा है कि वही अनगिनत झरने पूरी तरह सूखे पड़े हैं। ऊँची पर्वत श्रंखलाओं पर इकट्ठी बर्फ पिघल चुकी है। ग्लेशियर सूखे पड़े हैं। गोया नदी जल का मुख्य स्रोत समझे जाने वाले अधिकांश पहाड़ी चश्मे सूख चुके हैं। झरना स्थलों पर सन्नाटा पसरा पड़ा है। पहाड़ों की हरियाली खत्म होती जा रही है। इसी संकट के परिणामस्वरूप देश की तमाम नदियां सूखती जा रही हैं। मीठे पानी की कमी का दुष्प्रभाव हिमाचल प्रदेश जैसे जल स्रोत वाले प्रमुख राज्य में क्या देखना पड़ा यह मेरी आपबीती से समझ सकते हैं। शिमला के आगे फागू घाटी के एक होटल में रुकने के लिये कमरा बुक करने के समय होटल मालिक ने साफ कह दिया कि 'पानी की कमी है। सुबह को केवल फ़्रेश होने के लिये टंकी से पानी थोड़ी देर के लिये चलेगा परन्तु नहाने धोने के लिये पानी नहीं है। पीने के लिये बोतल का पानी उपलब्ध है'। इसके बाद नारकंडा में स्थित एकमात्र सुलभ शौचालय जलरहित थाऔर बदबू फैली हुई थी। रामपुर के निकट कार में तेल डलवाने के बाद जब पम्प कर्मचारी से शौचालय के बारे में पता किया तो वह बोला कि शौचालय तो जरूर है परन्तु पानी नहीं है। और इंतेहा तो तब हुई जब सांगला में जहाँ ठहरे थे वहाँ भी पानी का काल पड़ा हुआ था। जबकि सामने कलकल करती बसपा नदी बह रही थी। अपने जीवन के किसी पहाड़ी दौरे में पानी के काल का व्यक्तिगत अनुभव हासिल करने का यह पहला मौका था जिसने भविष्य के संभावित जलसंकट की याद दिलाकर अत्यंत विचलित व चिंतित कर दिया। ग्लोबलवार्मिंग के दुष्प्रभाव के कारण इसका कोई तात्कालिक जादुई समाधान तो नजर नहीं आता परन्तु प्रत्येक व्यक्ति व सरकारों को इस दिशा में कुछ न कुछ कोशिश तो करनी ही चाहिये। बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिये पूरे विश्व को पूंजीवाद का मोह छोड़ मानवता के प्रति प्रेम दशार्ते हुये प्राकृतिक संतुलन बनाने की दिशा में सख़्त कानून बनाकर कड़े कदम उठाने चाहिये। गौरतलब है कि विकास के नाम पर पूंजीवाद पेड़ों की कटान कर समतल जमीन चाहता है जबकि प्रकृति अधिक से अधिक वृक्षारोपण चाहती है। वृक्षारोपण को तो प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन का हिस्सा मान लेना चाहिये। हर इंसान को शादी,पार्टी ,मरना,सालगिरह,विवाह वर्षगांठ,बरसी आदि हर गम खुशी व त्यौहार के अवसर पर वृक्षारोपण जरूर करना चाहिये। इसी तरह पूंजीवाद अधिक से अधिक वाहनों की बिक्री में दिलचस्पी रख प्रदूषण को बढ़ाने में भागीदार होता है जबकि प्रकृति प्रदूषणमुक्त वातावरण चाहती है। इसके अतिरिक्त वर्षा जल को संचित करने के लिये सूखे पड़े तालाबों को गहरा करने व अधिक से अधिक नये नये तालाब खोदने की जरुरत है। इससे जल संग्रहण भी होगा और आसपास का भूगर्भीय जलस्तर भी सुधरेगा। नवनिर्मित होने वाले मकानों में बारिश में छतों का पानी संचित करने के लिये एक पाइप जमीन में डालने की प्रक्रिया ( लैंड रिचार्जिंग सिस्टम ) को अनिवार्य किया जाना चाहिये। समय रहते यदि हमने जलसंरक्षण के उपाय नहीं किये तो यकीन जानिये वह दिन दूर नहीं जब हम अपने बच्चों को भीषण जलसंकट के वातावरण में छोड़ कर जाने के लिये मजबूर होंगे। क्योंकि जल संकट के बादल भारत सहित पूरे विश्व में मंडराने लगे हैं।

# शिक्षा के क्षेत्र में सुकमा नित नये आयाम स्थापित कर रहा है: धनीराम बारसे

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 5 जुलाई।** नए शिक्षा सत्र की शुरुआत को एक उत्सव के रूप में मनाते हुए आज बुधवार को विकासखंड मुख्यालय कोंटा के स्वामी आत्मानंद सभागार में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर व फूल चढ़ाकर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया तत्पश्चात सभी अतिथियों के द्वारा नन्हे मुन्ने बच्चे का तिलक चंदन लगाकर स्वागत किया गया एवं निशुल्क ड्रेस एवं पाठ्य पुस्तक का वितरण कर मीठा खिलाकर स्वागत किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री पी श्रीनिवास ने स्वागत प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आकांक्षी विकासखंड कोंटा मे शिक्षा के क्षेत्र मे किये जा रहे प्रयासों एवं छात्र हित मे शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिया। विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव के मुख्य अतिथि श्री धनीराम बारसे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं जिस उम्मीद के साथ अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय भेजते हैं निश्चय ही इस उम्मीद की पूर्ति आप शिक्षक ही कर सकते हैं शिक्षक ही राष्ट्र के निर्माता होते हैं। उन्होंने कहा की शिक्षा के क्षेत्र आज सुकमा नित नये आयाम स्थापित कर रहा है,सुकमा की एक नई पहचान उभर कर सामने आ रहा है एक सुंदर सुकमा की परिकल्पना साकर हो रहा है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए श्री सोयम मुका ने कहा की बच्चे कल देश संभालेंगे देश का भविष्य है उनकी नीव मजबूत होनी चाहिए हमारी सरकार सबको शिक्षा अच्छी शिक्षा देने का प्रयास कर रही है । इस अवसर पर उपस्थित श्री कोरसा सन्नू एवं नगर पंचायत अध्यक्ष कोंटा श्रीमती मौसम जया ने नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए बच्चों को पढ़ लिखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी एवं शिक्षा के महत्व को बताया। कार्यक्रम मे उपस्थित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंटा श्री आकाश राव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नए प्रवेशी नन्हे बच्चों का निश्चय ही स्वागत होना चाहिए, इससे उनमे उत्साह बढ़ता है।

इस अवसर पर जनपद पंचायत कोंटा के अध्यक्ष सुन्नम नागेश, जी साई रेड्डी,पी विजय,सुभाष चतुर्वेदी,टी विजेंद्र सिंह,सेमल नरेश,मड़कम भीमा,एम राजबाबू,उदयराज सिंह,जी वेंकट रमना रेड्डी, ग्राम पंचायत डोंदरा के सरपंच श्रीमती सेमल नागमणी, आर मुरली, बलिराम नायक,पार्षद अम्बाती देवी, मद्कम बाबू राव, पुल्ली गोलू,मढकम विजय,सूर्यकान्त सिंह भोला, समीर कीर्तनिया, पूर्णा चंद्र नायडू,पवन सिद्धू, अमितेश,श्रीमती कृष्ण कुमारी,श्रीमती अन्नपूर्णा दुबे,श्रीमती जी नागमणि,के सुनीता,एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक वीरभद्र राव,मंडल संयोजक पी श्रीनिवास, संकुल समन्वयक,विभिन्न संस्थाओं से आये शिक्षक छात्र-छात्राएं व अभिभावक मौजूद थे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने किया तथा कार्यक्रम का सफल संचालन टी.श्रीनिवास वासु प्रधान पाठक ने किया।



## एक नजर

### हॉस्पिटैलिटी एवं होटल मैनेजमेंट में प्रशिक्षण योजनांतर्गत आवेदन आमंत्रित

**सुकमा, 5 जुलाई।** वर्ष 2024-25 में लिए हास्पिटैलिटी (गेस्टशीप) एवं होटल मैनेजमेंट प्रशिक्षण योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवक/युवतियों को प्रशिक्षण दिया जाना है।हास्पिटैलिटी (गेस्टशीप) एवं होटल मैनेजमेंट में कैरियर बनाने की इच्छुक अभ्यार्थी 12 जुलाई 2024 समय शाम 05:00 बजे तक आवेदन पत्र पंजीकृत डाक द्वारा अथवा कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जिला-सुकमा में उपस्थित होकर जमा कर सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रो पर विचार नहीं किया जाएगा।आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम तथा शर्ते विभाग की वेबसाईट पर उपलब्ध है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुकमा से प्राप्त सूचना के अनुसार उपरोक्त प्रशिक्षण अंतर्गत कुल 100 अभ्यर्थियों को लाभान्वित किया जायेगा। प्रशिक्षणार्थियों क प्रशिक्षण व्यय विभाग द्वारा वहन किया जायेगा। यह प्रशिक्षण आवासीय है। प्रशिक्षण में छात्रावास एवं मेस की सुविधा भी निःशुल्क होगी। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षण देने वाली संस्था द्वारा जॉब प्लेसमेंट की प्रक्रिया से प्रशिक्षण से संबंधित जॉब भी उपलब्ध करायी जायेगी।

### डाक्टर्स डे पर मरीजों को सलाम

**सुकमा 5 जुलाई।** मरीज कई रूपों में डॉक्टर के पास पहुंचते हैं, कोई एक्यूट इमरजेंसी,कोई गूंगा, कोई बहरा, कोई लूला, कोई पैर से कमजोर, इत्यादि कई रूपों में डाक्टर के पास पहुंचते हैं। न जाने भगवान किस रूप में मरीज बनकर आ जाय। मैं डाक्टर्स डे पर मरीजों को सैल्यूट करता हु ,प्रणाम करता हूं। हे प्रभु ,यह प्रकृति की विडम्बना है कि हमारी जीविका इंसान की बीमारियों पर निर्भर करती है। पर हमारा सौभाग्य है कि भगवान ने हमें ऐसी विकट परिस्थितियों में सहायता करने की शक्ति प्रदान की है। हे प्रभु आप ही मरीजों के कष्टों का निवारण करते हैं। हम माध्यम मात्र ही हैं। हे ईश्वर हमारे मरीजों पर दया कर।दवा हमारी, दुआ लोगों की व दया आपकी।

### जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ने चलाया पौधारोपण अभियान

**उत्तर बस्तर कांकेर,5 जुलाई।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (भा.नौ.) संजय शुक्ला एवं कार्यालय के कर्मचारियों के साथ शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय राजापारा के विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। विद्यालय के शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भी वृक्षारोपण कर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी श्री संजय शुक्ला और कल्याण संयोजक श्री सूर्य प्रकाश त्रिपाठी द्वारा एक्स नायक श्री दिनेश सार्वा की पुत्री दिव्यांग साधना सार्वा को समाज कल्याण विभाग के सहयोग से व्हील चेयर प्रदाय किया।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**उत्तर बस्तर कांकेर, 5 जुलाई।** कलेक्टर श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत् प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए तहसील नरहरपुर के ग्राम थानाबोड़ी निवासी 21 वर्षीय कुमारी तामेश्वरी सिन्हा के आकाशीय बिजली गिरने के कारण मृत्यु हो जाने पर उनके परिजन श्री परमेश्वर सिन्हा एवं श्रीमती प्रभा बाई को संयुक्त रूप से चार लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### ऑयल पॉम की खेती से समृद्ध होंगे बस्तर के किसान

**जगदलपुर 5 जुलाई।** छत्तीसगढ़ का बस्तर अंचल विभिन्न फसलों की खेती-किसानी के लिए काफी उपयुक्त है यहां की जलवायु और मिट्टी काजू, कॉफी, मिर्च, ऑयल पॉम जैसी फसलों के लिए भी अनुकूल है। इसे मद्देनजर रखते हुए कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा बस्तर जिले के किसानों को ऑयल पॉम की खेती के लिए प्रोत्साहित कर उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान कर रही है। जिससे अब जिले के 05 विकासखण्डों बकावंड, तोकापाल, लोहण्डीगुड़ा, बास्तानार एवं दरभा में 300 हेक्टेयर लक्ष्य के अनुरूप टिकरा-मरहान भूमि पर किसानों द्वारा ऑयल पॉम का पौधरोपण किया जा रहा है। खाद्य तेल के रूप में उपयोग किये जाने वाले पॉम ऑयल की बाजार में बहुत मांग होने के फलस्वरूप 123 किसान इस ओर आकर्षित होकर अभी तक करीब 237 हेक्टेयर रकबा में ऑयल पॉम का पौधरोपण कर चुके हैं। साथ ही इंटरक्रॉपिंग फसलों से भी अतिरिक्त आय के जरिए उक्त किसान ऑयल पॉम की खेती से समृद्ध होने के प्रति आशान्वित हैं। जिले में ऑयल पॉम की खेती-किसानी के लिए रूचि रखने वाले किसानों को जिला प्रशासन द्वारा सिंचाई साधन और चैनलिंक फेंसिंग के लिए सहायता प्रदान करने के साथ ही निःशुल्क पौधे उपलब्ध करवाया गया है।

# आंकाक्षी जिला एवं ब्लॉक को स्वस्थ, समर्थ और समृद्ध बनाने ''गुल्लयकीनाद'', संपूर्णता अभियान का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 5 जुलाई।** जिले में आज ''गुल्लयकीनाद'', संपूर्णता अभियान का केन्द्र तथा राज्य शासन की प्राथमिकता वाली कार्यक्रमों में शामिल आकांक्षी विकासखण्ड के तहत जुलाई के प्रथम सप्ताह से 30 सितम्बर 2024, तीन माह तक कार्यक्रम के तहत संपूर्णता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का विविधत शुभारंभ 04 जुलाई को जिला मुख्यालय स्थिति स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति केंद्र परिसर सुकमा में आज गुरुवार को जिला स्तरीय संपूर्णता अभियान की शुरुआत की गयी। नीति आयोग के सलाहकार श्री वरूण सिंह और जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम आम नागरिकों के बेहतर जीवन शैली और अत्यंत पिछड़े क्षेत्रों में सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने पर केंद्रित है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विभिन्न उपलब्ध योजना, विभागों में अभिसरण कर कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना और चिन्हित कमियों को शत प्रतिशत दूर कर बेहतर परिणाम हासिल करना है।

कार्यक्रम में स्थानीय बोली के माध्यम से लोगों को गुल्लयकीनाद एवं संपूर्णता अभियान के तहत शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पोटाकेबिन मुरतोण्डा, आईएमएसटी स्कुल सुकमा एवं डीएवी स्कूल के बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की महमोहक प्रस्तुति की गई। साथ ही शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं एनआरएलएम में उतकृष्ट प्रदर्शन करने वाले को सम्मानित किया गया।

श्री वरूण सिंह नीति आयोग सलाहकार ने बताया कि आकांक्षी जिला एवं विकासखण्ड के तहत विकासखण्ड में स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग और एनआरएलएम के कार्यक्रमों और योजनों के क्रियान्वयनों के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को समय पर प्रसव पूर्व देखभाल, सभी बच्चों का पूर्ण टिकाकरण, सॉयल हैल्थ कार्ड का वितरण, गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण प्राप्त मिलने, हर व्यक्ति की मधुमेह और उच्च रक्तचाप की नियमित जांच, स्व सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड्स मिलने पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न विभागों मे सचालित 40 योजनाओं के क्रियान्यन को भी प्राथमिकता में रखा गया है।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधि श्री धनीराम बारसे ने कहा कि प्रदेश सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर करने के लिए महतारी वंदन योजना चलाई जा रही है। जिससे प्रदेश के महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम हो रही है। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा अंतिम व्यक्ति तक शासन की योजनओं का लाभ पहुचाने के लिए किये जा रहे जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की।

कलेक्टर श्री हरिस. एस ने कहा कि जिले में लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे है। जिले में भौगोलिक और सामाजिक चुनौती के पार करने हुए विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि नियद नेल्ला नार योजना के प्रारंभ होने से संवेदनशील क्षेत्र में शासन की योजनओं का लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में आंकाक्षी जिला एवं ब्लॉक को स्वस्थ, समर्थ और समृद्ध बनाने हेतु शपथ ली गई। कार्याक्रम का संचालन सेजेस पावारास सुकमा की प्रिंसिपल श्रीमती टीडी दास ने किया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ के 20 विकाखण्ड को आकांक्षी विकासखण्ड के रूप में चयन किया गया है, जिसमें सुकमा जिले के कोंटा विकासखण्ड भी शामिल है।

## जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के समापन में शामिल हुए विधायक नेताम

**उत्तर बस्तर कांकेर, 5 जुलाई।** जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन 21 दिवसीय खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर के मैदान में मुख्य अतिथि विधायक कांकेर श्री आशाराम नेताम की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक श्री शिशुपाल शोरी, केन्द्रीय बीज प्रमाणनबोर्ड के सदस्य श्री भरत मटियारा, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री रामचरण कोराम सहित अन्यजनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे। समापन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्री नेताम ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहाकि शिविर में भाग लेने वाले सभी बालक एवं बालिका इसी तरह खेलते रहें और आगेबढ़ते हुए राष्ट्रीय खिलाड़ी के रूप में अपनीपहचान बनाएं। पूर्व विधायक श्री शोरी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन निवास करता है। इसलिए खेल विभाग द्वारा समय-समय पर आयोजित खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेते रहें और अपने आपको हमेशा फिट रखें। श्री भरत मटियारा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा सभी सम्मानित प्रशिक्षकों को ट्रैक-सूट एवं प्रशिक्षणार्थियों को टी-शर्ट,प्रमाण पत्र, तथा फुटबॉल विजेताओं को ट्रॉफी वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी, खेल एवं युवाकल्याण सुश्री आस्था बोरकर एवं प्रभारी खेल अधिकारी श्री संजय जैन द्वारा आभार व्यक्तकिया गया। उल्लेखनीय है कि खेलएवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रति वर्ष की भॉति इस वर्ष भीखिलाड़ियों को प्रशिक्षण योजनांतर्गत जिला स्तरीयग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 18 मईसे 31 मई तक एवं 20 जून से 26 जून तक किया गया। जिलास्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में लगभग 170 बालक एवं बालिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया और विभिन्न खेल विधाओं की बारीकियोंसे रूबरू हुए। खेल प्रशिक्षण शिविर में खेलप्रशिक्षण शिविर में फुटबॉल, कराटे, खो-खो, एथेलटिक्स, हैण्डबॉल,व्हालीबॉल, बैडमिंटन खेल का प्रशिक्षण संबंधित खेल प्रशिक्षकों द्वारा दिया गया।

## समाचार संक्षेप

### बस्तर सांसद महेश कश्यप ने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात कर रायपुर-बस्तर रेल लाइन की मांग रखी

**दंतेवाड़ा 5 जुलाई ।** बस्तर सांसद महेश कश्यप ने रेल एवम सूचना प्रौद्योगिकी केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात कर बस्तर के रेल संबंधित विभिन्न मुद्दों से अवगत कराया। श्री कश्यप ने ज्ञापन में उल्लेखित किया की बस्तर लोकसभा क्षेत्र जल जंगल जमीन वन खनिज सम्पदाओं से भरा हुआ विशाल क्षेत्र है। आजादी के बरसों बाद भी रेल सुविधाओं से वंचित है,तत्कालीन सरकार द्वारा



बैलाडीला लोह खदान का एमयू होने के बाद लोह अयस्क परिवहन के लिए स्पेशल किरंदुल विशाखापट्टनम रेल लाइन बिछाया गया,रेलवे हो या एनएमडीसी से बस्तर के लोगो का भागीदारी होना चाहिए था,ना ही भागीदारी ना कोई विशेष लाभ अब तक मिला है द्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के गारंटी पर बस्तर वासियों ने भोरोसा जताया हैं, दल्ली - राजहरा रेल लाइन का रावघाट तक विस्तार हुआ है। रावघाट जगदलपुर रेल परियोजना रेल मंत्रालय द्वारा स्वीकृत है,हमें जानकारी प्राप्त हुआ है कि अपरिहार्य कारणों से बस्तर रेलवे द्वारा परियोजना क्रियान्वयन में असमर्थता व्यक्त की गई है,दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे विल्लापुरम द्वारा परियोजना हेतु डी पी आर पुनर्निरीक्षण का कार्य किया जा रहा है।डी पी आर पुनर्निरीक्षण कर कार्य अतिशीघ्र किया जाने का कष्ट करे।श्री कश्यप ने कहा की रायपुर से धमतरी तक रेल लाईन का विस्तार हो चुका है,धमतरी से जगदलपुर तक विस्तार किया जाना चाहिए ।बस्तर लोक सभा क्षेत्र के सामाजिक,व्यापारिक संगठनों द्वारा निरंतर यह मांग किया जा रहा है अतः शीघ्र प्रारंभ करने का कष्ट करे।सांसद कश्यप की तत्परता और सक्रियता की लोग सराहना कर रहे है।

### बस्तर सांसद महेश कश्यप ने केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात



**दंतेवाड़ा 5 जुलाई।** केन्द्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बस्तर के कई मुद्दों से गडकरी जी को अवगत कराया। सौंपे पत्र में श्री कश्यप ने दंतेवाड़ा के आंवराभाटा रेल क्रासिंग पर फ्लाई ओव्हर ब्रिज की मांग को प्रमुखता से रखा है ।सांसद श्री कश्यप ने इस पत्र में उल्लेखित किया है कि यहां फ्लाई ओव्हर ब्रिज अत्यंत आवश्यक है। यह एक सिंगल सड़क है, जो जिले को जोड़ती है। यहां हमेशा ट्रेफिक जाम की स्थिति रहती है। इसकी वजह से प्रतिदिन एम्बुलेंस, डिलवरी वाहन एवं आपातकालीन जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं बाधित होती हैं। इसके साथ ही सांसद श्री कश्यप ने जगदलपुर-रायपुर के लिए फोरलेन सड़क की मांग भी रखी। रायपुर से विशाखापटनम भारत माला रोड निर्माणाधीन है। यह जगदलपुर जिला मुख्यालय से 40 किमी. दूरी से गुजर रही है। उन्होंने श्री गडकरी से मांग की कि अगर एक लिंक रोड जगदलपुर से कोसागुमड़ा भारत माला रोड में जोड़ कर फोरलाईन सड़क की सुविधा जगदलपुर शहर को दी जाए तो लोगों को काफी सहुलियत होगी।

सांसद श्री कश्यप ने इसी तरह बीजापुर नदी में पुल स्वीकृत कर महाराष्ट्र को जोड़ने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 जो कि बस्तर को दक्षिण राज्य को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग जगदलपुर से कोंटा में जगदलपुर सुकमा तक 120 किमी. सीसी सड़क का निर्माण और सुकमा से कोंटा तक 90 किमी. सीसी रेल्वे क्रासिंग पर फ्लाई ओव्हर ब्रिज के लिए सौंपा पत्र जगदलपुर-रायपुर फोरलेन सड़क व बीजापुर-गढ़चिरौली सड़क पूर्ण करने की मांग। गढ़चिरौली होकर महाराष्ट्र को जोड़ने वाली सड़क को अति शीघ्र पूर्ण करने, पटनम से बारेगुड़ा सड़क लंबाई 12 किमी. मट्टीमरका में इन्द्रावती सड़क बनी है उस पर डामरीकरण की मांग भी रखी। इसके साथ ही बासागुड़ा से पामेड़ दूरी 40 किमी., तेलंगाना से छत्तीसगढ़ को जोड़ती है। इस मार्ग को भी स्वीकृत करने की मांग रखी गई। पत्र में यह भी उल्लेखित किया गया है कि बस्तर क्षेत्र नक्सल प्रभावित एवं दुर्गम क्षेत्र में आता है।




**जगदलपुर 5 जुलाई।** नगर पालिक निगम में नेता प्रतिपक्ष को उचित कक्ष आवंटित नहीं किए जाने तथा भाजपा पार्षद के तानाशाही के विरोध में कांग्रेस पार्षदों ने धरना दिया।



**जगदलपुर 5 जुलाई।** नए रेस्ट हाउस में पुराने एसीडी की विदाई के साथ नए एसडीएम का स्वागत।

# संभावित सड़क दुर्घटना वाले जगहों को चिन्हांकित कर आवश्यक उपाय सुनिश्चित करें: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा,5 जुलाई।** कलेक्टर श्री हरिस. एस ने जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए आज जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने बाधारहित सुगम यातायात के लिए दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों की पहचान करने और दुर्घटना संभावित कारणों में सुधार हेतु सभी आवश्यक उपाए अपनाने के निर्देश दिए। उन्होने ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर सुधार लाने, सड़कों पर गति सीमा संकेतांक लगाने, मुख्य मार्गो पर निर्धारित मांपदण्डों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण ब्रेकर बनाने, स्कूलों, कॉलेजों एवं अस्पतालों में यातायात नियमों के तहत निर्धारित परिधि में गतिसीमा-गतिवरोधक संकेतांक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होने जनजागरूकता के तहत दो पहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने हेतु प्रचार-प्रसार पर भी जोर दिया। उन्होने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात के नियमों का पालन कराने कहा। इसके साथ ही बिना हेलमेट के वाहन चलाने, निर्धारित सीमा से ज्यादा गति में वाहन



चलाने, नशे की हालत में वाहन चलाने, अवैध पार्किंग, दुकानो के सामने अतिक्रमण करने पर यातायात नियमों के तहत कड़ी कार्रवायी करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस, राजस्व, परिवहन, लोक निर्माण एवं नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर शहर के व्यस्तम मार्गो, अवैध पार्किंग एवं अतिक्रमण हटाने नियमित रूप से संयुक्त अभियान चलाने कहा गया। कलेक्टर ने जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हर महीने आयोजित करने तथा दिए निर्देशों के अनुरूप पालन सुनिश्चित करने कहा। उन्होने कहा कि अगली बैठक में सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु किए गए कार्यों में प्रगति दिखनी चाहिए।

# क्यूआर कोड स्कैन कर अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन डाक्यूमेंट पर जनता दें सकती हैं अपने सुझाव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा 5 जुलाई।** केंद्र सरकार द्वारा 15 अगस्त 2021 को किये गये आह्वान पर वर्ष 2047 में भारत की आजादी के 100 साल (अमृतकाल) पूर्ण होने तक विकसित राष्ट्र बनाना हैं 7 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को मूर्तरूप देने राज्य के वित्त एवं योजना मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी द्वारा 9 फरवरी 2024 को विधानसभा में 2024-25 के बजट सत्र के दौरान छत्तीसगढ़ को भी 2047 तक विकसित राज्य बनाने हेतु रूपरेखा एक विजन डॉक्यूमेंट के रूप में तैयार कर, 1 नवम्बर राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर ''अमृतकाल = छत्तीसगढ़ विजन / 2047'' विजन डाक्यूमेंट जनता को समर्पित किया जायेगा। ''अमृतकाल = छत्तीसगढ़ विजन /2047'' डाक्यूमेंट को सर्वसमावेशी बनाये जाने के उद्देश्य से सर्व जनसामन्य से सूझाव आमंत्रित करने हेतु नीति आयोग द्वारा नागरिक पोर्टल ''मोर सपना मोर विकसीत छत्तीसगढ'' प्रारूप तैयार किया गया है। लिंक पर जा कर या क्यूआर कोड स्कैन कर ''अमृतकाल = छत्तीसगढ़ विजन / 2047'' पर 30 जुलाई 2024 तक जनसामान्य द्वारा अपने सुझाव प्रेषित किये जा सकते है।





## कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश

# योजनाओं का कारगर क्रियान्वयन कर आम जनता की बेहतरी के लिए करें सार्थक प्रयास:कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 5 जुलाई।** कलेक्टर श्री हरिस एस. ने कहा कि विभागीय गतिविधियों और शासन की जनहितकारी योजनाओं का कारगर क्रियान्वयन कर आम जनता की बेहतरी के लिए सार्थक प्रयास करें। जिले के दूरस्थ ईलाके के लोगों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने पर ध्यान केंद्रित करें और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने संवेदनशीलता के साथ पहल करें। कलेक्टर श्री हरिस एस. मंगलवार को कलेक्टोरेट के सभागार में आयोजित समय-सीमा की बैठक के दौरान उक्त निर्देश अधिकारियों को दिए।



कलेक्टर ने जिला मुख्यालय से दूरस्थ वनांचल में निवासरत ग्रामीणों को तहसील कार्यालय में होने वाले कार्यों से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जगरगुण्डा तहसील जो वर्तमान में दोरनापाल तहसील में संचालित है, उसे यथाशीघ्र पृथक-पृथक कार्यालय में नियमित रूप से संचालित किये जाने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को राजस्व से संबंधित कार्यों के लिए सहूलियत हो। उन्होंने जिले में चिन्हांकित सक्षम आंगनबाड़ी केन्द्रों का उन्नयन के तहत विद्युतीकरण करने के साथ ही ग्राम मंगलगुड़ा और गोंडेरास में विद्युत कनेक्शन शीघ्र उपलब्ध करवाने कहा। इसके अलावा उन्होंने वेरमामोड़ और बोरगुड़ा (पटेलपारा) के ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से नजदीकी पंचायत में जोड़ने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जुलाई माह के प्रथम सप्ताह से शुरू होने वाले संपूर्णता अभियान के लिए तय लक्ष्य को समय-सीमा में शत-प्रतिशत प्राप्त करने के लिए संबन्धित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग को गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं एवं बच्चों को प्राथमिकता देकर उनकी नियमित स्वास्थ्य जांच,स्वास्थ्य परामर्श सहित पोषण की दिशा में ध्यान देने कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री नम्रता जैन, अपर कलेक्टर श्री गजेंद्र सिंह ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर श्री सूरज कश्यप, एसडीएम छिंदगढ़ श्री प्रताप विजय खेस, एसडीएम कोंटा श्री शबाब खान, जनपद सीईओ तहसीलदार सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि अविवादित नामांतरण और सीमांकन के प्रकरणों को राजस्व अधिकारी तत्काल निराकरण करना सुनिश्चित करें। सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण करवाएं, जहां जरूरत है वहां पर टीम बनाकर सीमांकन कार्य को पूर्ण करवाएं। बैठक में तहसील कार्यालय में प्राप्त त्रुटि सुधार हेतु प्राप्त प्रकरण को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

## पीएम आवास का काम शीघ्र पूरा करें: सीईओ

**सुकमा, 5 जुलाई।** जिला पंचायत सीईओ सुश्री नम्रता जैन ने सोमवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। समीक्षा बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री जैन के द्वारा अद्यतन हुए पीएम आवास में कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उन्होंने जिन पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना का कार्य धीमा है और पूर्ण हुए आवासों की संख्या कम है, वहां के हितग्राहियों को शीघ्र आवास पूर्ण करने के लिए प्रेरित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने आवास निर्माण कार्य में अनावश्यक विलंब कर रहे, उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही गई। सीईओ जिला पंचायत सुश्री जैन ने कहा कि इस योजना का लाभ जरूरतमंदों को समय पर मिले, यही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आवास के अभाव में विपरीत मौसम व परिस्थितियों में जरूरतमंदों को बहुत सी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है, इसलिए हितग्राहियों के प्रति संवेदनशील बनें। उनका आवास समय पर पूरा कराने हेतु सहयोग करें और प्रगतिरत प्रधानमंत्री आवास निर्माण के कार्य की मॉनिटरिंग करते रहे। बैठक में परियोजना अधिकारी जिला पंचायत श्री बीएस भगत, एपीओ श्री कैलाश कश्यप, जनपद सीईओ सुकमा सुश्री मधु तेता, जनपद सीईओ कोंटा श्री नारद कुमार मांझी, जिला समन्वयक श्री दिवाकर साहू सहित पीएम आवास नोडल अधिकारी एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

एक नजर

### मारवाड़ी महिला सम्मेलन सेवा कार्यों में अग्रणी



**खरसिया,5 जुलाई।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा खरसिया हमेशा ही सामाजिक कार्य में अग्रसर रहती है आज सम्मेलन टीम पहुंची नेहा सिलाई सेंटर पहले हनुमानजी मन्दिर पहुंच पूजा कर हनुमान चालीसा का पाठ कर आशीर्वाद लिया फिर उन्होंने नेहा सिलाई सेंटर पहुंचकर जरूरतमंद गरीब बच्चों के लिए कपड़े सिलवाए और पूरा हर तरह का कपड़ा सिलकर देने को कहा उसके लिए उनको कपड़ा देकर आए सभी बहनों ने एकजुट हो कर गांव गांव जा के कपड़ा का बितरण करने का निर्णय लिया सुई धागा सम्मेलन का राष्ट्रीय प्रोजेक्ट है ।इसी प्रोजेक्ट के तहत खरसिया सम्मेलन की टीम कपड़ा सिलवा कर जरूरत मंद को बितरण करेंगे आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में सम्मेलन की सक्रिय मेम्बरों की उपस्थिति रही अध्यक्ष रितु बंशल ,अमिता नूतन,कल्पना गर्ग,पूनम गर्ग,निशा अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, मीनू मित्तल,मंजू बंशल,ममता बन्दोरा।

## कोई भी विद्यार्थी स्कूल प्रवेश से न रहे वंचित

**रायगढ़, 5 जुलाई।** कलेक्टर श्री कार्तिकिया गोयल ने जिला शिक्षा अधिकारी को नये शिक्षण सत्र से बेहतर विद्यालय संचालन के संबंध में निर्देश दिए थे। उक्त निर्देश के परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.बाखला ने जिले के समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं प्रायार्यो को स्कूल संचालन हेतु दिशा-निर्देश जारी किए है। उन्होंने कहा कि स्कूल में कोई भी विद्यार्थी प्रवेश से वंचित न रहे उन्हें नियमानुसार प्रवेश दिलाएं। जिन विद्यालयों में बच्चे नहीं आ रहे है उनके पालकों से संपर्क स्थापित कर शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। शासन द्वारा जो भी योजनाएं चलायी जा रही है जैसे मध्यान्ह भोजन, पाठ्य पुस्तक, गणवेश वितरण का लाभ समय पर शत-प्रतिशत बच्चों को उपलब्ध कराएं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में यदि स्कूल बंद होते है तो शासन द्वारा दी जाने वाली मध्यान्ह भोजन योजना के तहत सुखा राशन वितरण कराएं। निर्धारित समयावधि में सभी शिक्षक विद्यालय में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। हाई/हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में प्रारंभ से ही प्रयोग शाला, पुस्तकालयों का उपयोग एवं रख-रखाव करें। विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए शाला संचालित होने, अवकाश आदि के समय निगरानी रखते हुए विशेष सावधानी बरते। जिन शासकीय विद्यालयों में मरम्मत, जीर्णोद्धार, अतिरिक्त कक्ष निर्माण आदि कार्य चल रहे है वे निर्माण एजेंसी से समन्वय कर शीघ्र कार्य पूर्ण कराएं। जो विद्यालय भवन जर्जर/अतिजर्जर है ऐसे भवनों में बच्चों को सुरक्षा की दृष्टि से वहां न बैठाये एवं आपस में समन्वय कर वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के उपस्थिति की डेली रिपोर्ट भेजें जिला कार्यालयः सीईओ

**रायगढ़, 5 जुलाई।** सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने जिला पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने ने सभी स्कूलों के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के उपस्थिति रिपोर्ट प्रतिदिन दोपहर 12 बजे तक जिला कार्यालय भेजने के निर्देश दिए। सीईओ श्री यादव ने सभी स्कूलों को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों की साप्ताहिक परीक्षा लेने तथा परिणाम के रिकार्ड हर स्कूल को संधारित करने के निर्देश दिए। जिससे प्राप्त परिणाम के आधार पर विकासखण्ड की रैंकिंग की जाएगी। इस दौरान उन्होंने जिला, ब्लाक एवं संकुल स्तर के अधिकारियों को अपने अधीनस्थ स्कूलों में सतत निरीक्षण करने एवं अनुपस्थित कर्मचारियों पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने 'उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' के सफल क्रियान्वयन हेतु समीक्षा की। जिसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में अनुशंसित 'उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' प्रारंभ हो चुका है। सत्र 2024-25 में 35 हजार असाक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को पूर्ण साक्षर किया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत श्री यादव ने कहा कि 'उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम' के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के अतिरिक्त वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता, डिजिटल, पर्यावरण एवं मतदान साक्षरता के साथ ही आपदा प्रबंधन, वाणिज्य कौशल, स्वास्थ्य जागरूकता, परिवार कल्याण, व्यवसायिक कौशल विकास आदि पर भी साक्षरता प्रदान करना है।

# जंवईबांधा स्कूल में प्रवेशोत्सव के साथ ही पौधारोपण किया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 5 जुलाई।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला जंवईबांधा द्वारा संयुक्त रुप से कक्षा पहली और छठवीं के नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रधान पाठक ओमप्रकाश सोनकला द्वारा अपने पिताजी स्वर्गीय नोहर राम सोनकला की स्मृति मे कक्षा आठवी मे प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले क्रमशः चंचल साहू, सोनाली साहू,चेतना साहू, कक्षा सातवीं मे प्रथम,द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले जय कुमार साहू,धनराज यदू भूमिका साहू व छटवीं मे प्रथम,द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले क्रमशः प्रतिभा साहू, टिकेश्वरी तारक, चिनमय साहू को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया व सेवानिवृत्त प्रधान पाठक धर्म दास भार्गव द्वारा निर्धन छात्रो डोमेश्वरी,पुष्पांजली, कांति व ओमप्रकाश सोनकला द्वारा दामनी ध्रुव को सभी विषयों के लिए कापी व पेन दिया गया। शाला प्रवेशोत्सव मे आए हुए अतिथियो ने बच्चों को अनुशासन मे रहकर अच्छे से पढने के लिए प्रेरित किया व प्रत्येक दिन शाला आने के लिए उत्साहित किया गया। एस.एम.सी.अध्यक्ष राकेश साहू व उपसरपंच मुकेश साहू ने बच्चो को पढाई,खेलकूद के साथ नैतिक आचरण उच्च रखने पर बल दिया। एस.एम.सी.उपाध्यक्ष डुकेश साहू ने अपने जन्मदिन पर 5 जुलाई को बच्चों को न्योता भोज देने की बात कहीं। शाला प्रवेशोत्सव मनाने पश्चात अतिथियो द्वारा शाला परिसर मे बाटल पाम, नीम ,आम, कटहल ,गुलमोहर, मुनगा सहित अनेक प्रकार के फूल-पौधों का रोपण किया गया। आज के शाला प्रवेश उत्सव एवं पौधेरोपण समारोह मे सरपंच फूलेश्वर ध्रुव,उपसरपंच मुकेश साहू,शाला विकास समिति द्वय अध्यक्ष राकेश साहू व चन्द्रशेखर साहू, मालिक साहू, खेलन साहू,डुकेश साहू,रामसेवक, चंद्रिका साहू,धर्म दास भार्गव सेवानिवृत्त प्रधान पाठक, भागवत कुर्रे प्रधान पाठक,ओमप्रकाश सोनकला प्रधान पाठक, चेतन साहू शिक्षक,अंजूलता गिलहरे शिक्षिका,गंगा प्रसाद नागरची संकुल समन्वयक, शंकर साहू शिक्षक,ऋचा जांगड़े शिक्षिका,दुर्गा साहू,द्रोपती साहू,दुलारी साहू,मोंगरा साहू,टिकेश्वरी साहू, नंदनी साहू,सुमित्रा तारक,अनिता पटेल, जानकी ध्रुव,बेना ध्रुव,गजाधर साहू,दौलत सहित एस.एम.सी.सदस्य गण पंचायत पदाधिकारी,पालकगण व ग्रामवासी उपस्थित थे। शाला प्रवेशोत्सव समारोह का संचालन शिक्षिका अंजूलता गिलहरे ने किया।

## बारूला स्कूल में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम आयोजित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**फिंगेश्वर, 5 जुलाई।** शासकीय प्राथमिक शाला बारूला में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम 4.0 के तहत नव प्रवेशी बच्चों के स्वागत एवं विद्या प्रारंभ हेतु पढ़ई तिहार का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का शुभारंभमाँ सरस्वती के पूजा अर्चना के साथ किया गया.इस अवसर पाठशाला के प्रधान अध्यापिका लता ध्रुव ने बताया कि अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत नामांकन व संकलन, शारीरिक व क्रियात्मक, विकास संतुलन बनाकर चलना, पेपर फोल्डिंग, बौद्धिक विकास, वर्ग पहचान, भाषा विकास, चित्र वाचन अक्षर, शब्द अनुच्छेद पढ़ना, चेहरे का भाव पहचानना, लिखना आदि बातें बच्चों को खेल-खेल में कैसे गुणवत्ता पूर्व शिक्षा प्राप्त हो इसकी जानकारी दी गई.इस अवसर पर केसर साहू, रेखा साहू, अनुसुइया साहू, सीता पारधी,अनिता बांधे,प्रधान अध्यापिका लता ध्रुव, शिक्षिका मोती ध्रुव, हीरावन साहू, कमलकांत सेन,रितु ध्रुव व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# 229 बटालियन के जवानों ने एनीमिया से पीड़ित आदिवासी लड़की की खून देकर बचाई जान




**बीजापुर, 5 जुलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बीजापुर में स्थित गाँव-फुटकेल, थाना-तिमापुर निवासी आदिवासी लड़की अंजली पुजारी पिता-सोमलु पुजारी, उम्र-21 वर्ष जोकि एनीमियां की बीमारी से ग्रसित है, उसे दिनांक 03/07/2024 को तत्काल रक्त की आवश्यकता थी जिससे कि उक्त आदिवासी लड़की की रक्त की कमी को पूरा कर जान बचाया जा सके । सिविल अस्पताल बीजापुर एवं आदिवासी लड़की के भाई देवेन्द्र पुजारी से उपरोक्त सूचना के प्राप्त होते ही श्री मुखत्यार सिहं, द्वितीय कमान अधिकारी 229 बटालियन ने वाहिनी के चिकित्सा अधिकारी को बीजापुर जिला सिविल अस्पताल में सम्पर्क करने का आदेश दिया उक्त के संबंध में इस वाहिनी के निरीक्षक/भेसजज्ञ राणा वसन्त कुमार को जिला चिकित्सालय भेजा गया एवं वस्तुस्थिती की जानकारी ली जिसके उपरान्त मामले पर त्वरीत कार्यवाही करते हुए निरीक्षक/भेसजज्ञ राणा वसन्त कुमार ने हव0/जीडी0 नरेश कुमार को आदिवासी लड़की की जान बचाने हेतु रक्तदान कर उसकेखून की कमी को तत्काल पुरा किया। रक्तदान के पश्चात् जिला अस्पताल द्वारा रक्तदाताहव0/जीडी0 नरेश कुमार को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। आदिवासी लड़की अंजली पुजारी एवं उनके परिवार ने इस महान कार्य के लिए 229 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व में भी 229 वाहिनी के अधिकारियों व कार्मिकों द्वारा रक्तदान कर कई आदिवासी भाइयों/बहनो व उनके परिवारजनों की जान बचाने का कार्य किया गया है। भविष्य में भी 229 वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल इस प्रकार के मानवता के कार्य करने के लिए सदैव तत्पर एवं प्रतिबद्ध है ।

## रामपुर से गोवर्धनपुर मार्ग का मरम्मत कार्य जारी

**रायगढ़, 5 जुलाई।** बारिश के कारण रामपुर से गोवर्धनपुर मार्ग में काफी गड्ढे हो गए थे। जिसकी वजह से इस मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन बाधित होने के साथ जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने वाहनों के आवाजाही सुचारू व सुरक्षित करने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सड़क मरम्मत के निर्देश दिए थे। इसके साथ ही कलेक्टर श्री गोयल मरम्मत कार्य की नियमित मॉनिटरिंग भी कर रहे है। कलेक्टर श्री गोयल के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़को के गड्ढों का नियमित भराव कर भारी वाहनों की आवाजाही शुरू कर दी गई है। एसडीओ पीडब्ल्यूडी श्री मुरारी सिंह नायक ने बताया कि पिछले तीन दिनों से लगातार सड़क मरम्मत हेतु गड्ढों में स्लैग का भराव किया गया है। नीचे बड़े स्लैग डालकर सड़क को समतल किया जा रहा है। गड्ढों से पानी निकासी की व्यवस्था भी की जा रही है।

# जनपद पंचायत एवं बैंकों की लापरवाही का पेंशनधारी खामियाजा भुगत रहे है



**भोपालपटनम, 5 जुलाई।** जनपद पंचायत भोपालपटनम के अंतर्गत पेंशनधारी वृद्धजनो,विधवा, परित्यक्ता एवं दिव्यांगजनो को दी जाने वाली पेंशन राशि का भुगतान गत कई महीनो से न मिलने से अनेको पेंशनधारी वृद्धज़न कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन करने पर मजबूर है शासन द्वारा सामाजिक सुरक्षा, वृद्धावस्था, विधवा,सुखद सहारा, एवं मुख्यमंत्री सहायता पेंशन जैसे पांच प्रकार की योजनाओं के तहत बेसहारा लोगों को प्रतिमाह ?500 की राशि पेंशन स्वरूप दिए जाने का प्रावधान है किंतु प्रशासन की बेपरवाह के चलते संबंधित हितग्राहियों को प्रतिमाह नियमित रूप से पेंशन राशि का भुगतान न मिलने से हितग्राही दर-दर भटकते नजर आते है।

उक्त बातें क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति मे कही ताटी ने कहा कि अशिक्षित गरीब बेसहारा हितग्राही प्रतिमाह ?500 प्राप्त करने की आश लगाएं बैंकों का चक्कर लगा लगाकर थक हार जाते हैं लेकिन उन्हें पेंशन की राशि प्राप्त करने में सफलता हासिल नहीं होती जिला पंचायत सदस्य ने यह भी कहा कि पेंशनधारी समस्त हितग्राहियों का बैंक खाता होने के बावजूद भी उन बैंक खातों में पेंशन की राशि इसलिए ऑनलाइन नहीं आ पाता क्योंकि उन खातों का जिम्मेदार व्यक्तियों द्वारा डी.वी.डी. नहीं कराया गया है ताटी ने आगे कहा कि बैंकों की प्रक्रिया के तहत जब तक हितग्राहियों के बैंक खातों का डी.वी.डी. नहीं कराया जाता तब तक पेंशन की राशि संबंधित हितग्राहियों के बैंक खातों में जमा नहीं होगी जिला पंचायत सदस्य ने कहा कि पेंशनधारी हितग्राहियो के साथ संबंधित बैंक अधिकारियों का रवैया भी संतोषप्रद नहीं रहता जिस कारण सही जानकारी के अभाव में हितग्राही पेंशन के लिए अनावश्यक बैंकों का चक्कर लगाते फिरते हैं ताटी ने सुझाव देते हुए कहा कि पेंशन पाने वालों में अधिकांश हितग्राही बुजुर्ग एवं दिव्यांग शामिल है जिस कारण उन्हें बैंक के माध्यम से पेंशन प्राप्त करने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है उनकी इस गंभीर समस्या के प्रति मानवीयता के आधार पर विचार करते हुए पेंशन राशि का नगद भुगतान किया जाना न्यायोचित होगा ताटी ने यह भी कहा कि इस पेंशन राशि का नगद भुगतान करने के लिए एक पांच सदस्यी कमेटी का गठन भी किया जाना चाहिए ताकि इस भुगतान की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

# राहुल गांधी के हिंदू विरोधी भाषण पर भाजयुमो ने किया पुतला दहन



**बीजापुर,5 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर नगर के शिव मंदिर चौक में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा बीजापुर के द्वारा राहुल गांधी के द्वारा संसद में दिए गए हिंदू विरोधी भाषण के विरोध में पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा के युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष बलदेव उरसा नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के पुतला दहन कर राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए कांग्रेस पार्टी को लताड़ने का काम किया है। जिस प्रकार कांग्रेस पार्टी और उनके सहयोगी दलों द्वारा हिंदू विरोधी भाषण बाजी कर एक विशेष समुदाय को संरक्षण देने का काम कर रहे हैं यह देश के लिए बहुत ही शर्मनाक बात है इस देश में 80त्न हिंदू आबादी वाले देश कांग्रेस पार्टी को आजादी के बाद लगातार सत्ता में बैठाकर रखी और वहीं कांग्रेस पार्टी के नेता सदन के नेता प्रतिपक्ष सांसद राहुल गांधी द्वारा हिंदू समाज और हिंदुओं को हिंसक कहना अति निंदनीय है युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पूरे जोर-शोर के साथ इस भाषण की कड़ी निंदा करती है और कांग्रेस की इस मानसिकता को पूरे देश को समझने की जरूरत है जिन्होंने आज हिंदू समाज को गाली देने का काम किया है। इस अवसर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष घासीराम नाग, एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष जिलाराम राना, भाजपा नेता अजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष लव कुमार रायडू, पार्षद नदकिशोर राना, संजय रिवानी,युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य फूलचंद गागड़ा, हरिहर साहनी, युवा मोर्चा महामंत्री मथियस कुजूर, दीपक चौहान, हरिश उप्पल, गोलू नाग, हितेंद्र नाग, हितेश साहनी, गिरजा शंकर तामडी, हरीश बेलसरिया, विष्णु साहू, रामधर जुर्री, पूजा पोंदी, सुनीता तिवारी, साई किरण चेट्टी, पवन नाग, विनीत, ज्ञानदीप बघेल सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

## गल्ला व्यापारी के घर में 111 बोरी पीडीएस का चना एवं 50 क्विंटल गुड़ जब्त



**बीजापुर,5 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जैतालूर के कालेजपारा स्थित गल्ला व्यापारी सुजित जायसवाल के घर सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रदाय की जाने चना एवं गुड़ के अवैध भण्डारण की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस की टीम ने गल्ला व्यापारी के घर दबिश देकर 111 बोरी चना (55 क्विंटल 50 किलो) एवं 50 क्विंटल गुड़ दोनों की कुल लागत 4 लाख से अधिक बताया जा रहा है की जप्ती बनाई खबर मिलने पर कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने इस तरह की शासकीय खद्यान्न की अफरा-तफरी करने वाले दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही एवं जनमानस को भी अपील करते हुये कहा कि इस तरह की जानकारी मिलने पर त्वरित सूचित करें ताकि उनपर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जा सके। इस दौरान एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल तहसीलदार सहित पुलिस विभाग के टीम के अलावा श्रम एवं खाद्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

## 31 अगस्त तक डायरिया रोको अभियान रहेगा जारी

**बीजापुर,5 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय की अध्यक्षता में 03 जुलाई को जिला टास्क फोर्स की बैठक की गई है जिसमें कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में डायरिया से होने वाले



मृत्यु की रोकथाम के उद्देश्य से जिले में 1 जुलाई से 31 अगस्त तक डायरिया रोको अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान में शून्य से 5 वर्ष के बच्चों को डायरिया से बचाव हेतु मितानिन, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य कार्यकताओं द्वारा घर-घर सर्वे कर, हाथ धोने की विधि, जीवन रक्षक घोल बनाये जाने तथा ओ.आर.एस. जिंक की महत्ता, दस्त होने पर भी मां के दूध पिलाने की आवश्यकता तथा शौच हेतु टॉयलेट की उपयोग के बारे जानकारी दी जा रही है। जल जनित बीमारियों को ध्यान में रखते हुए घरों में तथा कुओं, जल स्त्रातों की साफ सफाई एवं संक्रमण को रोकने हेतु क्लोरीन टेबलेट्स वितरीत किया जाना है। जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में ओ.पी.डी. तथा आई.पी.डी. वार्ड में ओआरएस जिंक कार्नर की स्थापना की गई है। अभियान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में पिछले 3-4 महीनों में डायरिया से प्रभावित 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की जानकारी तैयार करना, एवं सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में ओआर टी कार्नन के लिए ओआरएस जिंक टेबलेट के स्टाक स्वास्थ्य विभाग से समन्वय करके रखना, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा खुले में कूड़ा फेंकने से रोकने, नालों की सफाई, बाजारों, खाद्य विक्रय क्षेत्रों, शहरी झुग्गी झोपड़ी पर विशेष ध्यान देते हुए स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत विशेष स्वच्छता रखा जाना, प्रतिदिन कचरे के संग्रहण एवं परिवहन की व्यवस्था, वर्षा की स्थिति में कचरे के संग्रहण एवं परिवहन की विशेष व्यवस्था कराना, घर घर जागरूकता अभियान, हाथ धोने, कूडा न फैलाने, साफ-सफाई की जानकारी दी जाएगी।

## स्वास्थ्य ,शिक्षा ,पूरक पोषण सहित 7 इंडिकेटर को 30 सितम्बर तक संतृप्त करें : कलेक्टर



**बीजापुर,5 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नीति आयोग भारत सरकार द्वारा जिला मुख्यालय अंतर्गत आज 04 जुलाई को '' संपूर्णता अभियान '' के शुभारंभ कार्यक्रम जिला कार्यालय परिसर में आयोजित हुआ। 04 जुलाई से 30 सितम्बर तक 3 माह तक संपूर्णता अभियान चलेगा। संपूर्णता अभियान का उद्देश्य देश भर के आकांक्षी जिलो में स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, समाजिक विकास और शिक्षा जैसे विभिन्न विषयो में पहचाने गए संकेतको की संतृप्ति प्राप्त करना है। संपूर्णता शुभारंभ कार्यक्रम में कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने सभी संकेतको को संतृप्त करने में योगदान करने जिले एवं ब्लाक को स्वास्थ्य, समर्थ और समृद्ध बनाने की शपथ दिलाई। इसके पूर्व डॉ सोनाली रावल कंसलटेंट नई दिल्ली ने अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी और देश भर के चिन्हित 112 जिलों में बीजापुर जिला द्वारा 4 बार डेल्टा रैकिंग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पुरस्कार प्राप्त होने पर जिला प्रशासन की टीम को बधाई दी।कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने संपूर्णता अभियान के बारे में बताते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री द्वारा पिछड़े हुए जिले को विकास की मुख्यधारा में जोड़ते के लिए आकांक्षी जिला एंव आकांक्षी ब्लाक अंतर्गत विशेष सहयोग से विकास को बढ़ावा दिय जा रहा है ।ताकि सामान्य जिलो की भांति शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि सहित संपूर्ण रुप से विकसित किया जा सके। नीति आयोग के डेल्टा रैकिंग में बेहतर प्रदर्शन करने के नीति आयोग द्वारा जिले को 4 बार पुरस्कृत किए।

# छत्तीसगढ़ सक्रिय पत्रकार संघ का दो दिवसीय प्रादेशिक अधिवेशन 27 व 28 जुलाई को कवर्धा में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 5 जुलाई।** छत्तीसगढ़ सक्रिय पत्रकार संघ का दो दिवसीय प्रादेशिक अधिवेशन कवर्धा जिला मुख्यालय में 27 व 28 जुलाई को आयोजित होने जा रहा है। इस वृहद आयोजन में छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि एवं उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा जी विशिष्ट अतिथि होगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार भारत के सर्वोच्च सम्मान पद्मश्री से सम्मानित विजय दत्त श्रीधर करेंगे और मुख्य वक्ता के रूप में राज्य सभा टेलीवीज़न दिल्ली के पूर्व एक्जक्युटिव डायरेक्ट माननीय राजेश बादल जी उपस्थित रहेंगे। साथ ही भारतवर्ष के विभिन्न प्रांतों के वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार, शिक्षाविद, पत्रकार संघों के अध्यक्ष इस अधिवेशन में शामिल होकर अपने अनुभवों से उपस्थित पत्रकारों को संबोधित कर शिक्षित करेंगे।इस भव्य आयोजन में आने की स्वीकृति मुख्यमंत्री दोनों उप मुख्यमंत्री सहित बाहरी प्रांतों से आने वाले अतिथि पत्रकार ने दे दी है।

भारतवर्ष के लगभग सभी राज्यों के पत्रकार साथी इस आयोजन में सम्मलित होने विभिन माध्यमों से 26 जुलाई को कवर्धा पहुंच रहे हैं। जिसमे प्रमुख रूप से पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर , संस्थापक, माधवराव सप्रे समाचार संग्रहालय एवं शोध संस्थान भोपाल, राजेश बादल, पूर्व एक्जक्युटिव डायरेक्ट राज्य सभा टेलीवीज़न दिल्ली, डा. सुधीर सक्सेना, एडीटर इन चीफ, दुनियां इन दिनों दिल्ली, प्रेम शंकर अवस्थी, प्रधान सम्पादक, दैनिक युगांतर प्रवाह लखनऊ उप्र , टी रमेश बाबू, वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार, हैदराबाद पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पत्रकार फैडरेशन , सिद्धांत सिंह एडीटर द ओपन दिल्ली, आर आर गोस्वामी, न्यूज एडीटर, दैनिक इकोनामिक टाइम्स अहमदाबाद, गुजरात, राधावल्लभ शारदा, प्रदेश अध्यक्ष , एमपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन भोपाल मप्र, निषांत कांबले, प्रदेश अध्यक्ष महाराष्ट्र वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन नागपुर महाराष्ट्र, अविनाश मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष उडी़सा पत्रकार संघ भुवनेश्वर, उडी़सा, विनोद पांचाल अध्यक्ष हरियाणा पत्रकार संघ, पानीपत हरियाणा, लीलाधर शर्मा प्रेस क्लब अध्यक्ष फजिल्का पंजाब, अनिल ज्यानी, वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार पंजाब, रितेश चौरसिया, दैनिक भास्कर रांची, झारखंड, सहित उनके साथी पत्रकार हैं। बुधवार को मुख्यमंत्री निवास में छत्तीसगढ़ सक्रिय पत्रकार संघ का प्रतिनिधि मंडल आरक्षित समय पर सीएम से मुलाकात कर अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण दिया। इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष राज गोस्वामी ने मुख्यमंत्री को अधिवेशन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। लंबी चर्चा के बाद मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आना सहर्ष स्वीकार किया है। दोनों उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा ने पूर्व में हुई मुलाकात में कार्यक्रम में आने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष राज गोस्वामी एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनोज सिंह बघेल, महासचिव चंकी तिवारी, संभागीय अध्यक्ष स्वरूप भट्टाचार्य, उपाध्यक्ष एस के सिंह, सचिव मनीष शर्मा, देवेन्द चंद्रवंशी, जांजगीर जिलाध्यक्ष हरि अग्रवाल, सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य गण मौजूद थे।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान : तहसील कार्यालय परिसर में रोपे पौधे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा, 5 जुलाई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अहावन पर सम्पूर्ण भारत मे एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के अंतर्गत तहत सम्पूर्ण रायपुर जिले में शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्र के समस्त शासकीय/अशासकीय कार्यालयों, संस्थाओं, शैक्षणिक एवं स्वास्थ्य केन्द्रों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं अन्य चिन्हित स्थलों पर अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण किया गया, उसी तारतम्य में तहसील तिल्दा नेवरा में राजस्व अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से तिल्दा नेवरा एसडीएम प्रकाश टंडन तहसीलदार ज्योति मसीयारे, नायब तहसीलदार विपिन पटेल, राजस्व निरीक्षक रंजन सिन्हा, पटवारी प्रसाद अलोनी, एवम् समस्त तहसील स्टाफ सौरभ जैन, डाक्टर खुमान, विजय ठाकुर, एवं क्षेत्र के प्रबुद्ध जन, गणमान्य नागरिक और मौजूद रहे।

इस अवसर पर सबोधित करते हुए एस डी एम प्रकाश टंडन ने कहा कि इस अभियान की खास बात यह है कि एक पौधा मॉ के नाम लगाया जाएगा है। सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर उनके सम्मान मे एक पेड़ जरूर लगाएं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, धरती की रक्षा और आने वाली पीढ़ी के स्वस्थ भविष्य के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना हम सबका कर्तव्य है।

ज्योति मसीयारे ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि एक पेड़ मां के नाम से लगाए. साथ ही उसकी देखभाल में भी प्रमुखता से सहभागिता निभाएं. ताकि, वह पेड़ पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके।

## समाचार संक्षेप

### रजिया स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव, किया गया पौधारोपण



**तिल्दा-नेवरा, 5 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समीपस्थ ग्राम रजिया में प्राथमिक शाला तथा मिडिल स्कूल में शाला प्रवेषउत्सव मनाया गया तथा जनप्रतिनिधियों एवम शिक्षकों ने वृक्षारोपण किया। जिसमें अतिथियों में मुख्य रूप से सरपंच नोहर वर्मा, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष विजय ठाकुर, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष दीपक वर्मा, पूर्व सरपंच जागेश्वर वर्मा, पूर्व उपसरपंच योगेश्वर वर्मा , पुनीत वर्मा , शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विजय वर्मा, पंचगण, ग्रामवासी सामिल हुए विजय ठाकुर जी ने नेवता भोज का अयोजन किया जिसमें बच्चों को मिठाई फ्लः इत्यादि बांट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा कहा कि स्कूल को जब किसी प्रकार की मदद की जरुरत होगी वह हमेशा ही सर्वप्रथम रहेंगे। दीपक वर्मा ने उद्बोधन में कहा बच्चों का भविष्य स्कूल से ही निर्धारित होता है बच्चे पानी की तरह होते है उन्हें बचपन से किसी भी पतीले में डालो वह उस पतीले के आकार में ढल जाते है स्कूल से ही बच्चों को जीवन जीने का राह मिलता है जो कि गुरु उन्हें देते है। बच्चों को बड़ो तथा गुरूओ का आदर करना सर्वप्रथम सिखना चाहिए गुरु वह सीधी है जो खुद वही रहकर विद्यार्थियों को मंजिल तक पहुचाते है। । शिक्षकों में मध्यक्मिक शाला के प्रधानपाठक योगेश वर्मा, आर के देवांगन, वेदप्रकाश वर्मा, मति ज्योति केशरवानी, केसव वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### तिल्दा नेवरा रायपुर-बलौदाबाजार-सारंगढ राष्ट्रीय राजमार्ग 130बी का फोर लेन में होगा उन्नयन

**बलौदाबाजार, 5 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ाजस्व मंत्री टंक राम वर्मा की पहल पर रायपुर-बलौदाबाजार- सारंगढ जिला में परिवहन पहले से सुगम होगी। राष्ट्रीय राज मार्ग 130क्ष मे विभिन्न भारी उद्योगों की स्थापना की गई है। इसमें बलौदाबाजार में छत्तीसगढ़ का सबसे अधिक सीमेन्ट उद्योग स्थापित किया गया है।इन उद्योगों की स्थापना से टू लेन सड़क पर भारी परिवहन का दबाव बना रहता है तथा आये दिन दुर्घटना से जन हानि होती रही है। इन समस्याओं को देखते हुए आमजनों के सुविधा अनुरूप वर्मा द्वारा पूर्व में केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से रायपुर-बलौदाबाजार-सारंगढ़ एन एच.130क्ष टू लेन को फोर लेन में उन्नयन हेतु प्रस्ताव रखा गाय था।



■ राजस्व मंत्री टंकराम की पहल पर केंद्रीय परिवहन मंत्री ने तीन चरणों मे 2 हज़ार 146 करोड़ रुपए की दी स्वीकृति

केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी द्वारा इस प्रस्ताव पर सहमति देते हुए तीन चरणों मे 2 हज़ार 146 करोड़ रुपए की स्वकृति दी गई है। प्रथम चरण में विधानसभा रायपुर से 53.1 किलोमीटर तक फोर लेन का कार्य किया जाएगा। इसी तरह दूसरे चरण में 53.1 किलोमीटर से 85.6किलोमीटर तक तथा तीसरे चरण में 85.6 से118.2 किलोमीटर तक फोर लेन सड़क का निर्माण किया जाएगा। फोर लेन सड़क निर्माण होने से इस मार्ग में परिवहन सुविधा सुगम हो जाएगी तथा आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं में कमी आएगी। मंत्री टंक राम ने फोर लेन सड़क निर्माण स्वीकृति पर केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्र की जनता को बधाई दी है।

## एक नजर

### दीपक और सागर पंजवानी मिले बिजली आफिस के जेई से



**तिल्दा-नेवरा, 5 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम सिर्वे के अटल ज्योति पंप लाइन बिजली तार तथा पोल जो कि जर्जर हो चुका जिससे लगभग 15 से 20 किसान लाभान्वित होते। पोल तथा तार पहली बार लगा था तब से एक भी बार बदला नही गया है बहुत पुराना होने के कारण तार जर्जर हो चुका है जिसके कारण बार बार तार टूट तथा है लाइन चालू होने की स्थिति में जान मान की हानि भी हो सकती है उसको देखते हुए दीपक वर्मा तथा सागर पंजवानी ने तार तथा पोल बदलने के लिए जे.ई अनिल वर्मा को बदलने के लिए आवेदन किया अनिल वर्मा ने अस्वासन दीया की 5 दिन के अंदर यह कार्य पूर्ण कर दिया जाएगा तथा भविष्य में किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नही करना पड़ेगा बिजली ऑफिस तुलसी के द्वारा सभी का पूर्ण सहयोग किया जाएगा। साथ ही बिजली आफिस परिसर तुलसी में जे.ई अनिल वर्मा, दीपक वर्मा उपाध्यक्ष युवा मोर्चा तिल्दा ग्रामीण, सागर पंजवानी उपाध्यक्ष युवा मोर्चा तिल्दा शहर, डब्बू वर्मा छतौद तथा बिजली आफिस स्टाफ की उपस्थिति में वृक्षारोपण किया गया।।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपये राशि की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 5 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिमगा तहसील अंतर्गत ग्राम कोलिहा निवासी नर्मदा बाई पति स्व. नाथुराम ध्रुव की नाला के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान भरत ध्रुव पिता स्व. नाथुराम ध्रुव को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

### पास्ट चैम्पियन एथलीट के लिए आवेदन अब 12 जुलाई तक

**बलौदाबाजार, 5 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार क़े खेलो इंडिया योजना अंतर्गत कसडोल में संचालित जिला फुटबाल प्रशिक्षण केंद्र हेतु पास्ट चौम्पियन एथलीट (महिला या पुरुष) एक पद की नियुक्ति हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है।अब 12 जुलाई 2024 को संध्या 5:30 बजे तक कार्यालय वरिष्ठ खेल अधिकारी जिला बलौदाबाजार- भाटापारा मे आवेदन जमा किया जा सकता है। पास्ट चैम्पियन एथलीट नियुक्ति क़े लिए निर्धारित योयता मे पहली प्राथमिकता सम्बंधित खेल क़े मान्यता प्राप्त एनएसएफया एसोसिएशन क़े तहत मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे भारत का प्रतिनिधित्व किया हो। दूसरी प्राथमिकता मान्यता प्राप्त एनएसएफ द्वारा आयोजित सीनियर नेशनल पास्ट चैम्पियनशिप मे पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा या खेलो इंडिया गेम्स मे पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा हो।तीसरी प्राथमिकता राष्ट्रीय एआईयू पिछली चैम्पियनशिप मे पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा हो तथा चौथी प्राथमिकता मान्यता प्राप्त एनएसएफद्वारा आयोजित सीनियर नेशनल विगत चैम्पियनशिप मे राज्य का प्रतिनिधित्व या खेलो इंडिया गेम्स मे भागीदारी को दी जाएगी।

स्कूल जतन योजना से सहेजे जा रहे जिले के स्कूल भवन, किया जा रहा जीर्णोद्धार

# अब तक जिले के 372 स्कूल भवनों का किया जा चुका है कायाकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 5 जुलाई।** नए शिक्षण सत्र प्रारम्भ होने के साथ ही जिले के 553 स्कूलों को नए कलेवर और आकार मिल रहा है। इन स्कूलों में मरम्मत और जीर्णोद्धार तथा अतिरिक्त कक्ष निर्माण के पश्चात नए कलेवर और साज-सज्जा के साथ बच्चे उत्साह के साथ पढ़ने आयेंगे। स्कूल भवन छात्रों के शैक्षिक अनुभव को आकार देने और उनके समग्र विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके मद्देनजर जिले में स्कूल खुलने के पूर्व छात्र-छात्राओं को प्रभावी शिक्षण और सीखने के लिए आवश्यक अन्य संसाधनों से सुसज्जित स्थान प्रदान करने लोक शिक्षण मद से मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत स्कूल भवनों की मरम्मत एवं निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिले में लोक शिक्षण मद से स्कूलों के मरम्मत तथा अतिरिक्त कक्ष स्वीकृत कार्यों में से आज दिनांक तक 372 भवनों का मरम्मत और रंग-रोगन कर तथा अतिरिक्त कक्ष निर्माण आकर्षक बनाया गया है। तथा शेष 181 शालाओं में मरम्मत तथा अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य प्रगतिरत है. जिसे आने वाले 15 जुलाई तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी के साथ ही जिले के 553 स्कूलों को एक नई पहचान मिलेगी। मरम्मत के तहत सिमगा विकासखण्ड अंतर्गत हाईस्कूल शिकारी केसली, हायर सेकेण्डरी तुलसी को नवीन भवन मिल गया है। यहां के बच्चे स्कूल जाने उत्साहित है। खपरैल और जर्जर वाले स्कूल भवन अब पक्के और छत वाले आकर्षक स्कूल में तब्दील हो गया है। इसी तरह विकासखंड बलौदाबाजार के प्राथमिक शाला कंजी, भाटापारा के प्राथमिक शाला बंदरी चिचपोल, नवागांव, कोदवा में भी शाला भवन जर्जर स्थिति में था जिसे नया रूप दिया गया है।

गौरतलब है कि जिले में कुल शासकीय प्राथमिक शाला 888 मिडिल स्कूल 463 हाई स्कूल 70 और हायर सेकेण्डरी 134 शासकीय शालाएं संचालित है। जिसमें लगभग 2 लाख 4 हजार 359 विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। प्राथमिक शाला में 92 हजार 201 बच्चे मिडिल में 58 हजार 328 हाई स्कूल में 33 हजार 655 और हायर सेकेण्डरी में 20 हजार 175 बच्चे अध्ययनरत् है।

# कृषि विभाग किसानों को दे रहा है सामयिक सलाह

## अवकाश के दिनों में भी किया जा रहा है खाद-बीज का वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बालोद, 5 जुलाई।** कृषि विभाग द्वारा वर्षा ऋतु के आगमन को देखते हुए जिले के किसानों को सामयिक सलाह दी गई है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि खरीफवर्ष 2024 होने के साथ अधिकतर किसानों द्वारा ग्रीष्मकालीन खेत की जुताई की पूरा किया जा चुका है। जिसके साथ ही कुछ ही दिनों में खेत की तैयारी हेतु का कार्य प्रारंभ हो जायेगा। उन्होंने कहा कि जिले में कृषकों को समय पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अवकाश के दिनों में भी समितियों के माध्यम से उर्वरक तथा बीज का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने जिले के किसानों को मानसून के पूर्व खेतों की तैयारी हेतु आवश्यकतानुसार उर्वरकों का उठाव तत्काल पूरा करने को कहा है।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि जिन कृषकों को डीएपी उपलब्ध नहीं हो पाया है वे डीएपी के स्थान पर एन पी के 12:32:16, 20:20:0:13 एवं सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग विकल्प के रूप में कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि संचालनालय अनुसंधान सेवाएं इंदिरा गाधी कृषि महाविद्यालय रायपुर द्वारा डीएपी के विकल्प के रूप में सुझाव बताया गया है। जिसमें 16 प्रतिशत फास्फोरस के रूप में सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक का प्रयोग कर सकते हैं। इसी तरह एक बोरी डीएपी से मिलने वाले तत्वों की पूर्ति हेतु लगभग आधा बोरी यूरिया तथा तीन बोरी सिंगल सुपर फास्फेटक का प्रयोग कर सकते हैं। इसी तरह मिश्रित उर्वरक के रूप में इफ्को 12:32:16, ग्रोमोर 28:28:0 तथा अन्य फास्फोरस युक्त मिश्रित उर्वरक के रूप में उपयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही मृदा में उपस्थित स्फूर की उपलब्धता में वृद्धि करने हेतु स्फूर घुलनकारी जैव उर्वरकों जिसमें पी.एस.बी. का प्रयोग भी किया जा सकता है।

# नये न्यायिक अधिनियम पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार, 5 जुलाई।** शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलौदाबाजार में नए न्याय संहिता के प्रावधानों के विषय पर एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय क़े प्राचार्य डॉ.ए.आर.सी. जेम्स ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के विभिन्न प्रावधानों का वर्णन करते हुए बताया कि नये कानून आज के समय के अनुसार निर्मित किया गया है और भारत की वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार प्रावधानों को सम्मिलित किया गया है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.यू.के. मिश्र ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है और कानून में भी आज परिवर्तन कर महिलाओं एवं बच्चों की व्यापक सुरक्षा को सुनिश्चित करते हुए इसके लिए अलग से अध्याय का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम में आगे नरेन्द्र देव मिर्झा द्वारा सम्बोधन में कहा गया कि नये कानून का लागू किया जाना त्वरित न्याय प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगें लेकिन वर्तमान में इसे सुचारू रूप से संचालित करना एक चुनौती भी है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नबी खान ने नये कानून को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए उसके प्रावधानों के बारे में विस्तार पूर्वक वर्णन किया। मॉब लिंचिग, आतंकवाद, महिलाओं एवं बच्चों से सम्बंधित अपराधों, देशद्रोह, अपराध में सजा के रूप में सामाजिक सेवा, अप्राकृतिक यौन संबंध आदि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक अभिषेक बंजारे ने कहा कि नये कानून में तकनीकि उपकरणों एवं फोरेंसिक साइंस का उपयोग पर जोर दिया गया है जिससे त्वरित न्याय प्राप्त करने में तेजी से काम हो सके और न्यायलय में मामलें लंबित नः रहे इसके लिए कानून में समय का प्रावधान किया गया है। विधि विभाग के सहायक प्राध्यापक जयंत मिज ने अपने सम्बोधन में कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में नए कानून के प्रावधान शीघ्र न्याय प्रदान करने में सहायक होने के साथ-साथ भारतीय नागरिकों को न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास पैदा करने में महत्वपूर्ण है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गिधपुरी और दामाखेड़ा को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के लिए प्रमाण पत्र

**बलौदाबाजार, 5 जुलाई(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदाबाजार भाटापारा जिला स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में नित नए प्रगति के सोपान तय कर रहा है। इसी कड़ी में जिले के पलारी ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गिधपुरी और सिमगा के दामाखेड़ा को गुणवत्ता पूर्ण सुदृढ़ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर के अनुसार राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र (एन क्यू ए एस) उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने हेतु राष्ट्रीय स्तर से दिया जाता है। इसमें जिला, राज्य और राष्ट्रीय इन तीन स्तरों पर मूल्यांकन होता है। अंतिम मूल्यांकन हेतु अन्य प्रदेश से निरीक्षण टीम आती है। 70 प्रतिशत से अधिक के स्कोर पर ही स्वास्थ्य संस्था को यह प्रमाण पत्र मिलता है।मूल्यांकन में गिधपुरी को 81.29 तथा दामाखेड़ा को 88.77 प्रतिशत अंक मिले हैं। मूल्यांकन में आठ बिंदु मुख्य होते हैं-सुविधा उपलब्धता, मरीज के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विस, क्लीनिकल सर्विस, संक्रमण रोक, गुणवत्ता प्रबंधन और परिणाम। सीएमएचओ के अनुसार तैयारी हेतु सिमगा और पलारी के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पारस पटेल और डॉ बी एस ध्रुव को मार्गदर्शन की जिम्मेदारी दी गई थी। उनकी देखरेख में उक्त स्वास्थ्य केंद्रों के समस्त स्टाफ के सामूहिक प्रयास और मेहनत से यह उपलब्धि हासिल हो पाई है।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202407092200009**

विषय:- ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:-2023-2024

**बरनारा कला प.ह.न. 00027 [(हे.)]**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार- छगन साहू,**
**अनावेदक पक्षकार-**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक छगन साहू आ. कोईलाहा जाति तेली सा. बरनाराकला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के माता राधाबाई पति कोईलाहा का मृत्यु दिनांक 06.06.2022 को स्थान बरनाराकला में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 22.07.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/07/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**


सभी जिला प्रमुखों ने महाराज का सम्मान कर गौ माता का स्मृति चिन्ह भेंट किया

# छग गौसेवा आयोग के संरक्षक से मिलकर गदगद हुए गौमाता के सेवक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 5 जुलाई।** छत्तीसगढ़ पशुधन विभाग में कार्य करने वाले गौ सेवक प्रायवेट कृत्रिम गर्भाधान और मैत्री ने पाटेश्वर धाम के संचालक और छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के संरक्षक संत बाल योगेश्वर बालक दासजी महाराज से मुलाकात किया छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित गौ माता सेवक ने पाटेश्वर धाम में विभिन्न जिलों से आए जिला बालोद राजनंदगांव रायपुर मुंगेली धमतरी जांजगीर चांप रायगढ़ कोरबा और बेमेतरा के प्रमुख महाराज से मुलाकात किया आए हुए सभी जिलों के प्रमुख द्वारा सर्वप्रथम महाराज का सम्मान के रूप में गौ माता के स्मृति चिन्ह भेंट किया और पुष्प गुच्छा से सभी ने सम्मान किया गया। महाराज को बैठक में संयुक्त रूप से जानकरी देते हुए संघ के कोषाध्यक्ष प्रेमलाल दिनकर जिला मुंगेली के प्रमुख पुष्पकांत शर्मा ने बताया कि आज गौ माता की सेवा करने वाले को अभी तक न्याय नहीं मिला नहीं कोई सरकार हमें शुद्ध ले रहे हैं उनके पहले जो भी सरकार थी उन्हें भी अवगत कराने का हम प्रयास किया अब हम सभी थक गए हैं और आपकी शरण पर आए हैं महाराज ने सभी की बाते गंभीरता पूर्वक बात को सुना साथ में प्रमुख लोगों ने बताया कि आज कई वर्षों तक कार्य करते आ रहे हैं पर हम लोगो का किसी भी प्रकार का बीमा नही होना जो बड़ी ही चिंता की बात है आज विभाग का सभी प्रकार का कार्य करने के बाद भी हमें अनदेखी किया जाता है हमने सभी सरकारों को बताएं कि अब हम लोगों का एक निश्चित मासिक वेतनमान के साथ शासन में संविलिया हो और जो कार्य आधारित पैसा देते हैं उन्हें बंद किया जाए क्योंकि वह जो कार्य आधारित पैसा है वह मिलने में ही कई महीनो लग जाते हैं इस वजह से परिवार को पालन पोषण करने में समस्या आ रही है। 1999 से यह कार्य हो रहा है और इस कार्यकाल में कई सरकार आई पर किसी ने शोध नहीं लिया। हम लोगो ने कांग्रेस के कार्यकाल में एक माह तक कार्य बंद करके रायपुर के बूढ़ा तालाब में हड़ताल किए पर हड़ताल की जगह में विभाग के कोई मुखिया आए न ही सरकार के कोई प्रतिनिधि आया। जिला रायपुर के प्रमुख चंद्रशेखर सिंह राजपूत जिला रायगढ़ के प्रमुख युवराज चौधरी दोनो ने बताया कि आज विभाग का हर कार्य करते है जिनमें कृत्रिम गर्भाधान करना (भारतीय नस्ल को बढ़ावा) बधियाकरण टीकाकरण हर ग्राम पंचायत में पशु शिविर लगाना सहयोग करना टैगिंग कार्य करना यहां तक गोठानो में भी जाकर के पूरा सहयोग दिया जा रहा है अगर कहें तो आज प्राइवेट कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता कर्मचारी गौ सेवक और मैत्री यह विभाग के प्रमुख तीन अंग है जो शानदार कार्य कर रहे हैं आज कई हमारे साथी कार्य करते हुए भी मृत्यु हो गया है पर उन्हें विभाग की तरफ से 1 रुपए नहीं मिला नहीं एक कफ़न के लिए एक पैसा मिला अब हम बाबा के ही चरणों पर आए हैं और उसे ही न्याय की उम्मीद करते हैं रायपुर जिला रायपुर के प्रमुख चंद्रशेखर सिंह राजपूत ने बताया कि आज 25 वर्ष करीब हो गया कार्य करते आज हमारे साथियों को हमेशा निराशा ही मिला आज मेरे जैसे कई साथी विभाग से हम अलग हो गए हैं और प्राइवेट रोजी मजदूरी के लिए कार्य करना पड़ रहा है मैं चाहता हूं कि एक बार सच्चे गौ माता की सेवा करने वाले को न्याय मिले में शासन से यही अपेक्षा करता हूं। संत श्रीबालकदास महाराज ने कहा कि वास्तव में गोभक्त की बातो को सुना और बड़ी ही पीड़ा हुआ में अतिशीघ्र वर्तमान सरकार से बात करूंगा और जो मुझे मांगपत्र देकर जानकारी दिया उसे मुख्यमंत्री के पास रखूंगा और समाधान के लिए अंतिम प्रयास किया जायेगा। अंत में सभी जिला से आए गौमाता की सेवक ने महाराज का आभार व्यक्त किया।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**
**(Phone No. 07786-296071, Email id-eekon-phe-cg@gov.in)**
नि.सू.क्र. 02/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां./खण्ड/2024/कोण्डागांव, दिनांक01.07.2024

**-:: मैन्युअल पद्धति निविदा सूचना ::-**

छत्तीसगढ़ की राज्यपाल की ओर से जिला कोण्डागांव में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| समूह क्र. | कार्य का नाम | कार्य की कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 01 से 05 तक | कोण्डागांव जिले के विकासखण्ड कोण्डगांव माकड़ी, केशकाल, फरसगांव एवं बड़ेराजपुर में निक्षेप मद के तहत (जिला खनिज संस्थान न्यास योजनांतर्गत) ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था हेतु 150 मि.मि. व्यास के मय सामग्री सहित 90 मीटर गहरे 40 नग नलकूपों का खनन कार्य कर हैण्डपंप का अधीस्थापन कर प्लेट फार्म का निर्माण कार्य। | 54.40 | 25.07.2024 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी दिनांक 25.07.2024 तक कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**कोण्डागांव (छ.ग.)**

जी-242500807/5

## एक नजर

### अजय सहाय को जयपुर में मिला इंडियाज़ बेस्ट डॉक्टर अवॉर्ड

**रायपुर 5 जुलाई।** शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सा विशेषज्ञ और अंचल में गरीबों के डॉक्टर के नाम से विख्यात प्रो डॉ अजय सहाय को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर जयपुर में आयोजित एक भव्य समारोह में इंडियाज बेस्ट डॉक्टर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।



हेल्पेज मीडिया द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश भर से पधारे सैकड़ों चिकित्सकों के बीच इस बात की जानकारी दी गई कि डॉ अजय सहाय आज तक छत्तीसगढ के दूरस्थ ग्रामीण एवम आदिवासी बहुल क्षेत्रों और नक्सल प्रभावित इलाकों तथा कमजोर तबकों के लिए , सैकड़ों निःशुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन कर चुके हैं और उनके रायपुर स्थित हॉस्पिटल में आर्थिक रूप से अक्षम मरीजों के लिए इलाज की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध है।

### बुजुर्ग उठाईगिरी का शिकार

**रायपुर, 5 जुलाई ।** ई-रिक्शा में एक बुजुर्ग उठाईगिरी का शिकार हो गया। अज्ञात दो महिलाओं ने बुजुर्ग के बैग में रखे नकदी ढाई लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हुमन लाल वर्मा 62 वर्ष पठारीडीह पलारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी ई-रिक्सा में बैठकर कहीं जा रहा था, तभी रिक्सा में सवार अज्ञात दो महिलाओं ने बुजुर्ग के बैग से नकदी रकम 2 लाख 50 हजार रुपए पार कर दिया। जब प्रार्थी को पता चला तो उसने इसकी शिकायत कोतवाली थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान का ताला टूटा नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर, 5 जुलाई ।** अयोध्या नगर चंगोराभाठा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रामेश्वरी चंद्राकर 55 वर्ष अयोध्यानगर चंगोराभाठा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि 20 से 21 जून के मध्य अज्ञात चोर ने प्रार्थिया के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### गोदाम से हजारों के सामान गायब

**रायपुर, 5 जुलाई ।** पैकरा इस्पात के सामने नेवरा स्थित गोदाम में प्रवेश कर अज्ञात चोर ने टूल्लू पंप, ग्लाइंडर मशीन व अन्य सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी केअनुसार प्रार्थी सुधांसू शर्मा 31 वर्ष शिक्षक कालोनी तिल्दा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि पैकरा इस्पात के सामतने उसका गोदाम है। जिसमें अज्ञात चोर ने प्रवेश कर गोदाम में रखे टूल्लू पंप, ग्लाइंडर मशीन व अन्य सामान पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक का चक्का पार

**रायपुर, 5 जुलाई ।** गुरुघासीदास प्लाजा के पास खड़ी बाइक से अज्ञात चोर ने चक्का पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पिंटू रजक 25 वर्ष गुरूघासीदास प्लाजा के पास रहता है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी होण्डा बाइक को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने बाइक का चक्का पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 2 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफअपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध रूप से बेच रहा था शराब, पुलिस ने दबोचा

**रायपुर, 5 जुलाई ।** मुखबिर सूचना मिला की घटनास्थल के पास एक व्यक्ति अपने पास अवैध रूप से शराब रखकर बेच रहा है कि मुखबिर सूचना तस्दीक हेतु मौके पर जाकर संदेही को घेराबंदी कर पकड़ कर पूछताछ करने पर अपना नाम रामखिलावन निषाद पिता दीनदयाल निषाद 36 वर्ष पता सूरज नगर लाभांडी थाना तेलीबांधा रायपुर का रहने वाला बताया जो अपने पास एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में 15 पौवा अंग्रेजी शराब जम्मू डीलक्स व्हिस्की एवं बिक्री रकम 240 रुपया मिला मौके पर गवाहों के समक्ष मुताबिक जपती पत्रक के जप्त कर सील बंद कर जप्त किया गया आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(1) ब आबकारी एक्ट का पाया जाने से अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी-रामखिलावन निषाद पिता दीनदयाल निषाद उम्र 36 वर्ष पता सूरज नगर लाभांडी थाना तेलीबांधा रायपुर।

# खण्ड वर्षा होने से किसान चिंतित

## खाड़ी में सिस्टम बनने से 7 व 8 जुलाई को अच्छी वर्षा का अनुमान

- मध्य क्षेत्र में कृषि कार्य हो रहा प्रभावित

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 5 जुलाई।** राज्य में खण्ड वर्षा होने से किसान चिंतित है। झारखण्ड के ऊपर चक्रीय चक्रवात बनने से सरगुजा संभाग के अंतर्गत आने वाले सूरजपुर, बलरामपुर, जशपुर, कोरिया में अच्छी वर्षा हो रही है। महासमुंद तथा बलौदाबाजार में भी इसका आंशिक प्रभाव है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि बंगाल की खाड़ी में एक सिस्टम बनने से 7 व 8 जुलाई को अच्छी वर्षा होगी।

मौसम व राजस्व विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इस समय प्रदेश के मध्य क्षेत्र कहे जाने वाले रायपुर, बिलासपुर तथा दुर्ग संभाग में अच्छी वर्षा नहीं होने के कारण किसान चिंतित हैं। पूरे प्रदेश में 120 तहसीलें हैं। इनमें से आधी तहसीलों में वर्षा नहीं होने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। राजस्व विभाग अच्छी वर्षा के इंतजार में है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. चंद्रा के अनुसार झारखंड के ऊपर एक सिस्टम बनने के कारण झारखंड की सीमा से लगे अंबिकापुर, रायगढ़, जशपुर, कोरिया, महासमुंद जिले में अच्छी वर्षा हुई है। बलौदाबाजार जिले के पलारी में भी अच्छी वर्षा हुई है जबकि भाटापारा और तिल्दा तहसील में किसान बोवाई के बाद चिंतित हैं। यहां थरहा लगाने के बाद किसान अच्छी वर्षा का इंतजार कर रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि दक्षिण बस्तर में अच्छी बारिश हो चुकी है। सिर्फ मध्य क्षेत्र में ही पर्याप्त वर्षा नहीं हो पा रही है। खाड़ी में एक सिस्टम बन गया है जिसके चलते 7 व 8 जुलाई को अच्छी वर्षा होने का अनुमान है। आषाढ़ महीना में वर्षा के लिए भी कई धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। शीतला माता को प्रसन्न करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं।

कृषि विभाग के अनुसार राज्य में धान की फसल के लिए अच्छी वर्षा होना अनिवार्य है। सहकारी समितियों के माध्यम से प्रमाणिक बीज का वितरण किया जा रहा है। किसानों ने अभी तक 2.25 लाख क्विंटल से अधिक बीज का उठाव कर लिया है। खाद का भी पर्याप्त भण्डारण किया गया है। इस वर्ष किसानों को कृषि लोन के रूप में 50 हजार करोड़ से अधिक की राशि वितरित की गई है। किसानों को सलाह दी गई है कि सिंचित क्षेत्र में थरहा के लिए बीज डालने का काम शुरू करें। कई स्थानों पर यह काम शुरू हो गया है। अच्छी बारिश होने के बाद रोपाई का काम शुरू होगा। बाजार में खाद-बीज एवं कृषि उपकरणों की जबरदस्त मांग है। कृषि विभाग के अधिकारी किसानों को विभिन्न प्रकार की सलाह दे रहे हैं।

# एनएसयूआई में बिना सूचना के प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने पर रोक



**रायपुर 5 जुलाई।** एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने प्रदेश के सभी छात्र नेताओं को सख्त फरमान जारी किया है. उन्होंने संगठन को बिना सूचना दिए किसी भी तरह के प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने पर रोक लगाई है. इस संबंध में एनएसयूआई अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को पत्र जारी किया है. अब एनएसयूआई पदाधिकारियों को किसी भी प्रदर्शन या ज्ञापन सौंपने से पहले संगठन को अवगत कराकर अनुमति लेनी पड़ेगी. एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय ने सभी पदाधिकारियों लेटर जारी कर कहा है कि किसी भी शासकीय और निजी संस्थाओं में धरना प्रदर्शन और ज्ञापन देने के पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री और अपने जिला अध्यक्ष को कार्यक्रम से अवगत करायें और अनुमति प्राप्त करें. इसके साथ ही बिना पूर्व सूचना के कोई भी कार्यक्रम आयोजित करने पर संगठनात्मक कार्रवाई की बात कही है।

# ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने चेंबर का निवेदन

**रायपुर 5 जुलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेंबर द्वारा पत्र प्रेषित कर चीफ कमिश्नर, सेंट्रल जीएसटी (भोपाल) श्री सी. पी. गोयल जी को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने पत्र प्रेषित किया गया। चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी जी ने बताया कि ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने चेंबर ने पत्र के माध्यम से चीफ कमिश्नर, सेंट्रल जीएसटी (भोपाल) श्री सी. पी. गोयल जी को ई-वे बिल की संख्या एवं अनुपालन से संबंधित बढ़ती जटिलताओं की जानकारी दी। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी ने आगे बताया कि इस संबंध में राज्य जीएसटी आयुक्त एवं सेन्ट्रल जीएसटी आयुक्त को भी अधिसूचना पर पुनः विचार करने हेतु पत्र प्रेषित किया जा चुका है। वर्तमान में प्राप्त छूट हटने के कारण प्रतिदिन ई-वे बिल की संख्या में वृद्धि हो रही है। जिसके कारण जीएसटी विभाग पर अतिरिक्त कार्यभार बढ़ेगा साथ ही साथ इज ऑफ डूइंग बिजनेस के उदेश्य को क्षति भी हो रही है। साथ ही छोटे व्यापारियों को विभिन्न प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# राजेश मूणत जनता को गुमराह कर रहे: विकास

**रायपुर 5 जुलाई।** पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि पूर्व मंत्री एवं विधायक राजेश मूणत ने आज पश्चिम विधानसभा के पार्षदों व नगर निगम के आला अधिकारियों की मीटिंग बुलाई जिस पर पश्चिम विधानसभा के विकास कार्यों की रायशुमारी की। विकास उपाध्याय ने सीधे मंत्री के ऊपर आरोप लगाते हुये कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा जितने भी विकास कार्य हुये हैं या फिर प्रगति पर हैं उन सभी कार्यों को अपनी हठधर्मिता के कारण आज लगभग 07 महिने हो चुके हैं उसके बाद भी प्रारंभ नहीं होने दे रहे हैं और दिखावा के लिये जनता को गुमराह करने के लिए एवं मीडिया में बनने के लिए बैठक आहूत की है।

विकास उपाध्याय ने कहा कि पूर्व में लगभग 20 करोड़ के रोड, सड़क बनने थे वह अब तक नहीं बन पाये, रविशंकर विश्वविद्याल के बाजू से सीधे डूमरतालाब के लिये बनने वाले सड़क के काम को भी रूकवा दिया गया और अब बारीश आ गई है तो यह 04 महिने और काम नहीं होने हैं। मोहबा बाजार, डूमर तालाब में फूट ओव्हर ब्रिज बनना था जिसका भूमि पूजन भी हो चुका है उस कार्य को प्रारंभ नहीं करने दिया जा रहा है, अनुपम गार्डन के पास स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद राजीव पाण्डेय जी का स्मारक बनना था, जबकि इसका आधे से ज्यादा काम हो चुका है उसे होने नहीं दिया जा रहा है। टाटीबंध हीरापुर में यदुवंशी चौक का निर्माण होना है उसे भी बनने नहीं दिया जा रहा है, जरवाय-हीरापुर में सतनाम समाज का प्रतीक चिन्ह जैत खम्भ के निर्माण को भी रूकवा दिया गया है, डंगनिया शीतला मंदिर के स्वागत द्वार का काम भी अधूरा है, कबीर चौक का निर्माण होना है उसे भी पूर्ण नहीं होने दिया जा रहा है, शासकीय स्कूलों में जो स्वीकृत कार्य होने हैं उसे भी होने नहीं दिया जा रहा है जबकि शिक्षा आज के समय में जरूरी है और जहाँ शिक्षा ग्रहण किया जाता है उसे मंदिर का दर्जा दिया गया है, विभिन्न वार्डों के पाईपलाईन के कार्यों को भी रूकवा दिया गया है, जबकि गली-गली में कई ऐसे जगह हैं जहाँ पाईपलाईन का काम होना अत्यंत आवश्यक है। विकास उपाध्याय ने कहा कि पश्चिम विधानसभा के सभी वार्डों में पूर्व की सरकार द्वारा स्वीकृत कार्यों को जिनका निर्माण या तो अधूरा है या अंतिम वर्ष आचार संहिता के प्रारंभ होने के कारण नहीं हो पाया था उसे प्रारंभ नहीं करने दिया जा रहा है और जो काम हो चुके हैं उन सब में अपने नाम का पत्थर लगाकर श्रेय लेने का काम जरूर कर रहे हैं।

## समान जनसंख्या के आधार पर वार्डों का परिसीमन शुरू

**रायपुर, 5 जुलाई(मुख्य नगर संवाददाता)।** नगरीय निकाय क्षेत्रों में परिसीमन के शासकीय निर्देश का पालन शुरू हो गया है। नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अंतर्गत आने वाले वार्डों में जनसंख्या की समानता के आधार पर वार्डों का परिसीमन किया जाना है। नगरीय निकाय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जिले में दो नगर निगम आते हैं रायपुर और बिरगांव। यहां वार्डों के परिसीमन को लेकर सियासत तेज हो गई है इसलिए कलेक्टर ने नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिया है। वार्डों में जनसंख्या की असमानता है। कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड में 20 हजार से अधिक मतदाता हैं जबकि आधे से अधिक वार्डों में 12 हजार मतदाता हैं। इसको लेकर विवाद हो गया है। सत्तारूढ़ दल के लोग अपने-अपने प्रभाव वाले वार्डों में सक्रिय हैं। जातिगत आधार पर वार्डों के कई हिस्सों को दूसरे वार्डों में स्थानांतरित किए जाने की चर्चा है। पूरे प्रदेश में 13 नगर निगम हैं। भिलाई-दुर्ग में भिलाई, चरोदा तथा रिसाली नगर निगम है। यहां पर आयुक्तों को वार्डों के परिसीमन का अधिकार दिया गया है। वर्तमान में नगर निवेश अधिकारी और राजस्व निरीक्षक मिलकर यह काम कर रहे हैं। नगर पालिका में मुख्य नगर पालिका अधिकारी और राजस्व निरीक्षक परिसीमन के काम को अंजाम दे रहे हैं। कुम्हारी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्राकर के अनुसार यहां पर 16 वार्ड हैं। परिसीमन में एक वार्ड में 1600 मतदाता होंगे। 8 जुलाई तक इसे पूरा करना होगा। इसलिए यह काम तेजी से हो रहा है। रायपुर नगर निगम में मैडम खटीक यह काम देख रहीं हैं। नगरीय निकाय चुनाव इस वर्ष के अंत तक हो जाएंगे। परिसीमन का अंतिम अधिकार शासन को दिया गया है। कांग्रेस के महापौर ने राज्य निर्वाचन आयुक्त को ज्ञापन सौंपकर परिसीमन में पारदर्शिता तथा बैलेट पेपर से मतदान कराने की मांग की है। इस पर भाजपा नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। रायपुर में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस और भाजपा के प्रभावशाली नेता सक्रिय हो गए हैं। विभिन्न मुद्दों को लेकर अब सड़क पर भी उतर आए हैं। शारदा चौक से लेकर तात्यापारा चौक तक सड़क चौड़ीकरण, पेयजल आपूर्ति तथा सफाई को लेकर आए दिन प्रदर्शन कर रहे हैं।

**नगर निगम रायपुर में सियासी तकरार शुरू**

# ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत कटौती से किसान परेशान

- औद्योगिक प्रदूषण से धरसींवा क्षेत्र के अनेक गांव प्रभावित
- कृषि समिति ने खाद-बीज की कमी पर जताई चिंता

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 5 जुलाई।** ग्रामीण अंचलों में विद्युत कटौती से किसान परेशान हैं। आज जिला पंचायत के कृषि समिति की बैठक में सदस्यों ने सहकारी समितियों में खाद-बीज की कमी होने का मामला उठाया।

जिला पंचायत के सदस्य राजू शर्मा ने बताया कि आज कृषि समिति की बैठक में कृषि, सिंचाई, खाद-बीज तथा सहकारिता के अधिकारियों ने भाग लिया। सदस्यों ने खाद-बीज और बिजली कटौती का मामला प्रमुखता से उठाया। धरसींवा क्षेत्र के अंतर्गत उद्योगों के कारण प्रदूषण से खेती प्रभावित हो रही है। गांवों में लोगों का जीना मुहाल हो गया है। सहकारी समितियों से किसान खाद-बीज ले रहे हैं। बाजार में नकली खाद और बीज भी बिक रहे हैं जिसकी शिकायत कृषि विभाग के अधिकारियों से की गई है। समिति के सदस्य दुर्गा रॉय एवं माखन कुर्रे इस बैठक में शामिल हुए। अध्यक्ष के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में एक बार बिजली जाती है तो फिर दो दिन तक नहीं आती है। अटल ज्योति योजना का भी बुरा हाल है। मानसून पूर्व विद्युत उपकरणों को सुधारा नहीं गया है। बिजली विभाग के अधिकारियों से इस समस्या का निराकरण करने की मांग सदस्यों ने की है। रायपुर जिले में कृषि विभाग द्वारा पर्याप्त मात्रा में धान और बीज उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। संचालक कश्यप के अनुसार पर्याप्त मात्रा में इसका उठाव कर लिया गया है।

**शालेय शिक्षकों की कमी का मुद्दा गूंजेगा :** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 11 जुलाई को होने वाली है। अध्यक्ष के अनुसार इस बैठक में औद्योगिक प्रदूषण के अलावा विभिन्न शालाओं में शिक्षकों की कमी के मामले पर भी चर्चा होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में स्वामी आत्मानंद स्कूल खोल दिए गए हैं। वहां पर नियमित प्राध्यापकों एवं प्राचार्यों की कमी है। इसके कारण शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रहा है। आरंग अनुविभाग में भी यही स्थिति है। शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण नहीं किया गया है जिसके कारण काफी परेशानियां हो रही है। चुनाव आचार संहिता के कारण जिला पंचायत की बैठक लंबे अरसे बाद हो रही है। बैठक में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा जो कि जिला पंचायत के उपाध्यक्ष हैं, नवनिर्वाचित विधायक अनुज शर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। बैठक में प्रधानमंत्री आवास मनरेगा एवं ग्रामीण क्षेत्रों में घटिया सड़कों के बारे में चर्चा होगी।

# संतोष सुवर्णा ने जीता ब्रेसलेट

**रायपुर 5 जुलाई।** पोकर को खेल प्रेमियों द्वारा खूब पसंद किया जा रहा है। बीते कुछ समय में, पोकर के खिलाड़ियों की संख्या में भारी उछाल देखने को मिला है। वर्ल्ड सीरीज़ ऑफ पोकर (डब्ल्यूएसओपी) में पोकर के खेल प्रेमी बड़े चाव से हिस्सा लेते हैं और अपने हुनर का प्रदर्शन करते हैं। इसकी मिसाल पेश करते हुए, बेंगलुरु के संतोष सुवर्णा ने अपना दूसरा ब्रेसलेट और म55 डब्ल्यूएसओपी2024 इवेंट में 45 करोड़ रुपए से ज्यादा की इनामी राशि जीतकर नया कीर्तिमान हासिल किया है। सुपर हाई रोलर इवेंट में संतोष की जीत ने उन्हें दुनिया की ऑल-टाइम मनी लिस्ट में टॉप 100 के बीच पहुँचा दिया है। बाज़ी गेम्स के संस्थापक एवं सीईओ नवकिरण सिंह ने कहा, मेरा मानना है कि भारतीय पोकर अपने सुनहरे दौर में जा रहा है और संतोष की जीत ने इस यकीन को पक्का कर दिया है।

### दिल्ली-मुंबई हवाई टिकट सस्ता

**रायपुर, 5 जुलाई ।** ट्रैवल्स संचालक कीर्ति व्यास ने बताया कि इन दिनों रायपुर से दिल्ली का हवाई किराया 7000 से 8000 रुपये तक उपलब्ध है। वहीं रायपुर से मुंबई का हवाई किराया भी 6500 से 7000 रुपये में उपलब्ध है। इसके साथ ही रायपुर से बैंगलुरू 8000 रुपये, रायपुर से हैदराबाद 7500 रुपये, रायपुर से कोलकाता 6500 रुपये तक उपलब्ध हो रहा है। उन्होंने बताया कि बारिश के मौसम में हवाई यात्राएं कम हो जाती है, तो विमानन कंपनियों पर भी इसका असर पड़ता है और वे हवाई किराया कम करती है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य भारतीय मूल्यों से अवगत कराना है: कल्पना

**रायपुर 5 जुलाई।** उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मास्टर ट्रेनर डॉ. कल्पना मिश्रा (गवर्नमेंट डिग्री गर्ल्स कॉलेज रायपुर) ने उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति की पूरी प्रक्रिया से अवगत करा शैक्षणिक व अशैक्षणिक सदस्यों को प्रशिक्षण दिया। विप्र कला ,वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय मे छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सुगम क्रियान्वयन और संवेदीकरण विषय पर कार्यशाला श्रृंखला का प्राध्यापकों के प्रशिक्षण के साथ समापन हुआ। उच्च शिक्षा विभाग के मास्टर ट्रेनर डॉ कल्पना मिश्रा ने प्रशिक्षण देते हुए मूल्यांकन पद्धति और क्रेडिट सिस्टम से अवगत कराया। अपने मूल विषय के साथ अपने रुचि के अनुसार वैकल्पिक विषय चयन पद्धति का उद्देश्य बताते हुए डॉ कल्पना मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थी अपने रुचि के अनुसार अपने मूल विषय के अतिरिक्त एक विषय चयन कर उसकी पढ़ाई कर सकता है जो उसके कैरियर निर्माण में सहायक होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मूल उद्देश्य कौशल विकास के साथ भारतीय मूल्यों से अवगत कराते हुए सही अर्थ में अपने विद्यार्थियों को शिक्षित करना है ।इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सफलता प्राध्यापकों का सही प्रशिक्षण पर निर्भर करता है। क्योंकि विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन देने का कार्य अध्यापक ही करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. आराधना शुक्ला ने किया। कार्यक्रम का संचालन निधि श्री शुक्ला ने किया। इस अवसर पर विप्र महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# शराब घोटाला भाजपा की साजिश: कांग्रेस

**रायपुर 5 जुलाई ।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ का कथाकथित शराब घोटाला जिसका जिक्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में किया है, वह तो उनकी सरकार की साजिश थी। भाजपा और ईडी ने मिलकर इस तथाकथित घोटाले की पटकथा लिखा था। इस शराब घोटाला को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। राजनैतिक विद्वेष वश भाजपा की सरकार बनने के बाद ईडी और ईओडब्लू ने मिलकर फिर से एफआईआर दर्ज किया है। प्रधानमंत्री को वास्तव में शराब घोटाला की चिंता है, रमन राज में 4600 करोड़ का शराब घोटाला छत्तीसगढ़ में हुआ था। वर्तमान में जो भाजपा सरकार है वो भी लगातार शराब घोटाला कर रही है। शराब की खरीदी से बिक्री तक में घोटाले हो रहे है। प्रधानमंत्री में साहस है तो इसकी जांच करा ले, पता लग जायेगा कितना घोटाला हो रहा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि शराब घोटाला तो भाजपा की सरकार कर रही है। जैसा आबकारी नियमों में बदलाव दिल्ली में आप सरकार ने किया था जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री जेल में है वैसा ही नियमों में परिवर्तन छत्तीसगढ़ सरकार ने भी किया है। यह सीधे-सीधे शराब कंपनियों से मिलने वाले डिस्काउंट की मोटी रकम में घोटाले का खेल है। एफएल-10 का लाइसेंस निरस्त कर सरकार द्वारा सीधे उत्पादक कंपनियों से शराब इसलिये खरीदने का फैसला लिया गया है ताकि कंपनियों से मोटा कमीशन वसूला जाय। दो माह पहले ही सरकार ने 12 कंपनियों को एफएल-10 का लाइसेंस दिया तथा उनके साथ एक वर्ष तक सप्लाई का एग्रीमेंट किया गया उनसे बांड भी भरवाया गया इसके बाद 10 कंपनियों को एफएल-बी का लाइसेंस दिया गया उनसे भी एग्रीमेंट किया गया फिर अचानक सरकार ने इन कंपनियों से किये एग्रीमेंट को रद्द क्यों किया गया? इसका जवाब सरकार को देना चाहिये।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि शराब घोटाला करना भाजपा की पुरानी फितरत है। पूर्ववर्ती रमन सरकार के समय भी बड़े पैमाने पर शराब घोटाला हुआ था। प्रदेश के आबकारी विभाग में वर्ष 2012 से 2017 के बीच शासन के उच्चस्तरीय संरक्षण में प्रदेश में मौजूद शराब उत्पादकों को फायदा पहुंचाने एवं करोड़ों के कमीशनखोरी किये जाने के उद्देश्य से बिना मापदण्डों का पालन किये उनके उत्पाद को ढ्रस्स्नरु (इंडियन मेड फॉरेन लिकर) की केटेगरी में शामिल करते हुऐ शराब बिक्री में ठेकेदारों को अधिक मुनाफा दिया जाकर इन अवैधानिक तरीके से ढ्रस्स्नरु श्रेणी की केटेगरी में रखी गयी शराब को प्रदेश में ऊंची दरों पर बेचने का कार्य करते हुए कई सौ करोड़ रूपयों की कमीशनखोरी कर भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया था।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26